भोपाल
शनिवार, 19 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष-06
वर्ष : 12, अंक : 18
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 39
न्यून. 27


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## 1100 रु.देना होगा शुल्क...
## मां शारदा मंदिर में भी होंगे वीआईपी दर्शन



**मैहर।** मां शारदा मंदिर में भी वीआईपी दर्शन व्यवस्था जल्द लागू की जाएगी। इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को आसानी और शीघ्रता से मां शारदा के दर्शन मिल सकेंगे। वीआईपी व्यवस्था शुरू होने से वे लोग, जो समय के अभाव में दर्शन नहीं कर पाते, 1100 रुपए शुल्क देकर शीघ्र दर्शन कर सकेंगे। इस राशि में मंदिर समिति द्वारा शेष पेज 6 पर

### भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम

# यूनेस्को के मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में भगवद् गीता नाट्यशास्त्र शामिल, पीएम मोदी ने बताया गर्व का क्षण

एजेंसी नई दिल्ली



यूनेस्को ने भगवद गीता और भरत मुनि के नाट्यशास्त्र को मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर में शामिल किया है। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत के लिए गर्व का क्षण बताया है। उन्होंने कहा कि यह हमारी प्राचीन ज्ञान और संस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान है। यूनेस्को का मेमोरी ऑफ वर्ल्ड रजिस्टर दुनिया की महत्वपूर्ण दस्तावेजी धरोहरों को बचाने और उन्हें हमेशा के लिए उपलब्ध कराने की एक कोशिश है। इस लिस्ट में शामिल होने से अतीत के इन धरोहर ग्रंथों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। पीएम मोदी ने खुशी जताते हुए एक्स पर लिखा कि भगवद गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल करना, 'हमारी कालातीत ज्ञान और समृद्ध संस्कृति की वैश्विक मान्यता' है। यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्मग्रंथों ने सदियों से सभ्यता और चेतना को पोषित करने का काम किया है।

### इस लिस्ट में शामिल होने से अतीत के इन धरोहर ग्रंथों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी



### 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड' रजिस्टर क्या है?

*यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो दुनिया की दस्तावेजी विरासत को बचाने और उसके संरक्षण के लिए बनाया गया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि यह विरासत हमेशा के लिए उपलब्ध रहे। इसे 1992 में शुरू किया गया था। इसका मकसद ऐतिहासिक लिखित धरोहरों को विस्मृति से बचाना और दुनिया भर में मूल्यवान अभिलेखीय होल्डिंग्स और पुस्तकालय संग्रहों को संरक्षित करना है। यूनेस्को की वेबसाइट पर बताया गया है, 'दुनिया की दस्तावेजी विरासत सभी की है, इसे पूरी तरह से संरक्षित और सभी के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। सांस्कृतिक मूल्यों और व्यवहारिकताओं को ध्यान में रखते हुए, यह बिना किसी बाधा के सभी के लिए हमेशा उपलब्ध होनी चाहिए।' इस* शेष पेज 6 पर

### गीता और नाट्यशास्त्र को क्यों चुना?

भगवद गीता के 18 अध्यायों में 700 श्लोक हैं। यह महाभारत काल का एक अनुपम हिंदू धर्मग्रंथ है। यह वैदिक, बौद्ध, जैन और चार्वाक जैसे प्राचीन भारतीय धार्मिक विचारों का मिश्रण है। यह कर्तव्य, ज्ञान और भक्ति के महत्त्व पर आधारित है। भगवद गीता को सदियों से पूरी दुनिया में पढ़ा गया है और कई भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है। यूं कह लें कि यूनेस्को ने अभूतपूर्व देरी से ही सही, एक बहुत ही उचित दिशा में पहल की है। दूसरी ओर, भरत मुनि का नाट्यशास्त्र प्रदर्शन कलाओं का वर्णन करने वाले संस्कृत काव्य छंदों का संग्रह है। इसमें नाट्य (नाटक), अभिनय, रस (सौंदर्य अनुभव), भाव (भावना), संगीत आदि को परिभाषित करने वाले नियमों का एक व्यापक दृष्टिकोण हैं। यह कलाओं पर एक प्राचीन विश्वकोश ग्रंथ शेष पेज 6 पर

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
74411 61485
Website : ssscn.ac.in

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
गुजरात - दिल्ली
दोपहर 3.30 बजे से
राजस्थान - लखनऊ
शाम 7.30 बजे से

### जलवायु परिवर्तन और समुदाय आधारित आजीविका पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

# सीएम बोले-बाघ, तेंदुए के बाद सांपों की गिनती भी होना चाहिए, केंद्रीय मंत्री ने किया समर्थन



विशेष प्रतिनिधि भोपाल

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वनों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने सांपों की गिनती और जंगलों में वृक्षों की तमाम वैरायटी पर जोर देते हुए कहा कि संपूर्ण जंगल तभी है जब उसमें सभी तरह के पेड़ लगे हों।

उसमें हर तरह के जीव जंतु और वन्य प्राणी हों, तो न केवल जंगल की खूबसूरती बढ़ती है बल्कि पर्यावरण का एक बेहतर संतुलन भी बनता है। राज्य में सांपों की संख्या भी हमें पता होना चाहिए इसलिए इसकी गिनती होना बेहद जरूरी है। तभी मंच पर मौजूद केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की बात का समर्थन करते हुए कहा कि सांपों गिनती होना चाहिए, क्योंकि पर्यावरण संतुलन में सांपों की भी अपनी भूमिका है। फिर डेटा होने से विश्लेषण करना भी आसान हो जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजातीय क्षेत्र में अपार वन संपदा उपलब्ध है। इसके प्रबंधन शेष पेज 6 पर

### प्रकृति के संरक्षण के लिए समुदाय आधारित योजनाओं की जरूरतः केंद्रीय मंत्री यादव

#### नदियों का प्रवाह बनाए रखने वनों का संरक्षण जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में वनों की स्थिति में सुधार और वन प्रबंधन में नवाचार के लिए के लिए वन विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यद्यपि कोई ग्लेशियर नहीं है, किन्तु प्राकृतिक रूप से वनों से निकलने वाली जल राशि से ही प्रदेश से निकलने वाली बड़ी नदियां आकार लेती हैं। इन नदियों के संरक्षण और उनके निर्मल अविरल प्रवाह को बनाए रखने के लिए मध्यप्रदेश के वनों का संरक्षण और संवर्धन महत्वपूर्ण है।



**वन क्षेत्र में विद्यमान जनजातीय समुदाय के आस्था स्थलों का होगा संरक्षण**

#### ग्लोबल साऊथ का नेतृत्व कर रहा भारत

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि विकास की इस धारा में वन और प्रकृति के संरक्षण को साथ लेकर चलना होगा। वन और यहां रहने वाले लोगों के विकास और संरक्षण के लिए समग्र चिंतन की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य हो रहे हैं। एक पेड़ मां के नाम हमारा बड़ा अभियान बन चुका है। प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए अलायंस की स्थापना की गई है। भारत आज दुनिया के विकासशील देशों में ग्लोबल साऊथ का नेतृत्व कर रहा है। हमें वोकल फॉर लोकल तो होना है, साथ में भारत को जनजातीय वर्ग और पर्यावरण के संरक्षण में वैश्विक नेतृत्वकर्ता भी बनना है।

#### वन-पर्यावरण के संरक्षण में उपयोगी होगी कार्यशाला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल जीवों के संरक्षण पर कार्य करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ने वन्य प्राणियों के संरक्षण में विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने प्रवासी पक्षियों पर केंद्रित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करने की आवश्यकता बताई। डॉ.यादव ने वन संरक्षण के साथ-साथ आजीविका को सरल और सुलभ बनाने के लिए आयोजित कार्यशाला शेष पेज 6 पर


#### सुरक्षित आजीविका की गारंटी मिलेगी

*जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में समुदाय आधारित वन पुनर्स्थापना, जलवायु अनुकूल आजीविका पर चर्चा आज की महती आवश्यकता है। इससे भविष्य में जनजातीय क्षेत्रों में सुरक्षित आजीविका की गारंटी मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश से आए विषय विशेषज्ञों के अनुभवों एवं विचारों से प्राप्त होने वाले निष्कर्ष जनजातीय क्षेत्रों के निवासियों के सुरक्षित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य, गुलशन बामरा ने बताया कि कार्यशाला में वन संरक्षण की वर्तमान कानूनी व्यवस्थाएं, उनकी सीमाएं और समाधान, जैव विविधता संशोधन अधिनियम-2023, सामुदायिक वन अधिकार, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और वन पुनर्स्थापन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा होगी।*

### अनुसूचित जाति आरक्षण में सब-कोटा लागू

# आरक्षण के अंदर एससी कोटा देने वाला तीसरा राज्य बना आंध्र प्रदेश

*14 अप्रैल को तीन ग्रुप बनाकर एससी आरक्षण का पुनर्वितरण किया था*




एजेंसी हैदराबाद

तेलंगाना और हरियाणा के बाद अब आंध्र प्रदेश ने भी अनुसूचित जातियों (एससी) कोटे में सब-कोटा लागू कर दिया है। राज्य सरकार ने गुरुवार को एक अध्यादेश जारी किया, जिसके तहत एससी समुदाय की 59 जातियों को तीन ग्रुप में बांटकर अलग-अलग आरक्षण दिया जाएगा।

यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद आया है जिसमें राज्यों को एससी-एसटी आरक्षण में आंतरिक वर्गीकरण की अनुमति दी गई थी। इस सब-कोटा की सिफारिश पिछले साल बनाए गए एक सदस्यीय आयोग ने शेष पेज 6 पर


#### तीन ग्रुप बनाए गए अलग-अलग प्रतिशत में मिलेगा आरक्षण

आंध्र प्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण के लिए अनुसूचित जातियों को तीन समूहों में बांटा है। ग्रुप-1 में चंदाला, पाकी, रेल्ली, डोम जैसी 12 जातियों को रखा गया है जिन्हें 1% आरक्षण मिलेगा। ग्रुप-2 में चमार, मादिगा, सिंधोला, मातंगी जैसी जातियों को रखा गया है, जिन्हें 6.5% आरक्षण मिलेगा। वहीं ग्रुप-3 में माला, अदि आंध्र और पंचमा जैसी जातियों को शामिल किया गया है, जिन्हें 7.5% आरक्षण का लाभ मिलेगा।

### मवेशी को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित

# नहर में कार गिरने से एयर होस्टेस की मौत, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज भोपाल



कोलार थाना क्षेत्र स्थित होली क्रॉस स्कूल के पास गुरुवार रात करीब 9 बजे कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इस हादसे में कार सवार एयर होस्टेस की मौत हो गई, जबकि कार चला रहे युवक समेत तीन युवक घायल हुए हैं। हादसा मवेशी को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर सड़क से नहर में जा घुसी थी। एएसआई रूपेश नर्रे ने बताया कि हर्षिता शर्मा पिता प्रदीप शर्मा (22) बिजली नगर कॉलोनी, पिपलानी में रहती थी। वह एयर इंडिया में एयर होस्टेस थी। गुरुवार को वह बेंगलोर से भोपाल आई थी। रात में अपने दोस्त सुजल, जय सिंह और आयुष के साथ वह कार से घूमने ने शेष पेज 6 पर

### खबर संक्षेप

#### एक्टर सनी-रणदीप पर जालंधर में केस दर्ज



**जालंधर।** फिल्म अभिनेता सनी देओल और रणदीप हुड्डा पर पंजाब के जालंधर में केस दर्ज किया गया है। कुछ दिन पहले सिनेमाघरों में रिलीज हुई सनी देओल और रणदीप हुड्डा की फिल्म जाट के खिलाफ पंजाब में ईसाई समुदाय द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद जालंधर में एफआईआर दर्ज की गई है।

#### आंसर की जारी, आज जेईई मेन का रिजल्ट



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जेईई मेन सेशन-2 की फाइनल आंसर-की जारी कर दी है। फिजिक्स के दो प्रश्न ड्रॉप किए गए हैं। इनके बोनस अंक दिए जाएंगे। विद्यार्थी वेबसाइट पर जाकर आंसर-की चेक व डाउनोड कर सकते हैं। एनटीए ने कहा कि जेईई मेन 2025 सत्र-2 का परिणाम 19 अप्रैल तक जारी होगा।

#### थाने में दो पुलिसकर्मियों पर बोतल से हमला



**बैतूल।** जिला मुख्यालय के थाना कोतवाली परिसर में शुक्रवार शाम एक युवक ने दो पुलिसकर्मियों पर शराब की बोतल से हमला कर दिया। घटना शाम करीब 4.30 बजे की है। घटना में एसआई पंचम सिंह उइके और आरक्षक हर्षित डांगे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हैं

## 60 साल की उम्र में दिलीप घोष ने रिंकू मजूमदार से रचाई शादी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष 60 साल की उम्र में शादी के बंधन में बंध गए हैं। उनकी दुल्हन भाजपा की सहयोगी रिंकू मजूमदार बनीं। विवाह समारोह की तस्वीर भी सामने आई है। दोनों ने शुक्रवार को शाम के समय न्यू टाउन इलाके में एक निजी समारोह में शादी की। जानकारी के मुताबिक, शादी का प्रस्ताव दुल्हन पक्ष ने रखा था। वहीं, दिलीप घोष की मां ने भी उन्हें शादी करने की सलाह दी थी। शादी में दोनों पक्षों के नजदीकी रिश्तेदार मौजूद रहे। भाजपा नेता अब तक अविवाहित थे। कई तृणमूल नेताओं और भाजपा नेताओं ने नवदंपती को बधाई दी।



### झांसी-खजुराहो हाईवे पर दर्दनाक हादसा

## ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा पिता और दो बेटों की मौत

**छतरपुर।** झांसी खजुराहो नेशनल हाईवे पर शुक्रवार सुबह ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया। मौके पर ही पिता सहित दो बेटों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। घटना ओटापुरवा गांव के पास सुबह करीब आठ बजे की बताई जा रही है। हादसे में घायल दो लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद बमीठा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसे में मिजाजी लाल अहिरवार (45 साल), शिवम (2 साल), भावना (3 साल) की मौत हो गई है। वहीं बादल (6 साल), काजल (5 साल) घायल हो गए हैं। यह सभी शेष पेज 6 पर



### जबलपुर में अब 705 को ही मान्यता

## स्कूलों के आवेदन में मिली खामियां 38 निजी स्कूलों की मान्यता रद्द

**जबलपुर।** जिले में शिक्षा विभाग ने कड़ा कदम उठाते हुए नए शिक्षा सत्र 2025-26 में 38 निजी प्राथमिक स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है। इन स्कूलों के आवेदन में पाई गईं विभिन्न खामियों के चलते यह कार्रवाई की गई है। जिले में पहली से आठवीं तक के कुल 743 निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं। लेकिन इस बार केवल 705 स्कूलों को मान्यता प्रदान की गई है। 38 स्कूलों के आवेदन में जरूरी दस्तावेजों की कमी, बुनियादी सुविधाओं का अभाव और नियमों का पालन न करने जैसी कई कमियां पाई गईं। जिला शिक्षा अधिकारी ने मान्यता रद्द करने की कार्यवाही की पुष्टि की शेष पेज 6 पर




### हाईकोर्ट ने एक मामले में कहा था कि जमानत तभी दी जा सकती है जब दोषी अपनी आधी सजा काट चुका हो

### हाईकोर्ट को मौजूदा कानूनों के आधार पर फैसला करना चाहिए था

# मप्र हाईकोर्ट के जमानत इनकार पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी, कहा-आपने नया कानून बना दिया

एजेंसी नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के एक फैसले पर नाराजगी जताई है जिसमें हाईकोर्ट ने एक दोषी को जमानत देने से यह कहकर मना कर दिया कि जमानत तभी दी जा सकती है जब दोषी अपनी आधी सजा काट चुका हो। सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जस्टिस अभय एस. ओका और जस्टिस उज्जल भुयान शामिल थे, ने इस फैसले को 'नए कानून की खोज' बताते हुए कहा कि हाईकोर्ट का यह निर्णय कानून में कहीं नहीं लिखा है और यह पूरी तरह गलत है। दरअसल, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने एक ऐसे व्यक्ति की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसकी शेष पेज 6 पर

#### 'हाईकोर्ट ने कानून का सही इस्तेमाल नहीं किया'



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम हैरान हैं कि हाईकोर्ट ने कानून का ऐसा नया सिद्धांत बना दिया, जिसका कोई आधार नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि जब ऊपरी अदालतों में अपीलों की संख्या बहुत ज्यादा हो और जल्दी सुनवाई की कोई उम्मीद न हो, तो ऐसे मामलों में दोषियों को जमानत मिलनी चाहिए। पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को मौजूदा कानूनों के आधार पर फैसला करना चाहिए था। किसी को मजबूर नहीं किया जाना चाहिए कि वह सुप्रीम कोर्ट तक आए सिर्फ इसलिए कि निचली अदालत या हाईकोर्ट ने कानून का सही इस्तेमाल नहीं किया।

#### इधर, मप्र हाई कोर्ट की डीआईजी को फटकार लगाया 5 लाख का जुर्माना

*ग्वालियर। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने हत्या के एक मामले में कथित तौर पर तथ्य छिपाने के लिए भोपाल के डीआईजी मयंक अवस्थी को कड़ी फटकार लगाई। इतना ही नहीं उन पर पांच लाख रुपए का जुर्माना भी ठोंक दिया। जस्टिस जीएस अहलूवालिया ने कहा कि अवस्थी को देश के कानून की कोई परवाह नहीं है और वह अपनी मर्जी और इच्छा के मुताबिक एक पुलिस अधिकारी के तौर पर काम कर रहे हैं।*



**खबर संक्षेप**

## भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्योत्सव 4 मई को संजीव बने संयोजक

**भोपाल।** कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त जी का प्राकट्योत्सव वैशाख शुक्ल सप्तमी (गंगा सप्तमी) 4 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस आयोजन को लेकर मध्यप्रदेश युवा कायस्थ संगठन द्वारा विभिन्न कायस्थ संगठनों के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। संगठन के प्रवक्ता दीप श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से विशाल शोभायात्रा, भजन संध्या व भंडारे का आयोजन का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए संजीव श्रीवास्तव 'संजू' को संयोजक बनाया गया है। इस आयोजन में भजन गायक रवि खरे एवं कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। यात्रा में ऊंट, घोड़े, बग्गी, बैंड-बाजे, ढोल, डीजे के साथ भगवान चित्रगुप्त का रूप धरे बच्चों की झांकी आकर्षण का केंद्र होगी।

## चौरसिया समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन कल

**भोपाल।** मानस भवन में 20 अप्रैल को अखिल भारतीय सकल तंबोली एवं चौरसिया समाज श्री राम मंदिर समिति द्वारा निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान समिति द्वारा वर-वधु और अतिथियों को तुलसी के पौधे भेंट किए जाएंगे। कार्यक्रम के संयोजक कृष्णकांत चौरसिया ने बताया कि आयोजन में पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया जाएगा, पेड़ों को बचाने का संकल्प दिलाया जाएगा। इस अवसर पर निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में करीबन एक दर्जन से अधिक जोड़े सात फेरे लेंगे।

## नाबालिग बहन के साथ दुष्कर्म के आरोप से भाई दोषमुक्त

**भोपाल।** साढ़े 16 वर्षीय नाबालिग बहन के साथ नशे की हालत में और फिर मनुआभान की टेकरी स्थित पहाड़ी की गुफा में लेजाकर जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने के आरोप प्रमाणित न पाए जाने के कारण विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने आरोपी ममेरे भाई शुभम को दोषमुक्त कर दिया। आरोपी की ओर से प्रकरण में संदीप उमरे और पूजा पुष्पद अधिवक्ता ने पैरवी की थी। उन्होंने बताया कि फरियादिया ने घटना के लगभग दो वर्ष के बाद पहले 29 नवंबर 2018 को थाना मंगलवारा में अपने ममेरे भाई के खिलाफ मारपीट कर छेड़छाड़ का प्रकरण पंजीबद्ध कराया। इसके एक महीने बाद 31 दिसंबर 2018 को थाना कोतवाली में अपहरण कर जाने से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने का अपराध पंजीबद्ध करा दिया। उन्होंने बताया कि फरियादिया के बयान विश्वसनीय नहीं हैं। फरियादिया अपने ममेरे भाई के साथ शादी करना चाहती थी। दबाव बनाने के लिए उसने अपहरण कर जाने से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने का झूठा प्रकरण अपराध पंजीबद्ध करा दिया।

### गुड फ्राइडे पर छलकती आंखों से प्रभु यीशु को किया याद

# दु:ख भोग और क्रूस मरण को दर्शाने के लिए शहर के चर्चों में प्रतीकात्मक नाट्य का किया मंचन, प्रार्थना सभाएं भी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में गुड फ्राइडे के मौके पर शुक्रवार को भक्तों ने छलकी आंखों से प्रभु यीशु को याद किया। ईसाई समाज ने शुक्रवार को त्याग और बलिदान का प्रतीक पर्व गुड फ्राइडे मनाया। इस अवसर प्रभु यीशु से देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं।

आज ही के दिन प्रभु ईसा मसीह अपने भक्तों के लिए सूली पर चढ़े थे। मसीह ने विरोध और यातनाएं सहते हुए अपने प्राण त्याग दिए थे। उन्हीं की आराधना और वचनों को याद करने के लिए गुड फ्राइडे मनाया जाता है।





### कल मनाया जाएगा ईस्टर

रविवार को प्रभु यीशु के पुनर्जन्म को भगवान के पुनरुत्थान के रूप में मनाया जाएगा। कहा जाता है कि सूली पर चढ़ाए जाने के तीन दिन बाद प्रभु यीशु पुनः जीवित हो गए थे। इसके चलते इस दिन को ईस्टर-डे के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर शहर के तमाम गिरजाघरों में प्रार्थनाएं आयोजित की जाएंगी।

### राजधानी में कई जगहों पर निकली क्रूस यात्रा

कैथोलिक चर्चों में दोपहर 3 बजे से क्रूस यात्रा निकाली गई। तपती दोपहरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने खुले मैदान में क्रूस यात्रा में भाग लिया। कई चर्चों में युवाओं ने यीशु के दुःखभोग और क्रूस मरण को दर्शाने के लिए प्रतीकात्मक नाट्य मंचन किया। इस क्रूस रास्ते में 14 विश्राम स्थान होते हैं, जिन्हें ईसाई धर्मावलंबी प्रार्थना और दुख भोग के गीत गाते हुए पार करते हैं। तो वहीं वृन्दावन नगर स्थित इन्फेंट जीजस श्राइन में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में आर्चबिशप डॉ. एएएस दुरईराज ने भाग लिया और क्रूस के मार्ग, उपासना, प्रार्थना और प्रवचनों का नेतृत्व किया। उन्होंने मुक्ति, क्षमा और मेल मिलाप के महत्वपूर्ण विषयों पर चिंतन प्रस्तुत किया।



### प्रभु यीशु मसीह ने दुनिया के लोगों के लिए प्रार्थना की, आज निकलेगी सद्भावना और शांति रैली

सेंट जॉन्स ईएलसी चर्च में पहली प्रथम वाणी पर आर्कडीकों रेव डॉ. अनिल मार्टिन ने प्रवचन में कहा पहली वाणी हे पिता इन्हें क्षमा कर, क्योंकि यह नहीं जानते की यह क्या कर रहे हैं। प्रभु यीशु मसीह ने दुनिया के लोगों के लिए प्रार्थना की। आज भी वह नहीं जानते कि सत्य के मार्ग को खोजते खोजते वह कहां पर पहुंच गए। आज वक्त है सत्य को पहचानने और जीवित परमेश्वर के पीछे चलकर अपनी आत्मा और उद्गार को साल्वेशन के मार्ग पर प्रवेश करने का मौका दें। दूसरी वाणी जैस्मिन डेविड के द्वारा से प्रचार की गई, जिसमें उन्होंने अपने विचार प्रकट करते हुए प्रभु यीशु द्वारा बोले गए दूसरी वाणी पर संदेश दिया। तीसरी वाणी पर डॉ. नम्रता स्वरूप ने अपने यीशु मसीह की माता के विषय में जिम्मेदारी की योजना के बारे में बताया। सेंट जॉन्स ईएलसी चर्च युवा अध्यक्ष अमन मार्टिन ने बताया कि 19 अप्रैल को 4 बजे से भारत माता चौक पर मसीह लोग मिलकर के सद्भावना एवं शांति रैली का आह्वान करने जा रहे हैं, जो सारे जगत के लिए प्रेम का संदेश रैली के द्वारा से प्रकट किया जाएगा।

### जेपी अस्पताल की ओपीडी में छुट्टी के दिन भी पहुंचे 600 से ज्यादा मरीज

# गर्मी का सेहत पर अटैक: थकान, कमजोरी सुस्ती, बदन दर्द के साथ हो रहा पेट में दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डॉक्टर साहब हाथ-पैरों और जोड़ों में बहुत दर्द हो रहा, उल्टी-दस्त होने से थकान हो रही है। कुछ भी खाने का मन नहीं करा है। यह परेशानी जेपी अस्पताल में इलाज कराने आने ज्यादतर मरीजों को हो रही है। दरअसल, गर्मी बढ़ने और गर्म हवाओं से डायरिया, उल्टी-दस्त, सर्दी-खांसी के साथ ज्यादातर लोगों को बुखार आ रहा है। कोई पेट दर्द, उल्टी-दस्त से परेशान है तो किसी के जोड़ों में हो रहा दर्द है।

थकान और कमजोरी के कारण मरीजों को भर्ती तक करना पड़ रहा है। जेपी अस्पताल में गर्मी के अटैक से शुक्रवार को छुट्टी होने के बाद भी ओपीडी में मरीजों की संख्या 600 से पार गई। ओपीडी में 609 लोगों ने पंजीयन कराया।

विशेषज्ञों को कहना है कि गर्मी की वजह से एक नया वायरस एक्टिव है, जिसके कारण वायरल फीवर, संक्रमण, सर्दी-खांसी, जुकाम व पेट दर्द की समस्या से ग्रस्त मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे हैं। वायरल फीवर के चलते कई मरीजों के हाथ-पांव और जोड़ों में दर्द तक हो रहा है।



### अस्पतालों में लग रही लंबी कतारें

शहर के ज्यादातर सरकारी अस्पताल के साथ निजी अस्पताल में भी मरीजों की लंबी कतार हैं। मरीजों की भीड़ के कारण डॉक्टर के पास परामर्श लेने के लिए एक से डेढ़ घंटे का समय लग रहा है। जीएमसी के प्लमोनरी डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पराग शर्मा ने बताया कि मरीजों की संख्या में हो रही बढ़ोतरी की वजह सुबह और शाम के तापमान में ज्यादा अंतर होना है। ऐसे में उन लोगों को सबसे ज्यादा ध्यान रखना चाहिए जो नियमित दवाइयां लेते हैं और जिनको एलर्जी है।

### एक हफ्ते से बढ़े मरीज

पिछले एक हफ्ते में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। गर्मी की वजह से उल्टी-दस्त, सर्दी, खांसी और वायरल के मरीजों की संख्या में ज्यादा इजाफा हुआ है। वायरल से पीड़ित मरीज मास्क लगाएं और तरल पदार्थ का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें।

■ डॉ. राकेश श्रीवास्तव
अधीक्षक, जेपी अस्पताल

### बच्चों में उल्टी-दस्त व पेट दर्द की शिकायतें ज्यादा

गर्मी की वजह से बच्चे बीमार पड़ रहे है। उन्हें धूप में जाने न दें। बच्चों में उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत ज्यादा है। इस मौसम में बाजार की खान-पान की चीजों से परहेज करें, बच्चों को ठंडे की बजाए नार्मल पानी पिलाएं।

■ डॉ. जेके अग्रवाल
शिशु रोग विशेषज्ञ

## मुख्यमंत्री ने किया प्लेटिनम जुबली जीएमसी एल्युमिनाई पोस्टर का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) एलुमिनाई एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जीएमसी की प्लेटिनम जुबली वर्ष के आधिकारिक पोस्टर का लोकार्पण किया गया। ऑर्गेनाइज सेक्रेटरी एलुमिनाई एसोसिएशन जीएमसी के डॉ. राकेश मालवीया ने बताया कि एलुमिनाई एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया कि वे इस ऐतिहासिक वर्ष के संरक्षक के रूप में मार्गदर्शन करें तथा आगामी मुख्य कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित करने हेतु सहयोग प्रदान करें।

### जुबली महोत्सव की तैयारियों पर की चर्चा

मुख्यमंत्री ने सकारात्मक संकेत देते हुए कहा कि वे इस हेतु एक अनुरोध-पत्र को समर्थन देंगे। बैठक में आगामी 20-21 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाले प्लेटिनम जुबली महोत्सव की रूपरेखा एवं तैयारियों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में डॉ गुरुदत्त तिवारी डॉ. अजय शंकर मेहता, डॉ. सुमित टंडन, डॉ. राकेश मालवीया, सुरेश कुमार, डॉ. उमेंद्र मोहन शर्मा, डॉ. धीरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. ललित श्रीवास्तव एवं डॉ. शैलेश लूणवत उपस्थित रहे।

**एनएसयूआई का आरोप**

## मध्यप्रदेश में 211 से अधिक स्कूलों के पास भवन नहीं

**भोपाल।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव ने मप्र की डॉ. मोहन यादव की सरकार पर आरोप लगाया कि प्रदेश में 211 से अधिक स्कूलों के पास भवन ही नहीं है। यादव ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि 30 दिनों के भीतर सरकार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो एनएसयूआई प्रदेशभर में धरना-प्रदर्शन करेगी।

■ सरकार को दिया 30 दिन का अल्टीमेटम

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की शिक्षा व्यवस्था एक गहरे संकट से जूझ रही है। हाल ही में सामने आए आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 211 स्कूल ऐसे हैं जो बिना किसी स्थाई भवन में संचालित हो रहे हैं, लेकिन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन का दावा है कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक है। राष्ट्रीय प्रवक्ता यादव ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में सरकारी स्कूल या तो पेड़ों के नीचे, झोपड़ियों में या सामुदायिक भवनों में मजबूरी में संचालित हो रहे हैं। रिकॉर्ड में भले ही दर्शाया गया हो कि स्कूल का भवन है, लेकिन हकीकत ये है कि या तो वो भवन खंडहर हैं या तो बच्चों के बैठने लायक नहीं है। एनएसयूआई ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार शिक्षा के नाम पर सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी कर रही है। भवन होने की परिभाषा तक को तोड़ मरोड़ कर यह दिखाया जा रहा है कि स्कूल भवनयुक्त हैं।



## संस्कार वेलफेयर सोसाइटी ने 150 प्रतिभाओं का किया सम्मान

### वृक्षों को बचाने का दिलाया संकल्प

**भोपाल।** सनसिटी गार्डन हाल में संस्कार वेलफेयर सोसाइटी द्वारा प्रतिभा का किया सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 150 प्रतिभा का सम्मान किया गया। समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सिकरवारे ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के शिक्षा, खेल, संगीत व नाट्य मंचन जैसी विधाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर पर्यावरण बचाने वृक्षों को बचाने का संकल्प दिलाया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर किशन सूर्यवंशी ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति और समाज का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। सिकरवारे ने बताया कि वर्ष 2013 से यह कार्यक्रम निरंतर आयोजित किया जा रहा है इस मौके पर रमेश कुमार, राकेश वर्मा, राजेश, रवि, संजय, चरण सिंह, काशी प्रसाद व संस्थापक अवध नारायण जरेलिया सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।




### शराब नहीं पीने वालों में भी 25% तक लिवर की बीमारियां

वर्ल्ड लिवर डे आज

# लीवर के लिए शराब से ज्यादा खतरनाक है एक ही जगह पर लंबे समय तक बैठे रहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लीवर की परेशानी है? अरे ज्यादा शराब मत पीया करो, जितनी जल्दी हो तो बंद कर दो शराब पीना। आजकल ये बातचीत हर घर-ऑफिस का हिस्सा है। ज्यादा शराब पीने से नुकसान तो तय है ही, लेकिन शराब नहीं पीने वालों में भी 25 प्रतिशत तक लिवर की बीमारियां बढ़ी हैं। इसका कारण लंबे समय तक एक जगह बैठना है।

पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. सजय सिंह की मानें तो इन मरीजों में अधिकतर कॉरपोरेट, आईटी में काम करने वाले युवा हैं। इनमें से अधिकतर 10 से 12 घंटे एक जगह बैठकर काम करने वाले हैं साथ ही इन लोगों ने योग, व्यायाम और वॉक आदि को भी छोड़ रखा है। इसके कारण शराब नहीं पीने वाले और शराब पीने वाले लिवर की बीमारियों के मरीजों की संख्या अब लगभग बराबर हो गई है।




### लिवर खराब होने के मोटापा समेत कई कारण हैं

डायबिटीज, मोटापा के साथ-साथ अनियमित दिनचर्या, व्यायाम नहीं करना और जंक फूड लिवर को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाने वाले कारणों में शामिल हैं। पांच साल पहले जहां फैटी लिवर की परेशानी लेकर 25 से 30 फीसदी मरीज आते थे, जो अब बढ़कर 40 से 42 फीसदी हो गए हैं। इनमें नॉन एल्कोहलिक मरीजों की संख्या दो से तीन गुना बढ़ी है।

■ डॉ. धीरज शुक्ला, मेडिसिन विशेषज्ञ

### लिवर को हेल्दी रखने यह करें उपाय

एक्सपर्ट का कहना है कि हमारा शरीर एक घंटे में सिर्फ एक ही ड्रिंक और दिन में कुल तीन ड्रिंक को पचा सकता है, लेकिन एक से अधिक स्टैंडर्ड ड्रिंक पीना हमेशा खतरनाक माना जाता है। लिवर को हेल्दी रखने के लिए और डिटॉक्सिफाई करने के लिए एलोवेरा जूस, आंवला जूस और वेजिटेबल जूस जरूर पीएं। इन तीनों चीजों को मिलाकर भी सेवन कर सकते हैं। भरपूर फाइबर वाली चीजें जैसे गेहूं, ज्वार, बाजरा, जई, दलिया, स्प्राउट्स, ओट्स और दालें खाने में शामिल करें। लिवर को फिट रखने के लिए हरी सब्जियां, साग, शलजम, बीन्स, मटर और दूसरी सब्जियां जरूर खाएं। रोजाना अखरोट और बादाम खाने से लिवर हेल्दी बनता है। आपको रोज 5-6 बादाम खाने चाहिए।

4 ओंकारा बावड़ी का होगा जीर्णोद्धार, रैली निकालकर...



12 विश्व धरोहर दिवस के मौके पर पर्यटक जगदीशपुर...





# बिना वर्दी और बिना बॉडी वॉर्न कैमरे के नहीं होगी चेक पॉइंट पर चेकिंग, पॉइंट ऑफ सेल से ही बनेगा चालान, ट्रांसपोर्ट कमिश्नर ने जारी की नई गाइडलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परिवहन चौकियों पर भ्रष्टाचार की शिकायतों को रोकने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए,एक साल पहले ही गुजरात की तर्ज पर प्रदेश में परिवहन चौकियों को बंद कर दिया था। उनकी जगह पर अंतरराज्यीय सीमा पर 45 चेक प्वाइंट बना गए थे। लेकिन ट्रकों और वाहनों से अवैध वसूली की लगातार शिकायतें मिलती रहती हैं। इसके बाद परिवहन आयुक्त ने नया आदेश जारी किया है।

परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा की ओर से वाहन चेकिंग को लेकर 8 पॉइंट में स्पष्ट दिशा- निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत बिना वर्दी और बिना बॉडी वॉर्न कैमरे के चेक प्वाइंट पर चेकिंग नहीं होगी, पॉइंट ऑफ सेल से चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## यह प्रोजेक्ट पूरी तरह सफल रहा: आयुक्त शर्मा

परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुछ कुछ जिलों में इन दिशानिर्देशों को लागू किया था। जिससे वाहन चालकों को चेकिंग की कार्रवाई के दौरान परेशानी का सामना न करने पड़े। साथ ही चेकिंग कार्रवाइई के दौरान पारदर्शिता रहे।




यह प्रोजेक्ट पूरी तरह सफल रहा। वाहन चालकों चेकिंग के दौरान होने वाली समस्या भी दूर हुई है। इसके बाद अब इन पाइंट को सभी जिलों में 15 मई से लागू किया जाएगा।

## यह दिए दिशा निर्देश

- कम से कम एक सहायक परिवहन उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी की मौजूदगी में ही चेकिंग की जाएगी।
- चेकिंग के समय पूरा स्टाफ वर्दी में होना चाहिए। सभी की वर्दी पर नेम प्लेट भी लगी होनी चाहिए।
- यूनिट के साथ अटैच ड्राइवर के अलावा कोई भी प्राइवेट व्यक्ति चेकिंग की कार्यवाही के दौरान प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं होना चाहिए।
- बॉडी वॉर्न कैमरा उपलब्ध होते ही चेकिंग की पूरी अवधि के दौरान कम से कम दो बॉडी वॉर्न कैमरा चालू हालत में रहें। और इनमें से कम से कम एक बॉडी वॉर्न कैमरा लाइव मोड में रहे। ये प्रभारी सुनिश्चित करेंगे।

*हर कैमरे को अधिकारी, कर्मचारी वार आवंटित किया जाएगा। संबंधित व्यक्ति ही उस बॉडी वॉर्न कैमरे का उपयोग करेंगे। चेकिंग के दौरान रिकॉर्डिंग मोड के दो कैमरों के अलावा बाकी दूसरे कैमरे स्टैंड बाय मोड में रहेंगे।*

- चालानी कार्यवाही केवल पॉइंट ऑफ सेल मशीन ही की जाएगी।
- यूनिट द्वारा एक बार में एक ही वाहन को रोका जाए और उसकी चेकिंग, उसके खिलाफ कार्यवाही के बाद ही किसी दूसरे वाहन को रोका जाए।
- किसी भी वाहन को बिना किसी विशेष कारणों के 15 मिनट से ज्यादा न रोका जाए। अन्यथा ये माना जाएगा कि वाहन को रोकने के संबंध में यूनिट की मंशा सही नहीं हैं।
- रात के समय अगर चेकिंग जरूरी हो तो ऐसे स्थान को चेकिंग के लिए चुना जाए, जहां रोशनी के अभाव में कोई दुर्घटना न हो। अंधेरे के समय स्टाफ के पास एलईडी बैटन और रिफ्लेक्टिव जैकेट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। ये प्रभारी सुनिश्चित करेंगे।

## लापरवाही हुई तो प्रभारी पर कार्रवाई

"चेकिंग पाइंट पर कार्रवाई के दौरान पारदर्शिता लाने के लिए प्रवर्तन अमले को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए है। इससे वाहन चालकों चेकिंग के दौरान होने वाली समस्या भी दूर हुई है। इन निर्देशों का पालन करने में चूक होने पर प्रभारी पर अनुशासनात्मक, दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

■ विवेक शर्मा, परिवहन आयुक्त

## उपभोक्ता परेशान: बिजली कंपनी के जिम्मेदार नहीं मानते अपनी गलती

# रोजाना मेंटेनेंस के लिए शहर में बिजली कटौती, फिर भी वोल्टेज में फॉल्ट, खराब हो रहे बिजली उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में वोल्टेज के कम ज्यादा होने से घरों में उपकरण खराबी ने एक बार फिर बिजली कंपनी की मेंटेनेंस व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिया है। रोजाना मेंटेनेंस के लिए बिजली कंपनी द्वारा शहर में कटौती की जा रही है। कटौती के नाम पर मेंटेनेस किस तरह हो रहा है, यह शाहजहांनाबाद में हुई घटना से लगाया जा सकता है। यहां संजय नगर में डीपी में फॉल्ट होने के बाद दो दर्जन से अधिक घरों में करंट फै ल गया।

घरों में करंट फै लने की वजह से 25 साल के सतीश की करंट लगने से मौत हो गई थी। वहीं कई घरों में पंखे, कूलर, फ्रिज, एसी समेत कई बिजली उपकरण खराब हो गए थे। युवक की मौत और लाखों के उपकरण खराब होने के बाद भी बिजली कंपनी अपनी गलती नहीं मान रहा है। अधिकारियों का तर्क है कि बिजली चोरी करने के कारण करंट फैला था।

### शाहजहांनाबाद में करंट फैलने से युवक की मौत के बाद भी नहीं जागा बिजली विभाग



लिंक रोड नंबर 2: डिवाइडर पर नीचे झूलते बिजली के तार।

### हरिभूमि की टीम ने की पड़ताल

हरिभूमि की टीम ने पड़ताल में पाया कि नए पुराने शहर के 20 से अधिक क्षेत्रों में अनियमित वोल्टेज की समस्या है। वोल्टेज के कारण चार हजार से अधिक उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ा। ये हालत तब है, जब राजधानी में ही मेंटेनेंस के नाम पर करीब 20 लाख रुपए खर्च किए है। वोल्टेज ज्यादा होने से कुछ कॉलोनियों में टीवी, फ्रिज जैसे घरेलू बिजली उपकरण भी खराब हो गए। वहीं बिजली कंपनी प्रबंधन लगातार यह दावा कर रहा है कि वोल्टेज की दिक्कत नहीं होगी। कंपनी के गोविंदपुरा स्थित कॉल सेंटर में बिजली गुल होने की शिकायतों में दस फीसदी शिकायतें वोल्टेज से जुड़ी होती हैं।

### इतना नुकसान

कोलार के साईंनाथ नगर, बीमाकुंज, महाबली नगर में 30 से अधिक घरों में उपकरण खराब हुए थे। शिवाजी नगर में एक लाइन से 40 से अधिक घरों में टीवी, रेफ्रिजरेटर खराब हुए। चार इमली में लाइन की गड़बड़ी से 50 से अधिक उपभोक्ताओं के यहां बिजली उपकरण खराब हो गए। शाहजहांनाबाद में दो दर्जन से अधिक घरों में करंट फैलने के कारण घरों के उपकरण खराब हो गए।

### कंपनी का तर्क

- **अर्थिंग:** घर की अर्थिंग सही नहीं होना वोल्टेज गड़बड़ी का बड़ा कारण है। ये उपभोक्ता की जिम्मेदारी है।
- **लूज कांटेक्ट:** इसमें वायरिंग में गड़बड़ी वोल्टेज गड़बड़ी का कारण बनती है। घर के अंदर और खंभे की वायरिंग दुरुस्त होगी तो वोल्टेज ठीक आएगा।
- **न्यूट्रल फेल होना:** ये डीपी-ट्रांसफार्मर से होता है। जिम्मेदारी बिजली कंपनी के इंजीनियर्स की होती है। हालांकि इसे साबित करना मुश्किल होता है।

### इन इलाकों में ज्यादा दिक्कत

शाहजहांनाबाद, सिंधी कॉलोनी, टीलाजमालपुरा, जिंसी, चार इमली, शिवाजी नगर, शाहपुरा, अरेरा कॉलोनी, रविशंकर नगर, कोलार, रोहित नगर, बाग सेवनिया।

### इस वजह से वोल्टेज कम या ज्यादा

ट्रांसफार्मर के ऊपर और लाइन के नीचे जो तीन वायर होते हैं, उन्हें डीओ कहते हैं। ये डीओ लूज हो जाएं तो ऐसा हो सकता है। कहीं से यदि अर्थिंग फेल हो जाती है तो भी वोल्टेज कम या ज्यादा हो सकता है। 440 वोल्ट क्षमता की बिजली ट्रांसफार्मर तक आती है। वहां से यह 220 वोल्ट में बदलकर घरों तक पहुंचती है। यह ज्यादा हो जाए तो बिजली के उपकरण खराब हो जाते हैं।

### क्या कहते हैं रहवासी

चार इमली के रहवासी बीके कुशवाहा ने बताया कि दो दिन पहले रात में अचानक वोल्टेज ज्यादा हो गया। इससे सीलिंग फेन खराब हो गया। कोलार निवासी राजेश यादव का कहना है कि आए दिन वोल्टेज ज्यादा होने की परेशानी बनी हुई है। चार दिन पहले टीवी खराब हो चुका है।

### अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

बिजली उपभोक्ता लखन कुशवाह, हरिओम कुशवाह, बृजेश गोस्वामी आदि ने बताया कि आए दिन वोल्टेज की समस्या के कारण उपकरण खराब हो रहे हैं। आए दिन सीएफएल व बल्ब की ज्यादा बर्बादी हो रही है। इस समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया है। इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### तकनीकी खराबी दूर कराई जाएगी

मुझे इस समस्या की जानकारी नहीं है। अगर उपभोक्ताओं के साथ ऐसी परेशानी हो रही है तो उसका निराकरण किया जाएगा। जहां भी बिजली की गड़बडी की सूचना मिलती है कंपनी के कर्मचारी तुरंत वहां पर सुधार के लिए पहुंच जाते हैं। इस समय सभी के कूलर, पंखे, एसी चल रहे हैं। जिससे लोड बढ़ रहा है। फिर भी हमारे द्वारा सुधार कार्य निरंतर जारी है।

■ **समर शर्मा**, डीजीएम, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी

## जिला प्रशासन-जल संसाधन विभाग की कार्रवाई

# केरवा डैम के कैचमेंट एरिया में बना दी सड़क

### फार्म हाउस काटने की थी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केरवा डैम के कैचमेंट एरिया में शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। डैम के अंदर कोपरा का भराव कर सड़क बना दी गई थी। जिसके बाद यहां पर फार्म हाउस काटने की तैयारी थी, जिसको लेकर पिछले दिनों शिकायत दर्ज कराई गई। शुक्रवार को जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से सड़क उखड़वाई। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि कलियासोत डैम के पास महुआखेड़ा में डैम के अंदर कोपरा डालकर भराव किया जा रहा था, यहां करीब पांच सौ से अधिक डंपर कोपरा डालकर सड़क तक बना दी थी। जिसकी शिकायत के बाद शुक्रवार को टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से सड़क उखड़वाई। यहां पर बड़े पैमाने पर अवैध कोपरा और मिट्टी भराव किया जा रहा था। जिससे, बाद में फॉर्म हाउस या प्लाटिंग की जा सके। सड़क भी बनाई जा रही थी। इस पर एनजीटी में आपत्ति भी दर्ज की गई थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा।



### कैचमेंट में प्राइवेट खसरों पर निर्माण की कोशिश

केरवा के महुआखेड़ा में जहां कैचमेंट एरिया में कोपरा डालकर फार्म हाउस चल रही थी, वह जमीन निजी लोगों के नाम पर दर्ज है। तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी का कहना है कि डैम के कैचमेंट एरिया में निर्माण पर रोक है, बावजूद इसके निर्माण किया जा रहा था।

### अवैध उत्खनन से कराया कोपरा डंप

मौके पर पांच सौ से अधिक कोपरा के डंपर डाले गए हैं। बताया जा रहा है कि यहां अवैध उत्खनन कर कोपरा को लाया जा रहा है। सरकारी अफसरों की जमीनें होने की वजह से अधिकारी भी यहां कार्रवाई करने से बच रहे हैं।

### हिंदूवादी संगठन ने हटाने की दी चेतावनी, एसडीएम को सौंपी शिकायत

# सरकारी आवास परिसर में मिलीं दो मजार, संपदा से मांगा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लिंक रोड नंबर-1 के नजदीक स्थित सरकारी आवास 1250 क्वार्टर परिसर में दो मजारें मिलने के बाद हंगामा खड़ा हो गया। हिंदूवादी संगठनों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने मौके पर जाकर हंगामा शुरु कर दिया। मजारों को हटाने को लेकर टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा से शिकायत की गई, जिसके बाद मौके पर पटवारी को भेजकर जांच कराई है। हालांकि आसपास के रहवासी इन मजारों को पुराना होना बता रहे हैं। इधर क्षेत्र कोलार का होने की वजह से शिकायत एसडीएम कोलार रविशंकर राय को भेजी गई है।

एसडीएम का कहना है कि यह मकान संपदा संचालनालय के हैं। खाली आवास को खाली कराने के समय मौके पर मजार थीं या नहीं, इसकी जानकारी जुटाई जाएगी। उन्होंने संपदा और पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। जिसके बाद ही तय हो पाएगा कि यह मजारें कब की हैं। संस्कृति बचाओ मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी का कहना है कि 1250 इलाके में आवास-28, 38 और 85, 96 के आसपास दो मजारों का निर्माण अवैध रूप से किया गया है। यदि मजारों को नहीं हटाया गया तो आंदोलन किया जाएगा।



# गैस पाइप लाइनों को ड्रोन से निशाना बनाए जाने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऑफशोर सुरक्षा समन्वय समिति (ओएससीसी) ने मध्य प्रदेश के 27 जिलों की गैस पाइपलाइन और पंप स्टेशनों पर ड्रोन हमले की आशंका जताई है। पिछले दिनों पुलिस मुख्यालय में हुई बैठक में आला स्तर पर इस संबंध में विचार विमर्श हुआ। बैठक में पांच प्रमुख कंपनियों गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारत ओमान रिफाइनरी लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के 28 प्रतिनिधियों के साथ प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना और अन्य अधिकारी शामिल हुए। बैठक में अधिकारियों ने पाइपलाइनों पर ड्रोन के इस्तेमाल की आशंका को लेकर चर्चा हुई। चर्चा में सामने आया कि रहवासी बस्तियों की पाइपलाइनें भी इन आपराधिक तत्वों की नजर में हैं। वहीं एक बड़ीबात यह भी सामने आई कि तेल कंपनियों की साइटों पर काम करने आने वाले मजदूर भी बड़ा खतरा हो सकते हैं। इस लिएमजदूरों का सत्यापन भी किया जाय। साथ ही निर्णय लिया गया कि पाइपलाइन पंप स्टेशनों की सुरक्षाके लिए लगाए गए सीसीटीवी को और अधिक स्थानों पर बढ़ाया जाए।




## पहली बार एक साथ इतने शहरों में बनी भीषण गर्मी के स्थिति

# तपने लगा प्रदेश, खजुराहो-गुना में 44 पार पहुंचा पारा भोपाल में 42.2 रहा तापमान, दो दिन बाद लू के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खजुराहो, गुना भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन और जबलपुर शुक्रवार को सबसे गर्म रहे। खजुराहो में पारा 44.6, गुना में 44.3, ग्वालियर में 43 डिग्री, उज्जैन में 42.8 डिग्री, भोपाल में 42.2 डिग्री, जबलपुर में 42.1 डिग्री और इंदौर में 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को 28 शहरों में पारा 40 डिग्री या इससे अधिक रहा।

ऐसा पहली बार हुआ है, जब इतने शहरों में भीषण गर्मी पड़ी है। शुक्रवार को रतलाम, सागर-सीधी में 43.8 डिग्री, दमोह में 43.6 डिग्री, सतना-शाजापुर में 43.1 डिग्री, नर्मदापुरम-रीवा में 42.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि दिन के तापमान में बढ़ोतरी के साथ रात में भी गर्मी बढ़ी है। अगले 5 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा।



### गर्मी से वन विहार के जानवर भी हलाकान

*इधर, राजधानी के वनविहार में तेज गर्मी का असर जानवरों पर भी नजर आ रहा है। वे भी खासे परेशान दिखाई दे रहे हैं। हालांकि वन विहार प्रबंधन ने इन पशुओं के लिए जहां हौदों में पानी भर रखा है, वहीं आवासों में मोटे पर्दे लगाकर संरक्षित किया है। लेकिन इसके बावजूद भी जानवर परेशान नजर आ रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### मप्र यूथ कांग्रेस के चुनाव के लिए नामंकन 27 से

**औबेदुल्लागंज।** मध्यप्रदेश में यूथ कांग्रेस चुनावों के ऐलान पर युवा कांग्रेस के जिला महासचिव रहे विशाल मदान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष से लेकर ब्लॉक अध्यक्ष तक का चुनाव होगा। स्टेट प्रेसिडेंट, स्टेट कमेटी, जिला अध्यक्ष जिला कमेटी के सदस्य, विधानसभा अध्यक्ष कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष कमेटी के चुनाव होंगे। नामांकन 27 अप्रैल से 6 मई तक चलेंगे, 11 मई तक फाइनल कैंडिडेट तय हो जाएंगे। 18 से 35 वर्ष के सदस्य किसी भी पद के लिए नामंकन भर सकते हैं।

### हत्या के प्रयास के आरोपी की जमानत खारिज

**भोपाल।** युवक पर गोलियां चलाकर उसकी हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी नीलेश कामले के जमानत आवेदन को अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने सुनवाई के बाद अपराध की गंभीर प्रकृति को देखते हुए निरस्त कर दिया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी करने वाली अपर लोक अभियोजक माधुरी पाराशर ने आरोपी के जमानत आवेदन पर आपत्ति करते हुए उसे जमानत दिए जाने का विरोध किया था। 12 फरवरी 2025 को करोंद चौराहा के पास फरियादी जाहिद खान की बाइक से आरोपी की एक्टिवा टकरा गई थी। इसी बात पर आरोपी ने पिस्टल निकालकर गोली चला दी थी, जिससे फरियादी गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### पत्नी की हत्या करने वाले पति को उम्र कैद

**मंडीदीप।** चरित्र शंका को लेकर करवा चौथ के दिन ही पत्नी को करंट और गला दबाकर हत्या करने वाले पति को अपर सत्र न्यायाधीश गौहरगंज ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। गवाहों और चिकित्सीय साक्ष्य सजा के आधार बने हैं। 1 जनवरी 2023 को रक्षा ने करवा चौथ का व्रत रखा था। रात करीब 8 बजे पूजन करके रक्षा अपने कमरे में कपड़े बदलने के लिए गई। उसके पति सुनील ने कमरे में बंद कर रक्षा के साथ उसके चरित्र पर शंका के कारण झगड़ा किया। उसे बिजली के तार से करंट लगाया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी।

### स्व. अशोक पचौरी को दी श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** स्व. अशोक पचौरी को श्रद्धांजलि देने शुक्रवार को बीलाखेड़ी पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, विधायक देवेंद्र पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा नेता राजेंद्र बबलू अग्रवाल, वरिष्ठ नेता जेपी शर्मा, सुरजीत सिंह बिल्ले, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, नरेंद्र शर्मा, देवेंद्र सिंह राजू, संजय सिंह चौहान, हरजीत सिंह मंगू, विनोद इरपाचे, डॉ. नंदू नागर, उत्तम यादव, दीपू परमार आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ गोरव पचौरी, केशव पचौरी, सुमित पचौरी को तिलक लगाकर सिरोपा भेंट किया।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1638 | | |
| दिनः | 489 | 15 | 168 |
| रातः | 778 | 29 | 360 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 118 | 02 | 156 |
| रातः | 237 | 26 | 457 |

## कोर्ट के स्टे के बावजूद घर तोड़ने पहुंचा बिल्डर, विरोध के बाद भागा


एसडीएम के स्टे के बाद भी भूमाफिया कर रहा बेदखल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के प्रभात चौराहा स्थित हरिराम के बाग पर भूमाफिया कब्जा करना चाहते हैं, जिसके लिए जमीन के पुश्तैनी वारिसों को लंबे समय से परेशान किया जा रहा है।

शुक्रवार को भूमाफिया राजेश जुनेजा जेसीबी मशीन लेकर जमीन पर पहुंच गया और मकान तोड़ने लगा, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। जमीन के वारिस ओमप्रकाश शाक्य, राजेश शाक्य और कन्हैया सिंह शाक्य के परिवार के सदस्यों ने अपने मकान को तोड़ने का विरोध किया। हालांकि भूमाफिया ने मकान का एक हिस्सा तोड़ दिया। विरोध और हंगामे को बढ़ता देख वहां से बिल्डर जेसीबी लेकर भाग गया। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत अशोका गार्डन थाने में पहुंच कर दर्ज कराई है।

### पचास से ज्यादा पेड़ काटे, बोर पर किया कब्जा



पीड़ित पक्ष का कहना हैं कि जुनेजा खुद को सीएसवी बिल्डकॉन नाम की कंपनी का प्रतिनिधि बताता है। ये कंपनी संदीप विजयन की है, जो जबलपुर का रहने वाला है। जुनेजा भी जबलपुर का ही रहने वाला है। जिसे संदीप विजयन ने जमीन पर कब्जा करने के लिए भेजा है। बीते चार महीने से जुनेजा हरिराम के बाग में रहने वाले आधा दर्जन परिवारों को परेशान कर रहा है। वो मकान तोड़ने की धमकी देता है। उसने 50 से ज्यादा हरे-भरे पेड़ भी काट दिए हैं। पीड़ित परिवार के बोर पर कब्जा कर लिया है, जिसके कारण फरियादी पक्ष को पानी के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है।

### कोर्ट ने आदेश का उल्लंघन

मामले में बीते चार महीने से विवाद चल रहा है। ऐशबाग थाना पुलिस ने धारा 145 के तहत इश्तेगासा एसडीएम न्यायालय में भेजा था। जिस पर लंबी सुनवाई के बाद एसडीएम दीपक पांडे ने हफ्तेभर पहले ही आदेश सुनाया है। एसडीएम के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिला न्यायालय के आदेश के बिना भूमि से किसी को भी बेदखल नहीं किया जाएगा, लेकिन इसके बावजूद राजेश जुनेजा द्वारा जबरन बेदखली कराने की कोशिश की जा रही है।

## ओंकारा बावड़ी का होगा जीर्णोद्धार, रैली निकालकर जगाई स्वच्छता की अलख

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




ग्राम पंचायत सेवनिया ओंकारा में सरपंच गजराज अहिरवार के कामों की शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ इला तिवाी ने सराहना की। दरअसल यहां की ओंकारा बावड़ी को जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जिसको लेकर पंचायत में रैली निकालकर स्वच्छता की अलख जगाई जा रही है। इस अवसर पर सीईओ के नेतृत्व में स्वच्छता और जल संवर्धन की शपथ दिलाई गई। इसके साथ पुरानी बावड़ी के सौंदर्यीकरण का भूमिपूजन किया।

सरपंच गजराज अहिरवार ने बताया कि इस जगह पर झांकियों का विसर्जन किया जाता है और गांव से निकलने वाली भुजरिया यात्रा भी यही पर संपन्न होती है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अशोक मीना सम्राट, पूर्व भोपाल कोआपरेटिव अध्यक्ष जीवन मैथिल, मध्यप्रदेश पंचायत सचिव कल्याण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष दशरथ वैष्णव, ग्राम पंचायत बोरदा के सरपंच बटनलाल सूर्यवंशी, सचिव मस्तान मीना मौजूद रहे।

## बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित बवचिया गांव का मामला

# शराब पार्टी में खाना बनाने को लेकर विवाद युवक की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या

*आरोपी मृतक को बिहार ले जाने की फिराक में थे, तभी सूचना पर पुलिस पहुंची*

◆ पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, फरार आरोपियों की तलाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव बवचिया में गुरुवार रात शराब पार्टी के बाद खाना बनाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक मजदूर की उसी के साथियों ने लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। सिर पर डंडा लगने से युवक को गंभीर चोट आई थी। आरोपी उसे अधमरा छोड़कर चले गए। सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस हत्या के इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बैरसिया थाना प्रभारी अरुण शर्मा ने बताया कि बिहार निवासी धनेश्वर यादव (50) करीब एक महीने पर पहले यहां ग्राम बवचिया में बारदाना भरने आया था। उसके साथ बिहार के अन्य लोग भी मजदूरी के लिए आए हैं। सभी हरसिद्धि वेयरहाउस में काम कर रहे थे। गुरुवार रात सभी ने शराब पार्टी की। खाना बनाने के लेकर उनके बीच रात 11 बजे विवाद हो गया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने धनेश्वर के सिर पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। इससे वह बेहोश हो गया। रातभर आरोपी घायल को वहीं छोड़ दिया।

सुबह पांच बजे धनेश्वर की मौत हो गई। आरोपी मृतक को बिहार ले जाने की फिराक में थे। तभी पुलिस को सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम करवाया। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी बलराम यादव और पप्पू यादव को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## नाबालिग को अगवा कर अजनाल डैम पर ले जाकर निर्वस्त्र कर चप्पल से पीटा

### आरोपियों ने पीड़ित से कहलवाया...अरबाज हमारा बाप है



**भोपाल।** एमपी नगर से साढ़े 16 साल के नाबालिग का अपहरण कर उसे अजनाल डैम बिलखिरिया ले जाने और बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपी उसे बाइक पर बिठाकर ले गए थे और चप्पल और बेल्ट से पीट पीटकर कहलवाते रहे कि अरबाज हमारा बाप है। घटना गत 22 मार्च की रात की बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद परिजन उसे गौतम नगर थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। गौतम नगर पुलिस ने अपहरण और मारपीट समेत पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। घटनास्थल एमपी नगर थाना क्षेत्र की है। केस डायरी एमपी नगर थाने भेजी जा रही है। पुलिस के अनुसार साढ़े 16 साल का किशोर गौतम नगर इलाके में रहता है और फल की दुकानों पर काम करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उसके भाई शाहरुक की 2021 में नारियलखेड़ा में हत्या हुई थी। शाहरुक का दोस्त नजीम बच्चा है। नजीम किसी अपराध में जेल में बंद है। वह नदीम से मिलने जेल जाता था। इस दौरान जेल में बंद अरबाज ने उसे देख लिया। अरबाज और नदीम बच्चा की आपस में बनती नहीं है। अरबाज जेल से छूटकर आया और वह उसका पीछा करने लगा।

### चेतक ब्रिज के पास कैफे से उठाया

नाबालिग ने बताया कि गत 22 मार्च को वह चेतक ब्रिज के पास एक कैफे के पास खड़ा था, तभी अरबाज, शानू और अलताफ सहित उसके अन्य साथी पहुंचे। सभी ने धमकाते हुए उसे बाइक पर बिठाया और बिलखिरिया थाने के सामने से अजनाल डैम लेकर पहुंचे। वहां डैम के पास उसे नग्न कर पीटा गया। आरोपियों ने चप्पल और बेल्ट से मारपीट की। वे गालियां देते रहे कि कहो अरबाज हमारा बाप है।

### धमकी और मारपीट से डरकर नहीं की शिकायत

नाबालिग ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसे धमकी दी थी कि यदि हमारी शिकायत पुलिस से की तो तुम्हारा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे और जाने से खत्म कर देंगे। आरोपियों से डरकर वह शिकायत नहीं कर रहा था। दो दिन पूर्व आरोपियों ने उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद परिजन उसे पुलिस थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि आरोपी अरबाज अभी फिर किसी अपराध में जेल में बंद है।

## मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित समरधा में हुआ हादसा

## खड़े डंपर में घुसा ट्रक, चालक की मौत, क्लीनर गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित समरधा इलाके में खड़े डंपर में ट्रक जा घुसा। घटना गत 15 अप्रैल की बताई जा रही है। हादसे में घायल ट्रक चालक और क्लीनर को मंडीदीप के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से एम्स रेफर कर दिया गया। एम्स में इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। घायल क्लीनर का कटनी में इलाज चल रहा है। उससे पूछताछ के बाद हादसे की सही वजह का पता चल सकेगा।

हेड कांस्टेबल बद्री प्रसाद ने बताया कि रिषीराज पिता हनुमत (31) मंडीदीप रायसेन में रहता था और ट्रक में ड्राइवरी करता था। गत 15 अप्रैल को समरधा इलाके में सड़क पर खराब खड़े डंपर में उसका ट्रक जा घुसा था। इस हादसे में रिषीराज और क्लीनर को गंभीर चोट आई थी। उन्हें मंडीदीप के निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां उसका इलाज चल रहा था। तबीयत में सुधार नहीं होने के कारण परिजन उसे एम्स लेकर पहुंचे थे। वहां इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह रिषीराज की मौत हो गई। हादसे की सूचना अस्पताल ने मंडीदीप पुलिस को दी थी। बाद में पता चला कि घटनास्थल मिसरोद थाना क्षेत्र का है। मौत के बाद मर्ग डायरी मिसरोद पुलिस को सौंपी गई है।

## सलैया में निर्माणाधीन मल्टी के पास युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित सलैया में बीडीए की निर्माणाधीन मल्टी के पास शेड बनाकर रह रहे मजदूर ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मुकेश वंशकार पिता प्रेमलाल वंशकार (35) मूलतः दमोह का रहने वाला था। वह सलैया में बन रही बीडीए की निर्माणाधीन मल्टी में काम करने आया था और शेड बनाकर रह रहा था।

पड़ोस के शेड में रहने वाले पर्वत बंसल ने गुरुवार सुबह उसे फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव मर्चूरी भेज दिया था। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मृतक की पत्नी से पूछताछ का प्रयास किया, लेकिन पत्नी बयान देने की स्थिति में नहीं है।

## अवैध गुमटियां और रेत-गिट्टी के ढेर हटाए


## नपा ने रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे से हटाए अतिक्रमण



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नगर पालिका ने रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। यहां अवैध रूप से स्थापित गुमठियां और रेत-गिट्टी के ढेर लगे हुए थे। इससे सब्जी मंडी में आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। नपा अतिक्रमण दल ने दोपहर 3 बजे कार्रवाई शुरू की। ब्रिज के नीचे करीब 7-8 गुमठियां थीं, जिसे निगम अमले ने हटाया। शेष गुमठियों को जेसीबी की मदद से हटाया गया। इसी तरह रेत और गिट्टी के ढेर को भी जेसीबी से साफ किया गया।

थोक सब्जी व्यापारी नारायण साहू के अनुसार, यहां माल वाहक ट्रक और लोडिंग ऑटो के लिए मुड़ने तक की जगह नहीं थी। पोलाह के हेमसिंह लोवंशी ने बताया कि स्थाई गुमठियों के कारण फुटकर दुकानदारों को सड़क पर दुकान लगानी पड़ती थी। इससे जाम की स्थिति बनती थी। नगर पालिका सीएमओ प्रशांत जैन ने कहा कि अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित शीतल हाइट्स के पीछे शुक्रवार सुबह अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। शिनाख्त करने आसपास के जिलों और राजधानी के थानों में मृतक का हुलिया भेजा गया है।

एएसआई अमोद शर्मा ने बताया कि स्टेशन मास्टर अनिल दुबे द्वारा सूचना दी गई थी कि शीतल हाइट के पीछे रेलवे ट्रैक पर कोई व्यक्ति ट्रेन से कट गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। मृतक की उम्र करीब 35 से 40 साल के आसपास बताई जा रही है। मृतक के बाएं हाथ पर राजू लिखा हुआ है और ऊपर ओम बना हुआ है। मृतक की लाश पर लाश रंग के कपड़े हैं। ट्रेन की चपेट में आने के कारण उसका मुंह कुचल गया है। बांया पैर कटकर अलग हो चुका था।

## ग्राम पंचायत शाहबाद तिलेंडी में प्रधान मंत्री आवास योजना में लापरवाही

## जिम्मेदारों ने बने हुए मकान पर ही दे डाला प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज



जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत शाहबाद तिलेंडी में प्रधान मंत्री आवास योजना में बड़ी लापरवाही सामने आई है। बने हुए मकान पर ही दे डाला प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ। अपत्रों को पात्र बनाकर दिया और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दे दिया। औबेदुल्लागंज जनपद पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

जनपद औबेदुल्लागंज की पंचायत बरबटपुर, बरखेड़ा, सेतु बेगमपुरा, उमरावगंज, मैंदुआ, हिनोतिया, पडोनिया, खुकरिया, बीलखेड़ी, चंपानेर, दाहोद आदि पंचायतो में प्रधानमंत्री आवास योजना में भारी भ्रष्टाचार किए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज में हुए कार्य का सत्यापन कराया जाए एवं जिन-जिन के प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम आए हैं उनका सत्यापन कराया जाए तो सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। ग्रामीण क्षेत्र के भगवान सिंह, धन सिंह, कमल एवं पार्वती बाई ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत की है। साथ ही इसकी उच्च स्तर पर जांच करने की मांग की है। जनपद एसडीओ उमाकांत आर्य ने कहा मुझे आप शिकायत भेज दो, मैं जांच करवाता हूं। वहीं जनपद सीईओ वृंदावन मीणा ने बताया कि मुझे भी शिकायत आई है मैं इसकी जांच करवाता हूं।

## पद पर पत्नी, पति चमका रहे अपनी राजनीति

**औबेदुल्लागंज।** नगर परिषद में 9 महिला पार्षद हैं। अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, समीक्षा यादव, भारती सेठी, प्रीति चौधरी, सरोज नागर, राधा साहू, सना ममनून, हेमलता चौरसिया के भाग्य से पतियों की राजनीति चमक रही है और महिला पार्षदों को जब कोई कार्यक्रम होता है तो उनके पति उनको ले जाते हैं। इसमें 5 पार्षद ज्यादा सक्रिय रहते हैं।

लक्ष्मी चौकसे नमीता अग्रवाल, भारती सेठी, सना ममनून, हेमलता चौरसिया के पति भी राजनीति में जोड़-तोड़ कर पत्नी से आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। बागिश अग्रवाल, मनोज चौरसिया, नरेश सेठी, आमिर ममनून ये पार्षद पत्नियों के नाम से अपनी राजनीति चला रहे हैं। इन्हीं लोगों से औबेदुल्लागंज भाजपा मंडल में पद पाने के जुगाड़ में मनोज चौरसिया बागिश अग्रवाल नरेश सेठी एवं आमिर ममनून सक्रिय है

शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूज्य पिताजी
श्री रमेश चंद्र सक्सेना जी
का देवलोकगमन दिनांक 8 अप्रैल 2025 को हो गया है। गंगाजली पूजन, त्रयोदशी, भोजन प्रसादी आज दिनांक 19 अप्रैल 2025, शनिवार को दोपहर 12 बजे से

स्वर्गीय
श्री रमेश चंद्र सक्सेना जी

निवास स्थान : लक्ष्य-2, चिनार फॉर्च्यून सिटी, होशंगाबाद रोड़, भोपाल (म.प्र.)
मो.नं.: 9425016528

शोकाकुल परिवार
अलका-अगम प्रकाश मुडैया (पुत्री-दामाद),
प्रो. अमिताभ सक्सेना-आरती सक्सेना (पुत्र-पुत्रवधु),
आरती-अनिल वर्मा (पुत्री-दामाद) एवं समस्त सक्सेना परिवार

## कटारा हिल्स थाने पहुंचा मामला, अध्यक्ष को लगाई फटकार

## पांच मकानों के नल कनेक्शन काटे, हंगामे के बाद जोड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स के गौरीशंकर परिसर में रहवासी समिति के कर्मचारियों ने पांच घरों के तेज गर्मी के बीच नल कनेक्शन काट दिए। घटना की भनक लगने के बाद रहवासियों ने हंगामा शुरू कर दिया, जिसके बाद आनन-फानन में कनेक्शनों को जोड़ा गया। इधर, नल कनेक्शन काटने के बाद रहवासी कटारा हिल्स थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने भी रहवासी समिति के कार्यवाहन अध्यक्ष देवेंद्र सराठे को फटकार लगाई।

जब यहां लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए तो पता चला कि कर्मचारी तपन श्रीवास्तव व गणेश सिंह ने इन घरों के नल कनेक्शन तोड़े हैं। थाने में माफी मांगने के बाद रहवासी शांत हुए।

इसके पहले भी नगर निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण ने समिति पदाधिकारियों और नगर निगम के कुछ वार्ड अफसरों को नल कनेक्शन काटने पर सराठे को नोटिस देकर हिदायत दी थी कि पानी के कनेक्शन काटना अवैध है। स्थानीय रहवासी राहुल पवार का कहना है कि अध्यक्ष मेंटेनेंस तो जमा करने का दवाब बनाने के लिए इस तरह की हरकत भी कराते हैं। समिति के लोगों ने विजय पांडे, कंचनदास सहित अन्य लोगों के कनेक्शन काटे हैं।

### शिकायत के बाद भी नहीं सुनते कर्मचारी



कॉलोनी के गेट पर समिति का कार्यालय है, जहां लोग शिकायत लेकर जाते हैं, लेकिन सुनवाई नहीं होती। लोगों से सिर्फ मेंटेनेंस जमा करने के लिए दबाव बनाया जाता है और नल कनेक्शन काट दिए जाते हैं। रहवासियों का कहना है कि इससे पहले भी पाइप लाइन तोड़ने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

## लुटेरों को 3 वर्ष के कारावास की सजा

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** युवक से मोबाइल फोन लूटने वाले आरोपियों मो.दानिश, सिराज उददीन उर्फ साजू को अपर सत्र न्यायाधीश सुचिता श्रीवास्तव ने भादंसं की धारा-392 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के कठोर कारावास और 10,000 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

अपर सत्र न्यायाधीश ने एक अन्य आरोपी नाजिम मलिक को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर जिला लोक अभियोजक राजेंद्र पटेल द्वारा पैरवी की गई। मामला 23 जनवरी 2022 का है।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल आज प्रतापगढ़ में संविधान गौरव कार्यक्रम में शामिल होंगे

भोपाल। राज्यपाल मंगुभाई पटेल शनिवार 19 अप्रैल को रायसेन



जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम प्रतापगढ़ में आयोजित संविधान गौरव सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्यपाल पटेल 19 अप्रैल को हैलीकॉप्टर द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 10.50 बजे ग्राम प्रतापगढ़ पहुचेंगे और प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक संविधान गौरव सम्मान कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्यपाल के साथ हैलीकॉप्टर में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल भी प्रतापगढ़ पहुंचेंगे और कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। राज्यपाल तथा स्वास्थ्य राज्यमंत्री ग्राम प्रतापगढ़ में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के आवासों का भ्रमण कर संवाद भी करेंगे।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक आज




**भोपाल।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे वक्फ संशोधन बिल को लेकर अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक को भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद संबोधित करेंगे। बैठक में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल एवं अनुसूचित जनजनति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भाबर सहित जनप्रतिनिधि, मोर्चा पदाधिकारी, मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं जिलों में गठित समिति के सदस्यगण शामिल होंगे।

## दुविधा : कैसे हो शिकारियों की धरपकड़ का काम

# नाम की स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, हकीकत भोपाल सहित चार यूनिट में केवल 38 का बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अलग खबर

वन विभाग की स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स का नाम सुनकर ऐसा लगता है कि वाकई में यह कोई बड़ी फोर्स होगी या इसमें भारी भरकम अमला होगा। लेकिन हकीकत में ऐसा कुछ नहीं है। इसमें केवल 38 अफसर कर्मचारियों का बल काम कर रहा है , उनके पास भी हाइटेक संसाधन भी नहीं है। लंबे समय से टाइगर स्ट्राइक फोर्स की यह स्थिति बनी हुई है। प्रदेश या प्रदेश के बाहर फरार शिकारियों की धरपकड़ का जिम्मा इसमें कार्यरत अमले पर है। फिर भी देखने वाली बात यह है करीब 16 साल से काम कर रही इस विंग में न तो पर्याप्त बल दिया गया और न ही हाईटेक संसाधन। बड़ा सवाल यह है कि बिना संसाधन के स्ट्राइक फोर्स कैसे वन्यप्राणी अपराधों की जांच करे। विभाग में होने वाली बैठकों में कई बार संसाधन विहीन टाइगर स्ट्राइक फोर्स का मामला उठा लेकिन पर्याप्त बजट न मिलने के कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है।




**गश्ती वाहन भी केवल 4 :** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की स्थिति यह है कि उसके पास भोपाल सहित चारों यूनिट में केवल 4 गश्ती वाहन हैं। यदि किसी वाहन में कोई खराबी आ जाए तो फिर यूनिट को किराए का वाहन लेना पड़ता है। जबकि शिकारियों की धरपकड़ और वन्यप्राणी अपराधों की जांच के लिए पर्याप्त गश्ती वाहन होना जरूरी है।

**2008 में हुआ था गठन :** वर्ष 2008 में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स का गठन हुआ था। भोपाल सहित इंदौर, जबलपुर और शिवपुरी में इसकी चार इकाइयां काम कर रही हैं। इसमें फारेस्ट गार्ड, रेंजर से लेकर डीसीएफ तक कुल 60 पद स्वीकृत है, जिसमें चारों इकाइयों में 38 का अमला काम कर रहा है। 22 पद लंबे समय से खाली हैं, जिस पर किसी का ध्यान नहीं है। अफसरों की मानें तो फोर्स का काम वन्यप्राणी अपराधों में क्षेत्रीय इकाइयों का जांच में सहयोग करना। वहीं शिकायत या सूचना के आधार पर प्रदेश में कहीं भी स्ट्राइक फोर्स रेड कर सकती है।

**पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ बोले-प्रयास जारी हैं:** पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ मुख्यालय शुभरंजन सेन ने इस संबंध में कहा कि बल की कमी सभी जगह बनी हुई है। जहां तक स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की बात है तो हम लोगों का प्रयास है कि जल्द से जल्द उसको पर्याप्त अमला मिल सके ताकि शिकारियों की धरपकड़ में कोई परेशानी न हो।

## ‘प्रसाद योजना’ से संवरेगी मां पीताम्बरा की नगरी, 44.24 करोड़ रुपए मंजूर

▶ केन्द्र सरकार ने स्वीकृत की राशि, दतिया बनेगा आध्यात्मिक पर्यटन का नया केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मां पीताम्बरा की नगरी को प्रदेश का प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल बनने के लिये सुविधा संपन्न बनाया जाएगा। केंद्र सरकार की ‘प्रसाद योजना’ के अंतर्गत मंदिर परिसर और उससे जुड़े क्षेत्र के विकास के लिए 44.24 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। उन्होने कहा कि इस योजना से धार्मिक स्थलों का कायाकल्प होगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ीकरण होगा। ‘प्रसाद योजना’ का उद्देश्य भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और पर्यटकों के लिए सुविधाजनक बनाना है।

बता दें कि इस योजना के तहत पीताम्बरा पीठ, दतिया में प्रमुख विकास कार्य किए जा रहे हैं। इन सभी कार्यों का लक्ष्य दतिया स्थित मां पीताम्बरा पीठ को एक ऐसा धार्मिक गंतव्य बनाना है, जहां आस्था और आधुनिकता का समन्वय हो। इससे न केवल तीर्थयात्रियों को एक बेहतर अनुभव मिलेगा, बल्कि दतिया को सामाजिक, आर्थिक और पर्यटन की दृष्टि से भी नई ऊंचाइयाँ मिलेंगी।



### 2 किमी के मार्ग पर खुले स्थानों का विकास

प्रमुख सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक म.प्र. टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि पीतांबरा पीठ में पर्यटन सेवाओं के विस्तार से पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। सुविधाएं बढ़ने से यह विकास तीर्थयात्रियों को आसानी होगी। हाइवे से मंदिर की ओर लगभग 2 कि.मी. के मार्ग पर पैदल आने वाले दर्शनार्थियों एवं वरिष्ठ जनों को ताजी हवा, खुला वातावरण और आराम प्रदान करने विशेष रूप से खुले स्थानों का विकास किया जाएगा। इन क्षेत्रों में हरियाली, बेंच, पेड़-पौधे और विश्राम करने के लिए स्थान होंगे। इससे पर्यटकों को ताजगी का अनुभव होगा।

### सार्वजनिक सुविधाएं, इंटरप्रिटेशन सेंटर

शहर के नागरिकों और पर्यटकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, कचरा प्रबंधन और अन्य सार्वजनिक सेवाओं को उन्नत किया जाएगा। शहर अधिक सुविधाजनक और सुगम बनेगा।

### रोटरी सहित मल्टी-लेवल कार पार्किंग भी

ग्वालियर एवं झांसी से आने वाले वाहनों/यात्रियों हेतु यातायात प्रबंधन को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए बम-बम भोले एवं हनुमान चौक पर रोटरी की डिज़ाइन की जाएगी। यह न केवल ट्रैफिक नियंत्रण में मदद करेगा बल्कि सौंदर्यीकरण में भी योगदान देगा। बढ़ती यातायात समस्या को ध्यान में रखते हुए, मंदिर के समीप बहु-स्तरीय कार पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। इससे वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या कम होगी और सड़कें अधिक व्यवस्थित रहेंगी। पार्किंग के भूतल पर दुकानों की व्यवस्था होगी। इससे दुकान व्यवस्थित हो सकेगी एवं श्रृद्धालुओं के लिये भी सुविधाजनक होगी। भविष्य में मल्टीलेवल पार्किंग को सीधे मंदिर पाथ-वे से जोड़ा जाएगा।

### फुटपाथों का पुनर्विकास, स्मार्ट डिस्प्ले और संकेतक होंगे

पैदल यात्रियों की सुरक्षा और सुगमता को सुनिश्चित करने के लिए फुटपाथों का पुनर्विकास किया जाएगा। इसमें समतल और मजबूत फुटपाथ, प्रकाश व्यवस्था, छाया के लिये शेड, पौध-रोपण और बैठने की सुविधाएं जोड़ी जाएंगी ताकि लोग आराम से चल सकें। शहर में प्रमुख स्थानों, पर्यटन स्थलों, मंदिरों और सार्वजनिक सुविधाओं के बारे में जानकारी देने के लिए स्मार्ट डिस्प्ले और संकेतक लगाए जाएंगे। डिजिटल और इंटरैएक्टिव बोर्ड की मदद से यात्री और नागरिक आसानी से दिशाओं, सूचनाओं और आवश्यक सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

## मुख्यमंत्री ने कहा, गांधीसागर अभयारण्य की जलवायु चीतों के लिए अनुकूल

# अब मंदसौर जिले का गांधीसागर अभयारण्य भी चीतों से गुलजार होगा, कल छोड़े जाएंगे

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इको सिस्टम के प्रॉपर डेवलपमेंट के लिए मध्यप्रदेश में वृहद स्तर पर काम हो रहा है। हमारी सरकार कूनो राष्ट्रीय उद्यान को एक आदर्श वन्य प्राणी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी। प्रदेश में सिर्फ कूनो ही नहीं, अब मंदसौर जिले का गांधीसागर अभयारण्य भी चीतों से गुलजार होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से आगामी 20 अप्रैल को गांधी सागर अभयारण्य में चीते छोड़े जाएंगे। कड़ी सुरक्षा में कूनो नेशनल पार्क से 2 चीते शिफ्ट कर गांधीसागर अभयारण्य में ले जाए जाएंगे। डॉ यादव ने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में पर्यटन तेजी से बढ़े, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार ग्वालियर से कूनो के लिए डायरेक्ट रोड और एयर कनेक्टिविटी भी विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ प्रदेश में चीता प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**खास बातें**

- कूनो आने वाले पर्यटकों को मिलेगी रोड-टू-एयर कनेक्टिविटी
- परिक्षेत्र में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के लिए खोले जाएंगे दीदी कैफे
- मुख्यमंत्री और केंद्रीय वन मंत्री ने की चीता प्रोजेक्ट की समीक्षा



### पशु चिकित्सालय और रेस्क्यू सेंटर भी खोलेंगे

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार के साथ मिलकर सबके सहयोग से हम चीतों का पुनर्वास करेंगे। ग्वालियर से कूनो नेशनल पार्क तक पक्की बारहमासी रोड बनाई जाएगी। कूनो में टेंट सिटी तैयार कर यहां आने वाले पर्यटकों को जंगल में प्रकृति के पास समय बिताने का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री यादव की मंशा के अनुरूप हम कूनो प्रक्षेत्र में इंटरनेशनल लेवल का एक पशु चिकित्सालय और रेस्क्यू सेंटर भी खोलेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार से भी मदद लेंगे। पशु चिकित्सालय के संचालन से कूनों के चीतों के इलाज के साथ-साथ इस पूरे क्षेत्र में गौवंश के उपचार में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के नेचर टूरिज्म सेक्टर में निहित असीम संभावनाओं को एक्सप्लोर करेगी। राज्य के अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं को वन्य पर्यटन से जोड़ेंगे।

### यहां जन्मे चीता शावकों का सर्वाइवल रेट अधिकतम

मुख्यमंत्री ने हर्ष व्यक्त किया कि मप्र में जन्मे चीता शावकों की जीवन प्रत्याशा (सर्वाइवल रेट) पूरे विश्व में सर्वाधिक है। चीतों के लिए जरूरी जलवायु की दृष्टि से गांधीसागर अभयारण्य अनुकूल है, इसलिए सरकार यहां चीते छोड़कर इस अभयारण्य को भी चीतों से गुलजार करेगी। चीता मित्र और महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को टूरिस्ट गाईड भी बनाएंगे, कूनो में राज्य आजीविका विकास मिशन से दीदी कैफे संचालित किए जाएंगे, जिससे चीता मित्रों और महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

### केंद्रीय मंत्री ने दिया टॉस्क फोर्स बनाने पर जोर

केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने वन्य प्राणियों की पुनर्वास परियोजनाओं की देखरेख के लिए वन, पर्यटन, पशु चिकित्सा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य एवं परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का एक टास्क फोर्स बनाया जाए।

### थल सेना प्रमुख ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**भोपाल।** देश के थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को समत्व भवन पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुष्प-गुच्छ, अंग वस्त्रम और राजा भोज की प्रतिमा भेंट कर थल सेना प्रमुख का स्वागत किया। वहीं सेना प्रमुख ने मुख्यमंत्री को मणिपुरी शैली में निर्मित राधा कृष्ण की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान प्रदेश में जारी विकास गतिविधियों, उद्योगों के विस्तार तथा युवाओं में कौशल उन्नयन के लिए चलाए जा रहे अभियान की उन्हे जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेश में विद्यमान सैन्य इकाईयों के प्रबंधन संबंधी विषयों पर भी चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल पी.पी. सिंह तथा मेजर जनरल सुमित भी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार के लिए चयनित शासकीय अधिकारियों की सूची जारी

▶ सीएम प्रदान करेंगे एक लाख रुपए का नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सामान्य प्रशासन विभाग ने नवाचार श्रेणी के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2022-23 चयनित शासकीय अधिकारियों की सूची जारी की है। सूची में 6 क्षेत्रों के लिए 14 शासकीय अधिकारियों के नाम शामिल हैं। सभी चयनित शासकीय सेवकों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा एक लाख रुपए नकद और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। अधिकारियों को यह पुरस्कार अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए नवाचार के लिए दिया जा रहा है। सम्मान समारोह का आयोजन नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में किया जाएगा। शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण, अधोसंरचना, नागरिक सेवा प्रदाय-सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, रोजगार एवं आर्थिक विकास क्षेत्रों में नवाचार के लिए पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं।

### ये अधिकारी होंगे पुरस्कृत

पुरस्कार के चयनित अधिकारियों में शीला दाहिमा, माधव प्रसाद पटेल, अदिति गर्ग, डॉ. इंदिरा दांगी, शारदा डुडवे, आलोक पौराणिक, चंद्रमोहन ठाकुर, डॉ. यशपाल सिंह, संजय जोशी, अमित तोमर, ऋषव गुप्ता, गणेश शंकर मिश्रा, दिव्यांक सिंह और प्रवीण सिंह के नाम शामिल हैं।

## युवा कांग्रेस का चुनाव कार्यक्रम घोषित आईवायसी मोबाइल एप पर होगी वोटिंग

▶ 27 अप्रैल से छह मई तक होगी नामांकन की प्रक्रिया, 7 मई तक स्वीकार किए जाएंगे दावे आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस का चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। इसके लिए 27 अप्रैल से छह मई तक नामांकन की प्रक्रिया होगी। इस दौरान नामांकन पर दावे-आपत्ति 28 अप्रैल से 7 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।

नामांकन की जांच 7 से 9 मई तक की जाएगी और नामांकन को अंतिम रूप 11 मई को दिया जाएगा। 18 से 35 वर्ष की आयु वाले ही चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवायसी) एप के जरिए से वोटिंग होगी। सदस्यता के साथ ही वोटिंग का मिलेगा अधिकार।

राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि अब ऐसा दौर शुरू हो रहा है, जब पार्टी के युवा नेता सीधे चुनाव के माध्यम से चुने जाएंगे, न कि उन्हें नामांकित किया जाएगा। यह बदलाव भारतीय राजनीति के लिए ऐतिहासिक है और यह सच्चे लोकतंत्र की पहचान है।यह कदम राहुल गांधी के विजन का हिस्सा है, जब वे साल 2008 में भारतीय युवा और एनएसयूआई के प्रभारी थे। इस प्रक्रिया से हर क्षेत्र के युवकों को राजनीति में उतरने का मौका मिलेगा। वहीं, चुनावों में निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जोनल और राज्य स्तर पर रिटर्निंग ऑफिसर्स की टीम तैनात की गई है।

### डिजिटल एप किया लांच

उन्होने कहा कि इसके लिए एक डिजिटल ऐप लॉन्च किया गया है। जिसमें 27 अप्रैल से 6 मई तक नामांकन चलेगा। 7 से लेकर 9 मई तक स्कूटनी का काम किया जाएगा। उसी के आधार फाइनल कैंडिडेट की लिस्ट 11 मई तक प्रकाशित होगी। उसके बाद सदस्यता और चुनाव की तारीखों की जानकारी वेबसाइट पर मिलेगी। वहीं, चुनावों का रिजल्ट 5-6 महीने के अंदर आ सकता है। इसका मेंबरशिप शुल्क 50 रुपए है।

## पटवारी ने कहा 78% संपत्ति अडानी-अंबानी को बेच दी

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रदेश प्रभारी चौधरी बोले-देश विचारों और विजन से चलता है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को छतरपुर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ली। इस दौरान प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कि देश तानाशाही ने नहीं, विचारों और विजन से चलता है। देश में मोदी का और प्रदेश में मोहन यादव का विकास और जनता के अधिकारों, सम्मान और उनकी सुरक्षा के लिए कोई विजन नहीं है, वे तो जनता को भ्रमित कर केवल टेलीविजन पर अपनी छवि चमकाने में माहिर हैं। कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेस संगठन के लोग जब जनता की आवाज बनकर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट और सक्रिय रहेंगे तो हर तानाशाही ध्वस्त हो जायेगा। चौधरी ने पार्टी की रीढ़ की हड्डी कार्यकतार्ओं से संवाद कर समग्रता एवं सामंजस्य की सोच के साथ संगठन का विस्तार हर गांव, गली, मोहल्ले तक करने की बात कहीं।

वहीं पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कांग्रेस कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुये संगठन की मजबूती और भाजपा सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, किसानों पर अत्याचार, महिलाओं पर अत्याचार आदि मुद्दों पर संवाद किया। विश्वगुरू बनाने वाले मोदी ने आज देश की 78 प्रतिशत संपत्ति 13 प्रतिशत लोगों, अड़ानी और अंबानी के हाथों में दे दी है, और 80 प्रतिशत के पास मात्र 20 प्रतिशत संपत्ति बची हैं, यह कैसा देश है।

## प्रदेश में जल संकट प्रदेश सरकार की नाकामी : नायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में जल संकट की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है और यह संकट अब राज्य के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में अपनी जड़ें जमा चुका है। लाखों लोग पीने के पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जिसने उनकी जिंदगी को मुश्किल में डाल दिया है।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने इस गंभीर स्थिति के लिए भाजपा सरकार की नीतियों और कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार की निष्क्रियता, भ्रष्टाचार और जनविरोधी फैसलों ने मध्य प्रदेश की जनता को इस संकट की आग में झोंक दिया है। यह एक ऐसा संकट है जो केवल कागजी योजनाओं और बड़े-बड़े वादों से हल नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए ठोस कदमों और जवाबदेही की जरूरत है, जो भाजपा सरकार में कहीं नजर नहीं आती।

राज्य के अलग-अलग हिस्सों से जल संकट की ऐसी कहानियां सामने आ रही हैं जो दिल दहला देने वाली हैं और सरकार की विफलता को साफ तौर पर उजागर करती हैं। नायक ने आगे कहा कि इछावर विधानसभा क्षेत्र, जो राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का अपना क्षेत्र है, वहां की स्थिति बेहद चिंताजनक है। यह सोचने वाली बात है कि एक मंत्री के क्षेत्र में भी लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 18 साल के लंबे कार्यकाल के बावजूद, इस क्षेत्र के गांवों में आज भी मूलभूत जल सुविधाओं का अभाव है।

## - सरकार पहले केंद्र सरकार के स्कीम पर सोसायटियों का पुनर्गठन कराएगी, इसके बाद ही चुनाव संभव

# हाईकोर्ट की सख्ती के बाद सरकार ने सोसाइटियों का चुनाव कार्यक्रम तो जारी किया पर अभी सदस्य ही नहीं बने, सवाल है कि चुनाव कैसे होंगे

हरि अग्रहरि ▶▶ भोपाल

खास खबर

मप्र में 4,553 सहकारी सोसायटियों का चुनाव अभी नहीं हो पाएगा। हाईकोर्ट की सख्ती के बाद राज्य सरकार ने 24 मार्च को पांच चरणों में चुनाव कराने का कार्यक्रम जारी किया है। यह चुनाव एक मई से 4 सितंबर तक होना है। पर तैयारी के नाम पर अभी तक में कुछ नहीं हुआ है। मेंबरशिप पूरी नहीं करा पाए। दूसरी तरफ, मप्र सरकार केंद्र सरकार के सहकार योजना के पुनर्गठन स्कीम की बाट जोह रही है। हाईकोर्ट में भी वही दलील देने की तैयारी है कि पुनर्गठन प्रक्रिया पूरी होने से पहले चुनाव कराना संभव नहीं है। ऐसे में 2025 में चुनाव करा पाना बेहद मुश्किल है। प्रदेश की सहकारी सोसायटियों में पिछले 12 साल से चुनाव नहीं हुए हैं। जबकि एक्ट में साफ लिखा है कि चुनी हुई सोसायटियों का कार्यकाल 5 वर्ष ही होगा। किंतु सरकार ने 2017 में चुनाव के बजाय प्रशासक की नियुक्ति कर दी। इसमें भी धांधली की शिकायतें हुई थी, किंतु मामला दब गया। 2018 में विधानसभा चुनाव होने से चुनाव टल गए। जब कांग्रेस की सरकार आई तो उसने भी चुनाव कराने की जहमत नहीं उठाई। सवा साल बाद वह सरकार भी गिर गई और कोरोना व अन्य कारणों से चुनाव टलता रहा। यह मामला अभी हाईकोर्ट में उठा तो कोर्ट ने सरकार से चुनाव कराने तथा कार्यक्रम जारी करने का सख्त निर्देश दिया। सरकार ने भी उसी अंदाज में चुनाव कार्यक्रम जारी करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया।

### भारत सरकार पुनर्गठन स्कीम भी बहाना बना

इस बीच भारत सरकार ने देश के सभी राज्यों से कहा कि उनके यहां चूंकि संख्या के अनुपात में सोसायटियों की संख्या कम है, ऐसे में इसका पुनर्गठन कराएं। मप्र सरकार को इस स्कीम का बहाना मिल गया। इस पुनर्गठन के लिए तीन महीने का समय तय किया गया है। इस पुनर्गठन के बाद प्रदेश में सोसायटियों की संख्या बढ़कर करीब 12 हजार हो जाएगी। दरअसल, प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक सोसायटी बनना है, अभी कई-कई पंचायतों को मिलाकर सोसायटी है। दिलचस्प यह है कि इस पुनर्गठन स्कीम की वजह से 2025 में चुनाव हो पाना मुश्किल है।

**सोसायटियों में चुनाव नहीं होने से यह आ रही है दिक्कतें**

प्रदेश की सहकारी सोसायटियों में चुनाव नहीं होने की वजह से सहकारिता का पूरा सिस्टम डंप पड़ गया है। सोसायटियों में किसानों से जुड़ी गतिविधियों के नाम पर महज खानापूर्ति हो रही है। बताते हैं कि प्रशासक उन सोसाटियों में जमकर मनमानी करते हैं, पर पंचायत का कोई प्रतिनिधि नहीं होने से वे कुछ नहीं कर पाते। सहकारिता विभाग में ही हजारों की संख्या में शिकायतें लंबित है। राजनैतिक हस्तक्षेप की वतह से कार्रवाई तो दूर उन शिकायतों की जांच भी नहीं हो पाती। सरकार की जिम्मेदारी का अहसास इसी से किया जा सकता है कि 13 साल पहले 2012 में सोसायटियों के चुनाव हुए थे, तब से लेकर आज तक नहीं हुए।

### सोसायटियों में इस वक्त मेंबरशिप भी नहीं है

सबसे पहले नियमों के अनुसार सोसायटी मेंबर बनते हैं। इसके लिए एक मापदंड तय है कि अमुक किसान को ही सदस्य बनाया जा सकता है। यदि अभी मेंबरशिप की प्रक्रिया शुरू होती है तो कम से कम 60 दिन का समय लगना तय है। चूंकि पहले सोसायटियां मेंबरशिप की सूची देती है, फिर उसका प्रकाशन होता है। इसके बाद रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति होती है, मेंबरशिप का प्रकाशन स्थानीय स्तर पर होता है। इसके बाद यदि सदस्य संतुष्ट नहीं हैं तो अपीलीय अधिकारी नियुक्त कर उसका निराकरण कराया जाता है। अपीलीय अधिकारी की ओर से फाइनल सूची का प्रकाशन होता है। इसके बाद ही चुनाव आदि कराया जा सकता है।

हाईकोर्ट के निर्देश पर सोसायटियों का चुनाव कराने के लिए हम बाध्य हैं। हमारी तैयारी चल रही है, जैसे ही तैयारी पूरी हो जाएगी, उसी तारीख पर चुनाव करा लिया जाएगा।

**अशोक वर्णवाल,** अपर मुख्य सचिव, सहकारिता मप्र शासन

### आरोग्य भारती के मासिक प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित

# जीवन को स्वस्थ व सकारात्मक दिशा में मोड़ने का दिया मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्तमान समय में जब जीवन भागदौड़ और तनाव से भरा हुआ है, ऐसे में स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच के महत्व को समझना पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य को लेकर आरोग्य भारती भोपाल महानगर द्वारा आयोजित मासिक प्रबोधन कार्यक्रम में 'स्वास्थ्य प्रबंधन से जीवन प्रबंधन' विषय पर प्रेरणादायक एवं विचारोत्तेजक संबोधन दिया।

यह आयोजन अपेक्स बैंक परिसर स्थित समन्वय सभागृह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य) संदीप यादव ने की।

इस अवसर पर आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने सारस्वत वक्ता के रूप में आरोग्य भारती के सेवा कार्यों, विचारधारा और जनकल्याण के लिए चलाए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सक, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने वक्ताओं के विचारों से प्रेरणा लेते हुए स्वयं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए संकल्पित किया।

**जनस्वास्थ्य में नवाचार की आवश्यकताः यादव**

*मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष संदीप यादव ने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन की असली पूंजी है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुआयामी प्रयास कर रही है, जिसमें आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के साथ-साथ आयुर्वेद, योग, नेचुरोपैथी जैसी भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को भी समान महत्व दिया जा रहा है। उनका कहना था कि स्वस्थ समाज के निर्माण में जनजागरूकता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इस दिशा में आरोग्य भारती का योगदान अत्यंत सराहनीय है।*

**आरोग्य भारती के राष्ट्रव्यापी प्रयास**

*कार्यक्रम में डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय ने आरोग्य भारती के माध्यम से देशभर में चल रहे स्वास्थ्य जागरूकता अभियानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे यह संगठन जनसामान्य को जीवनशैली संबंधी छोटे-छोटे बदलावों के माध्यम से दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ देने हेतु प्रयासरत है।*

### कोर्ट में अगली सुनवाई 1 मई को

# आरोपी फर्जी डॉक्टर की पुलिस रिमांड खत्म, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मिशनरी द्वारा संचालित मिशन अस्पताल मे फर्जी कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ. नरेंद्र जॉन केन उर्फ नरेंद्र यादव की पुलिस रिमांड शुक्रवार को खत्म हुई तब पुलिस उसे मेडीकल चैकअप कराने जिला अस्पताल पहुंची, उसके बाद आरोपी को न्यायाधीश पलक सिंघई दिवाकर की अदालत में किया पेश किया गया, कोतवाली पुलिस द्वारा 1 मई 2025 तक का जीआर मांगा गया जिसे न्यायाधीश द्वारा प्रदान किया गया।



वहीं आरोपी के अधिवक्ता ने दो बिंदु का आवेदन दिया, जिसमें उन्हें अभियुक्त से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुलाकात व उनकी लीगल फीस के लिए मोबाइल उनके मुवक्किल को कुछ देर के लिए सौंपे जाने की मांग की, जिससे उन्हें फीस मिल सके। वहीं न्यायाधीश के आदेश पर आरोपी डॉक्टर को जेल भेजा गया, जब पुलिस आरोपी डॉक्टर को लेकर बाहर निकली तो डॉक्टर का कहना था कि उसे न्यायालय व पुलिस पर भरोसा है और न तो उसकी डिग्री फर्जी है और न ही दस्तावेज।

परिवार के बारे में डॉक्टर का कहना था कि वो विदेश में है, इसके बाद पुलिस आरोपी डॉक्टर को जिला जेल ले गई जहां औपचारिक कार्यवाही के बाद भीतर ले जाया गया। न्यायालय में अगली सुनवाई 1 मई 2025 को होगी। आरोपी के अधिवक्ता द्वारा सोमवार को जमानत के लिए आवेदन लगाने की बात मीडिया से कही।

## पेज एक का शेष...

**मां शारदा मंदिर में...**

रोपवे से लाने-ले जाने की सुविधा, मां शारदा की चुनरी और प्रसाद भी उपलब्ध कराया जाएगा। इससे श्रद्धालुओं को एक बेहतर और सुगम अनुभव मिलेगा। यह निर्णय मैहर कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई मंदिर समिति की बैठक में लिया गया है। मैहर के एसडीएम विकास सिंह ने बताया कि मां शारदा मंदिर पर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिससे उन्हें दर्शन के लिए घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। कुछ श्रद्धालु ऐसे भी हैं जो वीआईपी व्यवस्था को प्राथमिकता देते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति ने निर्णय लिया है कि वीआईपी व्यवस्था लागू की जाएगी। इस व्यवस्था के तहत श्रद्धालु 1100 रुपए देकर रोपवे से आने-जाने की सुविधा, मां शारदा के सुगम दर्शन, चुनरी और प्रसाद प्राप्त कर सकेंगे।

**यूनेस्को के मेमोरी ...**

*कार्यक्रम की योजना और इसकी देखरेख एक अंतरराष्ट्रीय सलाहकार समिति (आईएएसी) करती है। आईएएसी में 14 सदस्य होते हैं। इनकी नियुक्ति यूनेस्को के महानिदेशक करते हैं।*

**गीता और नाट्यशास्त्र...**

है। यह भारतीय रंगमंच, काव्यशास्त्र, सौंदर्यशास्त्र, नृत्य और संगीत को प्रेरित करता है। ये दोनों ग्रंथ लंबे समय से भारत की सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत के मूल आधार रहे हैं।

**सीएम बोले-बाघ, तेंदुआ...**

में ध्यान रखना होगा कि विकास से जनजातीय वर्ग के हित प्रभावित न हो। उन्होंने किंग कोबरा सहित रैप्टाइल्स की प्रजातियों के संरक्षण के लिए व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता जताते हुए कहा कि इससे सर्पदंश की घटनाओं में कमी आएगी। डॉ. यादव ने कहा कि वन क्षेत्र में विद्यमान जनजातीय समुदाय के पूजा और आस्था स्थलों के संरक्षण के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी। आवश्यकता होने पर केंद्र शासन से भी सहयोग प्राप्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री जनजातीय क्षेत्रों में वन पुनर्स्थापना, जलवायु परिवर्तन और समुदाय आधारित आजीविका पर प्रशासन अकादमी में राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि हमें प्रकृति के संरक्षण के लिए समुदाय आधारित योजनाएं तैयार करने की जरूरत है। पृथ्वी पर निवासरत प्रत्येक व्यक्ति को ऊर्जा, अन्न और जल को सुरक्षित रखना होगा।

**जनजातीय समाज, वनों का अभिन्न संबंधः** केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि जनजातीय समाज और वनों का संबंध अभिन्न है। मिश्रित वनों के क्षरण के कारण जनजातीय समुदाय वन क्षेत्र से पलायन के लिए विवश हो रहा है। इसी का परिणाम है कि वन प्रबंधन और जनजातीय समुदाय के आजीविका के संसाधनों पर विचार-विमर्श की आवश्यकता उत्पन्न हो रही है। मुख्य वक्ता गिरीश कुबेर ने कहा कि वन और वनवासियों के परस्पर हित एक दूसरे में निहित हैं। जनजातीय समाज की अजीविका का विषय वर्तमान परिदृश्य में बहुत संवेदनशील है। भारतीय ज्ञान परंपरा, वाचिक स्रोतों और पीढ़ी दर पीढ़ी चले आ रहे ज्ञान को महत्व देना आवश्यक है।

**वन-पर्यावरण के संरक्षण...**

की सफलता की कामना करते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्रों की सामाजिक-आर्थिक प्रगति के साथ-साथ वन-पर्यावरण के संरक्षण में भी यह कार्यशाला उपयोगी सिद्ध होगी।

**आरक्षण के अंदर...**

की थी। दिसंबर 2023 में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी राजीव रंजन मिश्रा को इस उद्देश्य के लिए नियुक्त किया गया था। आयोग ने 2011 की जनगणना के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर केंद्र को भेजी थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर अब यह फैसला लिया गया है। तेलंगाना ने इसी साल 14 अप्रैल को तीन ग्रुप बनाकर एससी आरक्षण का पुनर्वितरण किया था। राज्य सरकार ने इसके लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज शमीम अख्तर की अध्यक्षता में एक कमीशन गठित किया था। वहीं हरियाणा में नायब सिंह सैनी की सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट मीटिंग में एससी और एसटी कोटे में आंतरिक वर्गीकरण का फैसला लिया गया।

**सुप्रीम कोर्ट ने पलटा 20 साल पुराना फैसला:** 1 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए राज्यों को अनुसूचित जातियों और जनजातियों के भीतर सब-क्लासिफिकेशन का अधिकार दे दिया। सात जजों की संविधान पीठ ने 6:1 के बहुमत से यह फैसला सुनाया और 2004 में आए ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश केस के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि एससी जातियों को आंतरिक तौर पर विभाजित नहीं किया जा सकता। नए फैसले का उद्देश्य सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ी जातियों तक आरक्षण का लाभ सही तरीके से पहुंचाना है।

**नहर में कार गिरने....**

निकली। कार जय सिंह चला रहा था। सभी लोग कोलार डैम की तरफ जा रहे थे। सभी लोग होली क्रॉस स्कूल से कुछ दूरी पर सेमरी रोड पर पहुंचे थे, तभी रात करीब 9 बजे नहर के पास सड़क पर गाय आ गए। एकाएक सड़क पर आई गाय को बचाने जय सिंह से कार अनियंत्रित हो गई और सड़क से उतरकर नहर में जा घुसी। हादसे में हर्षिता शर्मा को गंभीर चोट थी। साथी उसे चूनाभट्टी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद हालत नाजुक बताते हुए हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने हर्षिता को मृत घोषित कर दिया।

**कहां रुकी थी किसी को नहीं जानकारी:** परिजन को पता नहीं था कि हर्षिता भोपाल कब पहुंची और कहां रुकी थी। बताया जा रहा है कि वह मिनाल के पास किसी होटल में रुकी हुई थी। बीस अप्रैल को उसके भाई का जन्मदिन था। वह जन्मदिन से पहले भोपाल आ गई थी। उसे भाई का बर्थ-डे मनाना था। इससे पहले ही हादसे का शिकार हो गई। पुलिस ने कार चला रहे जय सिंह पर तेजी और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज किया है। हर्षिता शर्मा के पिता प्रदीप शर्मा प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके मोबाइल पर रात करीब साढ़े 10 बजे हर्षिता की दोस्त शिवानी का कॉल आया था। उसने बताया कि हर्षिता की कोलार रोड पर अकादमी नर्सिंग हेल्थ साइंस कॉलेज सेमरी रोड पर एक्सीडेंट हो गया है।

**ट्रक ने बाइक सवारों...**

भैरा गांव के निवासी हैं। यह लोग ओटापुरवा में ललता अहिरवार के यहां आयोजित कार्यक्रम में आये थे। घटना से लोगों में आक्रोश है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगाकर मुआवजे की मांग की। पुलिस ने समझाइश देकर उन्हें शांत कराया। बाइक सवार कार्यक्रम में शामिल होने के बाद ये वापस अपने गांव भैरा जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। मिजाजी की पत्नी सुरक्षित है। बताया गया है कि यह सभी लोग एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे।

**स्कूलों के आवेदन में...**

है। उनका कहना है कि शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने और बच्चों को सुरक्षित व बेहतर शैक्षिक वातावरण देने के लिए यह कदम जरूरी था। इसके अलावा, ऐसे स्कूल जो छात्रों की जानकारी अपडेट करने में लापरवाही बरत रहे हैं, उन्हें भी नोटिस जारी किया गया है। समय पर सुधार न होने पर उनकी भी मान्यता रद्द की जा सकती है।

**मप्र हाईकोर्ट के जमानत...**

जेब से रिश्वत के पैसे (बरामद हुए थे। हाईकोर्ट ने कहा कि जब तक आरोपी अपनी आधी सजा नहीं काट लेता, तब तक जमानत नहीं दी जा सकती।

**हाईकोर्ट ने क्या तर्क दिया था?:** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा था, आरोपी की जेब से रिश्वत के नोट मिले हैं और उसकी ओर से इसका कोई सही जवाब नहीं आया है। यह आरोपी की दूसरी जमानत याचिका थी, जो पहली याचिका खारिज होने के सिर्फ दो महीने बाद दायर की गई थी। इसलिए, आरोपी को जमानत की मांग दोबारा तभी करनी चाहिए जब वह अपनी आधी सजा काट चुका हो।

**सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी:** सुप्रीम कोर्ट ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जमानत से जुड़े कानून पहले से तय हैं और अदालतों को उन्हीं का पालन करना चाहिए। छोटे-मोटे मामलों में जमानत न देना, खासकर जब ट्रायल लंबा चलने वाला हो, न्याय के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट पहले भी कई बार कह चुका है कि अगर अपील पर जल्दी सुनवाई संभव नहीं है, तो दोषियों को जमानत मिलनी चाहिए।

**महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट, सतना, म.प्र. - 485334**

// निविदा सूचना //

पत्रांकः Pur/ 25-26/153(D-6) दिनांक 02.04.25

शासन में पंजीकृत / निमार्ता कम्पनियों / अधिकृत विक्रेताओं / आपूर्तिकर्ता / मुद्रकों / निविदाकार फर्मो से निम्नलिखित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। सामग्रियों की विस्तृत मात्रा, विशिष्टियाँ, निविदा के नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में अंकित हैं।

| निविदा क्र. | सामग्री / कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य ( रु. लाख में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य ( रुपये ) |
|---|---|---|---|
| 122/pur /etend | सी.एम.सी.एल.डी.पी. संथान हेतु उत्तर पुस्तिकाओं आदि के मुद्रण कार्य की ई-निविदा | 29.00 | 3000.00 |
| 123/pur /etend | आयुर्वेद विभाग के लिए उपकरणों के क्रय हेतु ई-निविदा | 14.50 | 1500.00 |
| 124/pur /etend | विभिन्न विभागों के लिए कम्प्यूटर, प्रिन्टर आदि के क्रय हेतु ई-निविदा | 4.20 | 500.00 |

1. इच्छुक निविदाकार बेवसाइट http://mptenders.gov.in पर NIT एवं विस्तृत निविदा देख सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र पोर्टल पर आनलाइन 05.04.2025 को 5:00 P.M. से उपलब्ध रहेगा, एवं 26.04.25 को 5.00 P.M. तक भरा जा सकेगा। अन्य महत्वपूर्ण तिथियों के लिये पोर्टल पर NIT ई-निविदा प्रपत्र देखें ।
3. NIT एवं निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन की सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नही की जायेगी, संशोधन सूचना केवल http://mptenders.gov.in पर प्रदर्शित की जायेगी ।

Ph 07670-265411 e-mail: purchase@gramodayachitrakoot.ac.in

कुलसचिव

### शराब की पेटी पहुंचाने पर देता था 50 रुपए

# नाबालिग से शराब की तस्करी कराने वाले तस्कर पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद पुलिस ने एक नाबालिग से शराब की दो पेटियां जब्त की है। नाबालिग से पुलिस ने शराब के बारे में पूछताछ की तो उसने चौकाने वाला जवाब दिया। उसने कहा कि यह शराब उसे प्रकाश मंडल नाम के अंकल देते हैं। शराब की बेटियां उनके बताए ठिकाने पर पहुंचाने से प्रति पेटी के हिसाब से उसे पचास रुपए मिलते हैं। पुलिस ने नाबालिग से शराब जब्त करते हुए आरोपी प्रकाश मंडल के खिलाफ जेजे एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार काफी दिनों से पुलिस को सूचना मिल रही थी एक बच्चा अवैध शराब की तस्करी कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस की टीम हरकत में आई और नाबालिग पर नजर रखी गई। इस दौरान नाबालिग शराब की पेटी के साथ मिल गया। नाबालिग से पूछा गया कि उक्त शराब कहां से आई तो वह कहने लगा कि एक अंकल उसे शराब की पेटियां दे कर जाते है, लेकिन वह उसका नाम नहीं बता रहा था। उसे बातों में उलझाकर पूछताछ की तो उसने बताया कि प्रकाश मंडल उसे शराब देता है। वह करीब पंद्रह दिन से पैसों का लालज देकर उसे शराब देकर यहां वहां भेजता था। नााबालिग होने के कारण उस पर किसी को संदेह भी नहीं होता था। पुलिस ने नाबालिग से पूछताछ के बाद प्रकाश मंडल के खिलाफ जेजे एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# बेवजह हॉर्न बजाने से मना करने पर मारा चाकू

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित पीपल वाली गली मदीना डेयरी के सामने शुक्रवार दोपहर एक्टिवा सवार दो बदमाशों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया। दरअसल, युवक बाइक से अस्पताल जा रहा था, तभी पीछे एक्टिवा से आ रहे दो युवक बेवजह हॉर्न बजा रहे थे। युवक ने उन्हें बेवजह हॉर्न नहीं बजाने की बात कही तो वह भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए चाकू से हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार जहांगीराबाद निवासी सोहेल सिद्दीकी (34) ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे वह अपने घर से अस्पताल जा रहे थे। उनकी बाइक के पीछे एक्टिवा सवार दो युवक बेवजह हार्न बजाने लगे। उन्होंने बाइक रोकी और बेवजह हॉर्न बजाने का कारण पूछा तो वह भड़क गए और गालीगलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर आरोपी मारपीट पर उतारू हो गए और अपने पास रखा चाकू निकालकर सोहेल की पीठ पर मार दिया।




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम Ramesh Kumar Khanna था। जो मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर Ramesh Khanna हो गया है। अतः मुझे अब Ramesh Khanna S/O Dularooba के नाम से जाना/ पहचाना जाए। ADDRESS : 94, Pipal Colony, Karond, Bhopal (M.P.) - 462038

**आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना**

@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 10X4 cm

अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm

1 अप्रैल 2024 से लागू







## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5841



**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 5840 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | स | ह | यो | ग | ■ | अ | दा | ब | त |
| र | क्स | ■ | रा | ■ | ग | रु | ड़ | ■ | न | र |
| ख | ■ | स | ना | त | न | ■ | ना | म | ■ | क |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | चुं | गी | ■ | त | म | स |
| खा | ■ | मा | ■ | चा | बी | ■ | सी | ■ | ही | ■ |
| ब | ल | या | का | र | ■ | प | रा | या | प | न |
| ■ | क | ■ | या | ■ | का | ल | ■ | द | ■ | क |
| द | वा | त | ■ | भ | ला | ■ | ■ | गा | य | ब |
| र | ■ | र | ज | ■ | बा | जी | ग | र | ■ | ज |
| क | र | ■ | ल | ह | जा | ■ | जं | ■ | खा | न |
| ना | जा | य | ज | ■ | र | घु | ना | थ | क | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5851

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5850 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

# पतंजलि मप्र में स्थापित करेगा कृषि आधारित मॉडल : आचार्य बालकृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

जिला मऊगंज की बंजर और ऊसर भूमि अब किसानों की उपज के लिए व उनकी समृद्धि का द्वारा खोलेगी और विकसित विंध्य का एक नया अध्याय जोड़ेगी।

इस बड़े कार्य के लिए मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और विभाग के अन्य अधिकारियों ने मऊगंज स्थित उक्त भूमि की रजिस्ट्री की कॉपी का स्थानांतरण पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण के माध्यम से पतंजलि योगपीठ को किया। इसके पश्चात आचार्य ने मऊगंज के डीएम संजय कुमार जैन के साथ स्थानीय भूमि का निरीक्षण कर भावी योजनाओं का विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर आचार्य ने कहा कि स्वामी रामदेव के नेतृत्व में पतंजलि योगपीठ ने किसानों की समृद्धि के लिए जो स्वप्न देखा था, उसको साकार करने में पतंजलि का सेवा प्रकल्प शीघ्र ही साकार होगा।

मप्र में पतंजलि की कृषि क्रांति का शंखनाद, मऊगंज में पतंजलि की व्यापक कार्य योजना



## मऊगंज जिले के ग्राम घुरेहटा में औद्योगिक पार्क विकसित करने की योजना

आचार्य ने कहा कि जब हम अपने राष्ट्रभाव व कर्तव्य को सामाजिकता से जोड़कर लोकहित व लोक कल्याण के साथ कोई संकल्प लेते हैं तो निश्चित ही बहुत बड़ा कार्य किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पतंजलि ने विंध्य क्षेत्र के लिए औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन के तहत राज्य में किसानों की समृद्धि बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक व्यापक और समग्र योजना विकसित की है। इस योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश के रीवा क्षेत्र, मऊगंज जिले के ग्राम घुरेहटा में औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन के अंतर्गत पतंजलि की औद्योगिक पार्क विकसित करने की योजना है। इस योजना का उद्देश्य न केवल आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना है, बल्कि स्थानीय समुदायों के बीच जागरूकता और कौशल विकास को भी बढ़ावा देना है, जिससे एक समृद्ध और आत्मनिर्भर कृषि क्षेत्र का निर्माण हो सके।

### पतंजलि की शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ भी मिल सकेगा

आचार्य ने बताया कि यह अभिनव पहल राज्य में कृषि आधारित मॉडल स्थापित करेगी, जिसमें फसल विविधीकरण, प्रशिक्षण केंद्र, बीज इकाइयां, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां शामिल रहेंगी, ताकि किसानों को बेहतर संसाधनों और तकनीकी सहायता प्रदान की जा सके। साथ ही स्थानीय निवासियों को पतंजलि की शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ भी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि पतंजलि पहले से ही राज्य में फसल विविधीकरण की दिशा में प्रयास कर रहा है, जिससे स्थानीय कृषि की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आजीविका में सुधार होगा। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में कृषि क्षेत्र की समृद्धि, कृषि प्रशिक्षण के माध्यम से किसानों की कौशल वृद्धि, रोजगार सृजन, सामाजिक विकास और पर्यटन का बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

## पतंजलि योगपीठ व अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के बीच हुआ समझौता



योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेद आधारित सर्वश्रेष्ठ शोध संस्थान पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार एवं उच्च शिक्षण संस्थान अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) के मध्य परस्पर सहयोग एवं शैक्षणिक समन्वय के लिए एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ की अध्यक्षता करते हुए आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि इस एमओयू का उद्देश्य योग, प्राकृतिक चिकित्सा , आयुर्वेद एवं संबंधित भारतीय परंपरागत ज्ञान प्रणालियों के क्षेत्र में शैक्षणिक, अनुसंधानात्मक एवं विकासात्मक गतिविधियों में परस्पर सहयोग सुनिश्चित करना है। आचार्य ने बताया कि इस एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थानों के सहयोग से योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेद से संबंधित पाठ्यक्रमों का विकास एवं संचालन किया जाएगा। साथ ही संयुक्त रूप से शोध परियोजनाएं एवं संगोष्ठियों का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उक्त एमओयू के तहत दोनों संस्थानों के शैक्षणिक एवं तकनीकी विशेषज्ञों का परस्पर आदान-प्रदान कर ज्ञान साझा किया जा सकेगा। इसमें छात्रों के प्रशिक्षण, इंटर्नशिप एवं फील्ड वर्क की व्यवस्था भी रहेगी। दोनों संस्थानों में संचालित पुस्तकालय, प्रयोगशाला, शोध संसाधनों आदि का आपसी उपयोग भी किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त योग एवं आयुर्वेद से संबंधित प्रमाणपत्र/डिप्लोमा/डिग्री पाठ्यक्रमों का समन्वित संचालन भी किया जाएगा। इस अवसर पर अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के कुलपति प्रो. राजेन्द्र कुमार कुरारिया ने कहा कि पतंजलि योगपीठ योग, प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेद आधारित सर्वश्रेष्ठ शोध संस्थान है। हम पतंजलि के साथ संयुक्त रूप से कार्य कर योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा पर व्यापक शोध कर ज्ञान साझा करेंगे। कार्यक्रम में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के कुलसचिव डॉ. सुरेंद्र सिंह परिहार भी उपस्थित रहे।

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी विश्वविद्यालय में हुई जीसीसीआई मप्र की राज्य स्तरीय बैठक



भोपाल । एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में गाय आधारित उद्योगों के वैश्विक परिसंघ (जीसीसीआई) की मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय बैठक हुई इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता जीसीसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. वल्लभ भाई कथीरिया (पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के अध्यक्ष ने की। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे डॉ. अनुपम चौकसे, कुलाधिपति- जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जिन्होंने गौ आधारित शिक्षा और शोध के क्षेत्र में एलएनसीटी समूह की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस अवसर पर एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं गौ सेवा स्वयंसेवक मध्य प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के प्रदेश संयोजक एनके थापक भी सम्मिलित हुए डॉ. थापक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मूल उद्देश्य भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली को विकसित करना है। भारत की सांस्कृतिक जड़ों में रची-बसी है गौ परंपरा आज भी प्रासंगिक है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह एक मजबूत आधार बन सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि गाय आधारित उत्पादों से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और गंभीर बीमारियों से बचाव में मदद मिल सकती है। इस राज्य स्तरीय बैठक में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जीसीसीआई के जिला अध्यक्ष, विभागीय संयोजक एवं गौ सेवा संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। डॉ. वल्लभभाई कथीरिया ने अपने संबोधन में कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यदि गाय को केंद्र में रखकर उद्योगों का विस्तार किया जाए, तो यह मॉडल न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगा बल्कि देश की आत्मनिर्भरता को भी मजबूती देगा।

### राष्ट्रपति को 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के समर्थन में व्यापारियों ने भेजा प्रस्ताव



भोपाल । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में भोपाल सहित संपूर्ण प्रदेश एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसी क्रम के अंतर्गत 10 नंबर मार्केट, नेहरू मार्केट व्यापारी संघ द्वारा आयोजित एक राष्ट्र-एक चुनाव परिचर्चा में सहभागिता कर व्यापारी संघ के पदाधिकारियों को एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए जागरूक किया। व्यापारी संघ ने राष्ट्रपति को नाम एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव भी भेजा। इस अवसर पर सुरजीत सिंह चौहान पूर्व सभापति नगर निगम भोपाल, राजकुमार विश्वकर्मा, रंजीत चौहान, व्यापारी संघ के अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार, महासचिव हरीश चोइथानी, अर्जुन सिंगरौली पटेल, अमृत गहलोत, ऐहफाज भाई,खुशीलाल पाटीदार, सुनील सचदेवा, कमल अमुलानी, करण मंगानी, शेखर श्रीवास्तव, राहुल यति, मोनू राठौड़,जगदीश यादव एवं अन्य व्यापारी गण उपस्थित रहे।

### क्रॉम्पटन को एमईडीए से मिला 10.60 करोड़ के 433 सौर जल पंपों का ऑर्डर

मुंबई। क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी को प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री-कुसुम योजना (पीएम-कुसुम) के अंतर्गत सौर जल पंपिंग प्रणाली के लिए ऑर्डर मिला है। इस क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करते हुए, कंपनी को महाराष्ट्र ऊर्जा विकास एजेंसी (एमईडीए ) से महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों पर 10.60 करोड़ से अधिक मूल्य के सौर फोटोवोल्टिक जल पंपिंग सिस्टम (एसपीडब्ल्यूपीएस) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परिवहन, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) प्राप्त हुआ है।

### इंडियन ऑयल के एक्स्ट्रापॉवर फ्लीट कार्ड लॉयल्टी प्रोग्राम को मिला स्कॉच गोल्ड अवॉर्ड-2025



मुंबई। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रमुख एक्स्ट्रापॉवर फ्लीट कार्ड लॉयल्टी प्रोग्राम को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन - बिज़नेस प्रोसेस ट्रांसफॉर्मेशन श्रेणी में स्कॉच गोल्ड अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 100वें स्कॉच समिट के दौरान प्रदान किया गया, जो इंडियन ऑयल द्वारा परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए नवाचार और ग्राहक-केंद्रित डिजिटल समाधान उपलब्ध कराने के प्रयासों को मान्यता देता है। इस प्रोग्राम ने फ्लीट ऑपरेटर्स के लिए ईंधन प्रबंधन के तरीके को एक सुरक्षित, सुगम और तकनीक-सक्षम मंच के माध्यम से पूरी तरह से बदल दिया है। यह पुरस्कार समीर कोचर, अध्यक्ष, स्कॉच डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा इंडियनऑयल की टीम को प्रदान किया गया।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने शुरू की एयू आईवी और एयू इटर्निटी ग्राहकों के लिए कंसीयर्ज सेवाएं

मुंबई। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपने प्रीमियम बैंकिंग प्रोग्राम्स-एयू आईवी और एयू इटर्निटी के ग्राहकों के लिए विशेष कंसीयर्ज सेवा की शुरुआत की है। विशेष रूप से तैयार किया गया यह बैंकिंग प्रोग्राम एयू एसएफबी के प्रतिष्ठित ग्राहकों को बैंकिंग के अलावा, उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करेगा। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और डिप्टी सीईओ, उत्तम टिबरेवाल ने कहाकि एयू आईवी और एयू इटर्निटी प्रोग्राम्स के ग्राहकों के लिए कंसीयर्ज सेवाओं की शुरुआत करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

### टाटा एआईए ने लांच किया शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान

मुंबई। जीवन बीमा कंपनियों में से एक टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेडने टाटा एआईए शुभ फ्लेक्सी इनकम प्लान लॉन्च किया है। यह एक नया जीवन बीमा बचत समाधान है जो वित्तीय सुरक्षा और संपत्ति बनाने के लिए एक लचीला दृष्टिकोण देता है। टाटा एआईए अपने सहभागी पॉलिसीधारकों को प्रभावशाली बोनस देने के लिए जानी जाती है। वित्तीय वर्ष 2024 के लिए, कंपनी ने 1,465 करोड़ रुपए का बोनस घोषित किया, जो पिछले वर्ष के 1,183 करोड़ रुपए से 24 फीसदी अधिक है। यह निरंतर प्रदर्शन सुनिश्चित करता है कि पॉलिसीधारक समय के साथ बढ़ी हुई संपत्ति वृद्धि से लाभान्वित हों।

### स्मार्ट और रणनीतिक विकल्प के रूप में उभरा टाटा एसेट

मुंबई । टाटा एसेट मैनेजमेंट के अनुसार मल्टी-एसेट फंड के दौर में एक स्मार्ट और रणनीतिक विकल्प के रूप में उभर रहे हैं। सितंबर 2024 से अब तक निफ्टी 50 में 13 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। इस दौरान विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने भारी मात्रा में शेयर निकाले, लेकिन घरेलू निवेशकों ने भरोसे के साथ बाजार में पूंजी लगाई। ऐसे में, मल्टी-एसेट फंड जो इक्विटी, फिक्स्ड इनकम, सोना, चांदी और अन्य परिसंपत्तियों में निवेश करते हैं रिटर्न और जोखिम के बीच एक समझदारी भरा संतुलन बनाते हैं।

## राज्य के 5 लाख छात्रों को मिलेगा आधुनिक तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण

# राष्ट्रीय कौशल विकास निगम और रिलायंस फाउंडेशन ने की मध्यप्रदेश में फ्यूचर रेडी स्किल्स पहल की शुरुआत

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

रिलायंस फाउंडेशन और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने मध्यप्रदेश में फ्यूचर रेडी स्किल्स इनिशिएटिव की शुरुआत की। इस महत्त्वाकांक्षी कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के 700 कॉलेजों, पॉलिटेक्निक और आईटीआई संस्थानों में अध्ययनरत 5 लाख से अधिक छात्रों को एडटेक, साइबर सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे भविष्य के तकनीकी क्षेत्रों में दक्ष बनाना है। इस पहल का उद्घाटन भोपाल स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित "एमपी फ्यूचर रेडी स्किल्स कॉन्क्लेव" में किया गया।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और स्किल इंडिया मिशन के उद्देश्यों से प्रेरित है "फ्यूचर रेडी स्किल्स इनिशिएटिव" भारत के युवाओं को कल की नौकरियों के लिए तैयार करने के लिए एडटेक, साइबर सुरक्षा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते क्षेत्रों में 100 ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रदान करता है। पाठ्यक्रम प्रशिक्षण के अंत में, छात्रों को पाठ्यक्रमों में उनकी दक्षता का एआई- प्रोक्टर्ड ऑनलाइन मूल्यांकन होगा, जिससे निष्पक्ष और सुरक्षित मूल्यांकन सुनिश्चित होगा। फरवरी 2024 में, रिलायंस फाउंडेशन और एनएसडीसी ने अपनी साझेदारी की घोषणा की, इसके बाद सितंबर 2024 में रिलायंस फाउंडेशन स्किलिंग अकादमी का शुभारंभ किया गया। एमपी फ्यूचर रेडी स्किल्स कॉन्क्लेव दोनों संगठनों द्वारा क्षेत्रीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में पहला कॉन्क्लेव है। मध्यप्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के सचिव आईएएस रघुराज राजेंद्रन ने कहाकि कौशल विकास का तात्पर्य केवल प्रशिक्षण नहीं, बल्कि गुणवत्ता, उपयोगिता और समयबद्ध पहुँच है। सभी हितधारकों को समग्र सहयोग से एक प्रभावी स्किल इकोसिस्टम खड़ा करना चाहिए। रिलायंस फाउंडेशन की स्किलिंग प्रमुख नूपुर बहल ने कहा कि हमारा विश्वास है कि फ्यूचर रेडी स्किल्स केवल बदलाव से तालमेल बिठाने के लिए नहीं, बल्कि उस बदलाव का नेतृत्व करने के लिए हैं। यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर और तैयार बनाती है। एनएसडीसी के सीईओ व एमडी वेद मणि तिवारी ने बतायाकि यह पहल 5 लाख से अधिक छात्रों को व्यावसायिक रूप से सशक्त बनाएगी।



## एसबीआई ने साझेदारी में लांच किया टाटा न्यू एसबीआई कार्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसबीआई कार्ड ने टाटा डिजिटल के साथ साझेदारी में टाटा न्यू एसबीआई कार्ड लांच करने की घोषणा की। अपनी तरह का यह अनूठा लाइफस्टाइल को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड विभिन्न क्षेत्रों के जागरुक ग्राहकों के लिए एक प्रीमियम और अत्यधिक फायदेमंद वाली खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस को-ब्रांडेड कार्ड को दो वेरिएंट टाटा न्यू इनफिनिटी एसबीआई कार्ड और टाटा न्यू प्लस एसबीआई कार्ड में लांच किया गया है। ग्राहक सभी खर्चों पर रिवार्ड अर्जित करते हैं, चाहे ऑनलाइन हों या इन-स्टोर, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मर्चेंट आउटलेट्स पर न्यूकॉइन्स के रूप में, जिन्हें टाटा न्यू ऐप पर रिडीम किया जा सकता है। कार्डधारक टाटा न्यू इनफिनिटी एसबीआई कार्ड के साथ खर्च पर 10 फीसदी तक और टाटा न्यू प्लस एसबीआई कार्ड के साथ खर्च पर 7 फीसदी तक न्यूकॉइन्स के रूप में पुरस्कार का आनंद ले सकते हैं। इन न्यूकॉइन्स को किराने का सामान, यात्रा बुकिंग, आभूषण, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मेसी सेवाओं सहित उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला में ऑनलाइन और इन-स्टोर दोनों जगह भुनाया जा सकता है, जो ग्राहकों की विभिन्न जीवनशैली की जरूरतों को पूरा करता है। सुश्री सलिला पांडे, एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड ने कहाकि साझेदारी ग्राहक केंद्रित उत्पादों की पेशकश करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है जो सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास मूल्य प्रदान करते हैं।

## ताज लेकफ्रंट भोपाल के 'हाउस ऑफ मिंग' में पेश हुआ सिचुआन

कैंटोनीज और हुनान व्यंजनों का नया एक्साइटिंग मेन्यू

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ताज लेकफ्रंट भोपाल के प्रतिष्ठित पैन-एशियन रेस्टोरेंट हाउस ऑफ मिंग ने अपना नया मेन्यू लांच किया है। हाउस ऑफ मिंग अब सिचुआन, कैंटोनीज और हुनान व्यंजनों के ऑथेंटिक और बोल्ड फ्लेवर्स को मध्यप्रदेश के दिल में नए अंदाज में पेश किया हैं । हाउस ऑफ मिंग उन गिने-चुने सिग्नेचर रेस्टोरेंट्स में से है, जिसमें चीन के इन तीन बेहतरीन फूड स्टाइल्स स्वाद एक ही जगह पर ले सकते हैं। जैसे-जैसे भोपाल एक शानदार फूड डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है, ताज लेकफ्रंट अपने इस अनोखे मेन्यू के जरिए शहर के ग्लोबल फ्लेवर्स की तरफ बढ़ते कदमों का खूबसूरती से स्वागत कर रहा है, जहां नए फ्लेवर्स के साथ साथ क्लासिक्स टेस्ट भी बरकरार हैं। खास ध्यान और दिल से तैयार किया गया यह नया मेन्यू कुछ खास व्यंजनों को पेश करता है।

जैसे- स्टफ्ड मशरूम पेपर सेलेरी, मापो टोफू, सिचुआन एगप्लांट और ग्लूटिनस राइस। डिनर को और भी यादगार बनाते हैं इन-हाउस सिग्नेचर डिमसम्स जैसे प्रॉन ट्रफल सिउ माई और पैन-फ्रायड चिकन कोथे। वहीं मेन कोर्स में क्रिस्टल चिकन जैसे ऑप्शन बहुत बारीकी से तैयार किए गए हैं। सीफूड प्रेमियों के लिए स्कैलप्स, क्रैब्स, प्रॉन्स और लॉबस्टर का भी जtबरदस्त सलेक्शन है। वहीं मीठे के शौकीनों के लिए एलीमेंट्स और वाइल्ड राइस पुडिंग जैसी डिज़र्ट्स एक्सपीरियंस अनुभव को ख़ास बनाता है। हर डिश भोपाल के फूड लवर्स की पसंद को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। इस लॉन्च के चलते हाउस ऑफ मिंग कुछ खास डाइनिंग एक्सपीरियंस भी पेश किया जा रहा है । क्लस्टर जनरल मैनेजर – ऑपरेशंस और ताज लेकफ्रंट भोपाल के जनरल मैनेजर, विशाल शर्मा ने कहाकि ताज ब्रांड के सिग्नेचर रेस्टोरेंट हाउस ऑफ मिंग के जरिए हम शहरवासियों को पैन-एशियन व्यंजनों के जायकों से एक अंतरराष्ट्रीय सफ़र पर ले जाना चाहते हैं। एग्जीक्यूटिव शेफ अनुप गुप्ता ने बताया कि हमने इस खास मेन्यू को ग्लोबल ट्रेंड्स को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। एक ऐसा तालमेल जो ऑथेंटिसिटी और इनोवेशन दोनों को साथ लेकर चलता है। एफ एंड बी मैनेजर, बीरेंद्र बिष्ट ने भी कहा कि हम सबको आमंत्रित करते हैं कि वे ताज लेकफ्रंट भोपाल के अपने पसंदीदा डाइनिंग डेस्टिनेशन हाउस ऑफ मिंग में नए मेनू का जायका लें।



## सीबीएसई ने अधिकारियों को दिए नए दिशा निर्देश

पंजीयन देने में अलग-अलग प्रकार से जानकारी मांगना व्यर्थ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

टैक्स ला बार एसोसिएशन भोपाल के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने बताया कि जीएसटी में पंजीयन प्राप्त करने में व्यापारियों को आ रही कठिनाइयों को देखते हुए सीबीएसई द्वारा परिपत्र क्रमांक 24/ 2025 के द्वारा विभाग के अधिकारियों के लिए नए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं ।

इसमें अधिकारियों द्वारा पंजीयन देने में अलग-अलग प्रकार से जानकारी मांगना एवं व्यर्थ के अड़चनें पैदा करने के ऊपर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया है। व्यवसाय स्थल अगर खुद का है तो केवल मलिक के नाम से संपत्ति कर की रसीद या बिजली बिल लगाना पर्याप्त होगा। अगर व्यवसाय स्थल किराए का है तो किरायानामे के अतिरिक्त मलिक का पहचान प्रमाण पत्र एवं संपत्ति कर या बिजली बिल की कॉपी लगाना पर्याप्त है और अगर परिवार में किसी सदस्य द्वारा जीएसटी पंजीयन प्राप्त किया जा रहा है तो उसके लिए सादे कागज पर सहमति पत्र के साथ व्यवसाय स्थल मालिक का पहचान पत्र लगाना पर्याप्त है। बोर्ड द्वारा कड़े निर्देश दिए गए हैं कि कोई अन्य कागज व्यापारी से न मांगा जाए साथ ही अगर सिस्टम द्वारा आवेदक को रिस्की कैटेगरी में नहीं रखा गया है तो 7 दिन में मंजूरी देना आवश्यक है अन्यथा व्यवसाय स्थल के सत्यापन के पश्चात शीघ्र पंजीयन दिया जाना चाहिए। टैक्स ला बार एसो. के अध्यक्ष मृदुल आर्य ने कहा कि इन नई दिशा निर्देशों के बाद आशा है कि व्यवसाईयों को जीएसटी पंजीयन प्राप्त करने में कम परेशानियां होगी एवं अधिकारियों द्वारा अनावश्यक रूप से जानकारी एवं परेशान करने पर रोक लगेगी।

### इंफिनिक्स ने पेश किया नोट 50एस 5जी प्लस

नई दिल्ली। स्मार्टफोन ब्रांड इंफिनिक्स ने अपनी फ्लैगशिप डिवाइस - नोट 50एस 5जीप्लस लांच की ।यह एक पावरहाउस डिवाईस है जो डिजाइन, परफॉरमेंस और यूजर एक्सपीरियंस के मामले में अपेक्षाओं को बढ़ा देगी। इस फ्लैगशिप डिवाइस ने अत्याधुनिक डिजाइन और टेक्नोलॉजी और 144 हट्र्ज कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले के साथ भारत के सबसे स्लिम स्मार्टफोन' के रूप में एक नया मानक स्थापित कर दिया है। नोट 50एस 5जी प्लस फ्लिपकार्ट पर तीन शानदार रंगों मरीन ड्रिफ्ट ब्लू , टाइटेनियम ग्रे , बरगुंडी रेड में 14,999 रुपए (सभी ऑफ़र सहित) के विशेष मूल्य में उपलब्ध है। इन्फिनिक्स इंडिया के सीईओ अनीश कपूर ने कहा इन्फिनिक्स में हम अपने हर लांच के साथ यूजर्स की बदलती जरूरतों को पूरा करने की ओर कदम बढ़ाते हैं।

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ को 3.67 करोड़ का जीएसटी नोटिस

नई दिल्ली। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा है कि जीएसटी आयुक्त ने करीब 3.67 करोड़ रुपए की कर मांग को बरकरार रखने का आदेश दिया है। मुंबई में केंद्रीय माल और सेवा कर अधिकारियों ने दो जुलाई, 2024 को इस संबंध में एक आदेश पारित किया था। आदेश में सेवा कर क्रेडिट का हिस्सा देने से इनकार कर दिया गया, जिसे कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-2018 में जीएसटी शुरू होने पर इस व्यवस्था में स्थानांतरित कर दिया था। इसके बाद, कंपनी ने आयुक्त के समक्ष अपील दायर की थी। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को सीजीएसटी एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क, मुंबई के आयुक्त से कर मांग को बरकरार रखने का आदेश मिला है।

## कंपनी का लक्ष्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में उपस्थिति मजबूत करना

## अडाणी पोर्ट्स ने ऑस्ट्रेलिया में कोल एक्सपोर्ट टर्मिनल खरीदने का किया ऐलान, 20 हजार करोड़ रु. की डील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड ने अपनी प्रमोटर इकाई से ऑस्ट्रेलिया के एक प्रमुख कोयला एक्सपोर्ट टर्मिनल के अधिग्रहण का ऐलान किया। यह सौदा करीब 2.4 अरब डालर (लगभग 20 हजार करोड़) का होगा और पूरी तरह नॉन-कैश आधार पर किया जाएगा। कंपनी का लक्ष्य एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करना है। कंपनी के बयान के अनुसार, अदाणी पोर्ट्स के बोर्ड ने एबॉट पॉइंट पोर्ट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड , सिंगापुर के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। यह अधिग्रहण कारमाइकल रेल एंड पोर्ट सिंगापुर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड (सीआरपीएसएचपीएल) से किया जाएगा, जो कि ग्रुप की एक रिलेटेड पार्टी कंपनी है। एपीपीएच उन संस्थाओं का स्वामित्व रखती है जो 'नॉर्थ क्वींसलैंड एक्सपोर्ट टर्मिन का संचालन करती हैं।

यह टर्मिनल ऑस्ट्रेलिया के ईस्ट कोस्ट पर स्थित है और इसकी क्षमता 50 मिलियन टन प्रति वर्ष है। टर्मिनल, बोवेन शहर से लगभग 25 किलोमीटर उत्तर में स्थित है। कंपनी ने बताया कि यह अधिग्रहण एक नॉन-कैश सौदे के तहत पूरा होगा, जिसमें 14.38 करोड़ नए इक्विटी शेयर सीआरपीएसएचपीएल को जारी किए जाएंगे। यह सौदा लगभग ऑस्ट्रेलियाई डॉलर 3.975 अरब के एंटरप्राइज वैल्यू के आधार पर किया गया है। इस अधिग्रहण से अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड को वित्त वर्ष 2030 तक अपना वॉल्यूम दोगुना करने के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। अब कंपनी के पास कुल 19 बंदरगाह और टर्मिनल्स का पोर्टफोलियो होगा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)

// वार्षिक निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक/25/वाहन/2025

देवास, दिनांक- 08.04.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र की मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_415392_1 08/04/2025 | विभागीय डम्पर (माडल टाटा 1613, अशोक लिलेण्ड डम्पर 1930) वाहनों की मरम्मत में लगने वाले पाटर्स क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। (संलग्न सूची अनुसार) | 1. 12 माह 2. 15.00 लाख | 1. 2,000/- 2. 45,000/- | 29/04/2025 06.00 PM |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
देवास म.प्र.

खंड - I
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश शासन

## कार्यालय उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल मध्य प्रदेश

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2720/ई-टेंडरिंग/2025-26 दिनांक 17/04/25

वनमंडलाधिकारी, उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री / कार्य का नाम | मात्रा | सत्यांकर निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Deset Cooler | आवश्यकतानुसार | 7500/- | 500/- |
| 2. | Tower Cooler | | | |
| 3. | Window Cooler | | | |
| 4. | Personal Cooler | | | |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है ।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट / डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का आनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 17.04.2025 शाम 06.00 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल

G-11733/25

" स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

## चिंतन

# राष्ट्रपति पर सुप्रीम निर्देश से कार्यक्षेत्र पर बहस तेज

इस देश में आजादी के बाद से ही राज्यपाल का या तो केंद्र के द्वारा दुरूपयोग होता रहा है या राज्यपाल खुद केंद्र के प्रति निष्ठा जताने के लिए अपने पद व अधिकार का दुरूपयोग करते रहे हैं। यह टकराव तब अधिक देखा गया है जब केंद्र व राज्य में अलग-अलग दल की सरकार हो। कई राज्यपाल अपनी संवैधानिक शक्ति से बाहर जाकर काम करते दिखे और एक चुनी हुई सरकार के फैसले पर कुंडली मारकर बैठते दिखे। तमिलनाडु में सरकार बनाम राज्यपाल का मामला ऐसा ही है, जिसमें राज्यपाल ने 12 विधेयकों को लंबे समय तक अटका दिया। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। विधेयक को लेकर सुप्रीम आदेश में राज्यपाल के साथ राष्ट्रपति के लिए भी समय सीमा निर्धारित किए जाने पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा उठाए गए सवाल के बाद से न्यायपालिका, विधायिका व कार्यपालिका के कार्यक्षेत्र चर्चा में हैं। उच्चतम न्यायालय ने 12 विधेयकों के अटके रहने के तमिलनाडु सरकार बनाम तमिलनाडु राजभवन मामले में संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत प्रदत्त अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए निर्देश दिया कि राष्ट्रपति को राज्यपालों द्वारा भेजे गए विधेयकों पर फैसला लेने के लिए एक समय सीमा तय करनी चाहिए। इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल को लेकर सख्त निर्देश दिया कि विधानसभा से पास विधेयक को राज्यपाल असीमित समय तक नहीं लटका सकते, समय सीमा में उस पर फैसला होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपाल के लिए एक माह से तीन माह (विशेष परिस्थिति में) का समय निर्धारित किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस मुद्दे पर कहा कि अब राष्ट्रपति को भी समयबद्ध तरीके से काम करने के लिए कहा जा रहा है। ऐसा लगता है कि अब न्यायपालिका एक 'सुपर संसद' की तरह व्यवहार करेगी। इसके बाद से देश में नई बहस तेज हो गई है कि क्या सुप्रीम कोर्ट को अपने विशेष अधिकार का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति के लिए दिशानिर्देश जारी करना चाहिए? राष्ट्रपति सर्वोच्च संवैधानिक पद है, इसलिए न्यायपालिका की ओर से दिशानिर्देश पर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि संविधान के अनुच्छेद-142 सुप्रीम कोर्ट को यह शक्ति देता है कि पूर्ण न्याय करने के लिए वह कोई भी निर्देश, आदेश या फैसला दे सकता है, चाहे वह किसी से भी जुड़ा मामला हो। संविधान में कहा गया है कि इस अनुच्छेद की शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ऐसी डिक्री पारित कर सकता है या ऐसा आदेश दे सकता है, जो उसके समक्ष लंबित किसी मामले में पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हो। यह आदेश पूरे देश पर लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने इसी शक्ति का प्रयोग करते हुए चंडीगढ़ में मेयर चुनाव का पूरा फैसला पलट दिया था। फिर भी राष्ट्रपति पद की गरिमा सुनिश्चित होनी चाहिए। इसका ध्यान लोकतंत्र के सभी स्तंभों को रखना चाहिए। राष्ट्रपति कार्यालय को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्यपाल राजनीतिक निष्ठा से परे होकर अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करें। राज्यपाल अगर अपनी शक्तियों को समझकर राज्य के हित में काम करेंगे और विधानसभा से पारित विधेयकों के कानून बनने में अपनी भूमिका निभाएंगे तो टकराव की स्थिति पैदा नहीं होगी और न ही मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचेगा। राज्यपालों की 'केंद्रीय निष्ठा' देश में संघवाद को कमजोर करती है। क्या राज्यपाल संवैधानिक रूप से जवाबदेह नहीं हैं कि आखिर चुनी हुई सरकार को अपनी ही विधानसभा से पारित विधेयक को लागू करने के लिए अदालत का दरवाजा क्यों खटखटाना पड़ रहा है?

## मनोदशा

डॉ. मोनिका शर्मा



# भटकते किशोरमन को थामना जरूरी

इन दिनों खूब चर्चा पा रही मात्र चार एपिसोड की वेब सीरीज 'एडोलेसेंस' ने किशोर मन की दिशाहीनता को लेकर वैश्विक स्तर पर बड़ी चर्चा छेड़ दी है। वर्चुअल दुनिया की सामग्री से गुमराह होते मन से लेकर असल जीवन की उलझनों तक, बड़े होते बच्चों के बहकते मन को सामने रखती यह सीरीज पूरे परिवेश को कटघरे में खड़ा करती है। अभिभावकों संग संवाद की कमी हो या अनजान चेहरों के वर्चुअल कमेंट्स, किशोर बच्चों की मनःस्थिति को आपराधिक गतिविधियों की ओर मोड़ने वाली कड़वी सच्चाई को सामने रखती है। तकनीकी विस्तार और अपने-अपने कोने तक सिमटते जीवन के इस दौर में यह सीरिज जरूरी प्रश्न उठाती बल्कि भविष्य को लेकर चेताती भी है। यौनिक विकास के मोर्चे पर उलझता किशोरमन और वर्चुअल दुनिया में इससे जुड़े ताने-उलहाने मिलने से उपजी कुंठा समाज के भावी नागरिकों को कितना दिशाहीन कर सकती है? स्वयं को कमतर आंकने का मनोविज्ञान एवं कटुतापूर्ण परिवेश से टॉक्सिक सोच का ऐसा स्याह घेरा भी बना सकता है कि किशोर बच्चे किसी की जान लेने या अपनी जान देने जैसा कदम उठाने लगें। सबसे अहम बात जो यह सीरीज समझाती है वह यह कि स्मार्ट गैजेट्स के साथ बड़े हो रहे बच्चे बंद कमरे में भी अकेले नहीं होते। अपनों से अलग-थलग समय बिताते हुए पूरी दुनिया से जुड़े रहते हैं। अपने ही घर के एक हिस्से में मौजूद होने के बावजूद सुरक्षित नहीं रहते। स्क्रीन और सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से पूरा संसार उनके साथ रहता है। आमजीवन में चुप से रहने वाले किशोरों का परिचितों-अपरिचितों से हर तरह का संवाद होता है, जिसके चलते किशोर वर्चुअल संसार में भी बुलीइंग का शिकार बनते हैं। अपराध का रास्ता पकड़ने की दिशाहीन सोच आ जाती है। अपशब्द, नकारात्मक टीका-टिप्पणियां और अपेक्षाओं-उपेक्षाओं का एक अनदेखा घेरा बन जाता है। दुखद है कि सोशल मीडिया और वास्तविक संसार की बदलती रूपरेखा के बीच किशोर आक्रोश और अहंकार के शिकार हो रहे हैं। शारीरिक बदलावों और भावनात्मक उलझनों के इस पड़ाव में कहीं मर्दानगी की अजब-गजब परिभाषा सीख रहे हैं तो कहीं बदला लेने की विकृत मानसिकता से घिर रहे हैं। दरअसल, किशोरावस्था को मौज-मस्ती और मन का करने की उम्र मान लिया जाता है। अपने आप में खोये रहने वाली उम्र का पड़ाव समझा जाता है। ना तो छोटा बच्चा समझकर दिया जाने वाला संबल मिलता है और ना ही समझदार होने के आयुवर्ग में आने का स्वागत। ऐसे में मासूमियत भरे बचपने से समझ भरी उम्र की ओर बढ़ता किशोर-किशोरियों का दिलों-दिमाग कई उलझनों से जूझता है। ऊर्जा भरे इस पड़ाव पर भी अकेलापन और अवसाद तक घेरने लगता है। किशोरावस्था शब्द लैटिन शब्द 'एडोलेसयर' से बना है, जिसका अर्थ है 'परिपक्व होने के लिए बढ़ना'। समझदारी के पड़ाव की ओर बढ़ते '12 से 18 साल' के बच्चे किशोर माने जाते हैं। उम्र के इस दौर में सबसे ज्यादा जरूरत बड़ों के साथ सार्थक संवाद की होती है। किशोरों के लिए कई विषयों पर अपनों से कुछ कहना मुश्किल होता है, तो कई बार बड़े-बुजुर्गों के कहे को समझना भी कठिन लगता है। ऐसे में अभिभावकों द्वारा उनके बदलते मन को समझने के प्रयास आवश्यक हो जाते हैं। प्रत्यक्ष रूप से उनकी निर्भरता कम दिखती है पर इस आयुवर्ग में भी बहुत सी बातों से उलझता उनका मन अभिभावकों की ओर ही देखता है। चाइल्ड माइंड इंस्टीट्यूट के मुताबिक एंगजाइटी, बचपन और किशोरावस्था में सबसे आम मानसिक स्वास्थ्य विकार है। करीब 31.9 प्रतिशत लोग 18 साल की उम्र तक किसी न किसी तरह की फिक्र से जूझते हैं। बदलावों की इस उम्र में बहुत सी बातों को लेकर घबराहट भी होती है। सोशल मीडिया ने हमउम्र दोस्तों और सहपाठियों से तुलना के भाव को और बढ़ाया है। बच्चे शारीरिक बनावट से लेकर करीबी दोस्ती के मामले तक में एक-दूसरे से तुलना करने लगते हैं। शारीरिक मानसिक बदलाव भटकाव लाने वाले होते हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के मुताबिक आज 44 फीसदी स्कूली बच्चे तनाव और अवसाद का शिकार हैं। स्पष्ट है कि अकादमिक दबाव के अलावा किशोरों का मन आभासी दबाव भी झेल रहा है। यथार्थ से दूर वर्चुअल दुनिया में समय बिताते हुए नई तरह की मानसिक परेशानियों में फंस रहे हैं। ऐसे हालातों में जीवन से जुड़े हर पक्ष पर संवाद करना आवश्यक है। अपनी उलझनें कह देने का भरोसा देना जरूरी है। बातचीत के लिए सहज परिवेश और खुलापन न मिलने से किशोर बच्चों की मनःस्थिति भटकाव का शिकार हो जाती है।



## सहकारी यूनिवर्सिटी

बालासुब्रमण्यम अय्यर

# सहकार से समृद्धि का विजन होगा साकार

भारत दुनिया के सबसे बड़े सहकारी आंदोलन का घर है, जिसमें 800,000 से ज्यादा सहकारी समितियां और 287 मिलियन सदस्य शामिल हैं। रोटी, कपड़ा से लेकर मकान तक की जरूरतों के लिए लोगों के दैनिक जीवन में गहराई से समाहित सहकारी समितियां सिर्फ़ आर्थिक संस्थाएं नहीं हैं, वे समुदाय-संचालित विकास, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना ने इस क्षेत्र के लिए एक नई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य इसकी पहुंच का विस्तार करना, इसकी दक्षता में सुधार करना और इसे समावेशी विकास की आधारशिला के रूप में एकीकृत करना है।

भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी के लिए विधेयक का संसद में पारित होना भारतीय सहकारी आंदोलन की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इसका 2025 के अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान संपन्न होना इसके महत्व को और बढ़ाता है। जैसा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा, यह यूनिवर्सिटी "सहकार से समृद्धि" के दृष्टिकोण को साकार करने में एक शक्तिशाली माध्यम बनने के लिए तैयार है। भारत दुनिया के सबसे बड़े सहकारी आंदोलन का घर है, जिसमें 800,000 से ज़्यादा सहकारी समितियां और 287 मिलियन सदस्य शामिल हैं। रोटी, कपड़ा से लेकर मकान तक की जरूरतों के लिए लोगों के दैनिक जीवन में गहराई से समाहित सहकारी समितियां सिर्फ़ आर्थिक संस्थाएं नहीं हैं, वे समुदाय-संचालित विकास, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना ने इस क्षेत्र के लिए एक नई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य इसकी पहुंच का विस्तार करना, इसकी दक्षता में सुधार करना और इसे समावेशी विकास की आधारशिला के रूप में एकीकृत करना है। सहकारिता मंत्रालय ने सराहनीय कदम उठाए हैं। 67,390 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए 2,516 करोड़ रुपये आवंटित करना, 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों को करने में पैक्स को सक्षम करने के लिए 32 राज्यों में मॉडल उपनियमों को लागू करना, 2 लाख नई बहुद्देशीय सहकारी समितियां बनाने का लक्ष्य रखना, 1,100 किसान उत्पादक संगठनों को समर्थन देना और 44,000 पैक्स को सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) में बदलना।

कर प्रोत्साहन, आसान ऋण और विकेंद्रीकृत भंडारण सुविधा सहकारी समितियों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। बीज, निर्यात और जैविक उत्पादों के लिए तीन नए राष्ट्रीय महासंघों की स्थापना इस बात का संकेत है कि सहकारी समितियों को भारत के विकास के प्रमुख एजेंट के रूप में स्थापित किया जा रहा है परन्तु, अपने विस्तार और पहुंच के बावजूद, सहकारी क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण की अवरचना आंशिक, अविकसित और असमान रूप से वितरित है। प्रबंधकीय और प्रशासनिक से लेकर तकनीकी और परिचालन तक योग्य पेशेवरों की मांग आपूर्ति से कहीं अधिक है। मौजूदा कर्मचारियों और बोर्ड के सदस्यों की क्षमता निर्माण में निवेश करने की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण है। इन कर्मचारियों में से कई के पास नियमित प्रशिक्षण या शिक्षा के अवसरों तक पहुंच नहीं है। मानकीकृत पाठ्यक्रम, गुणवत्ता आश्वासन और संस्थागत सामंजस्य के बिना, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का पूरी तरह से लाभ नहीं ले सकता है या अपने विकास को बनाए नहीं रख सकता है। सहकारी आंदोलन में नई और युवा पीढ़ियों को आकर्षित करने की भी सख्त जरूरत है। ऐसे व्यक्ति जो न केवल पेशेवर हों बल्कि सहकारी मूल्यों से प्रेरित हों और क्षेत्र में नवाचार करने के लिए आतुर हों। यहां, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकता है: शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एक केंद्र के रूप में सेवा करके जो नई पीढ़ी के सहकारी नेताओं को



बढ़ावा देते हुए सभी स्तरों पर उनकी क्षमता का निर्माण कर सकेगा। अमूल मॉडल के वास्तुकार, दूरदर्शी त्रिभुवनदास पटेल के नाम पर और भारत की डेयरी सहकारी क्रांति के उद्गम स्थल आनंद में स्थित यह यूनिवर्सिटी एक प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि है, साथ ही यह एक रणनीतिक हस्तक्षेप भी है। ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद का चयन - एक ऐसा संस्थान जिसने दशकों से सहकारी प्रबंधन शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है, इस यूनिवर्सिटी की नींव के रूप में व्यावहारिक और प्रेरणादायक दोनों है। यह यूनिवर्सिटी सहकारी उद्यमों की चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए सुसज्जित पेशेवरों को तैयार करने की एक मजबूत विरासत का निर्माण करेगी। यूनिवर्सिटी का विज़न सिर्फ़ औपचारिक प्रबंधन डिग्री तक सीमित न होकर काफी विस्तृत है। यह प्राथमिक और माध्यमिक सहकारी समितियों के बोर्ड सदस्यों, सहकारी क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मचारियों, और नैतिक, सस्टेनेबल और समावेशी व्यवसाय मॉडल में रुचि रखने वाले युवाओं की नई पीढ़ी तक अपनी पहुंच बढ़ाएगा। इसके लिए, यूनिवर्सिटी लचीले शिक्षण मॉड्यूल, प्रमाणन कार्यक्रम, डिग्री कार्यक्रम, डिजिटल पहुंच प्रदान करेगा और क्षेत्र-आधारित ऐसे शोध का जरिया बनेगा, जिनसे स्व-सहायता, लोकतांत्रिक नियंत्रण और पारस्परिक जिम्मेदारी के सहकारी मूल्यों का लाभ सभी को मिल सकेगा। त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी एक राष्ट्रीय ज्ञान मंच के रूप में भी काम कर सकता है, हितधारकों के बीच संवाद को सुविधाजनक बना सकता है, साक्ष्य-आधारित नीतिगत अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है और ग्रामीण वास्तविकताओं के अनुरूप नवाचारों का समर्थन कर सकता है। डेयरी, ऋण, आवास, मत्स्य पालन, कपड़ा जैसे विविध सहकारी परिदृश्य में, विश्वविद्यालय एक ऐसे केन्द्र के रूप में विकसित होगा जहां, शिक्षा, नीति निर्माता और सहकारिता से जुड़े विशेषज्ञ उन्नयन के नये पथ ईजाद कर सकेंगे। वैश्विक स्तर पर, सहकारी शिक्षा सहकारी आंदोलनों की सफलता का आधार रही है। 1844 में रोशडेल पायनियर्स के समय से ही, आचरण के मूल नियमों में मुनाफे का एक हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित करना शामिल था। पांचवां सहकारी सिद्धांत - शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना - आंदोलन का एक मुख्य स्तंभ बना हुआ है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सदस्य, नेता और समुदाय सहकारी मॉडल को समझें और उसका पालन करें। यह गहरी जड़ें जमाए बैठी शैक्षिक परंपरा ही है जो सहकारी शासन को बनाए रखती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और जवाबदेही को मजबूत करती है। इस संदर्भ में, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान से कहीं अधिक होगा, यह सहकारी विकास के लिए एक राष्ट्रीय और वैश्विक ज्ञान केंद्र बन सकता है, एक ऐसा स्थान, जहां प्रयोग और नीति का संगम हो और जहां नेतृत्व सीख से प्रेरित हो। नई दिल्ली में आयोजित आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत से सहकारी समितियों को एकजुट करने, साझा मंच बनाने, आम चुनौतियों से निपटने और सामूहिक रूप से आगे का रास्ता तय करने में वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का आह्वान किया। भारत का सहकारी आंदोलन और अब इसका पहला सहकारी विश्वविद्यालय न केवल प्रेरणा बल्कि दिशा भी प्रदान करता है। नींव रखी जा चुकी है, अब समय आ गया है कि एक ऐसा संस्थान बनाया जाए जो उस दृष्टिकोण के योग्य हो जिसका वह प्रतिनिधित्व करता है, एक ऐसा संस्थान जो आने वाली पीढ़ियों को सहकारिता की अविनाशी शक्ति के माध्यम से शिक्षित, सशक्त और ऊर्जावान बनाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सहकारी समितियां सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करें।

(लेखक क्षेत्रीय निदेशक, इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस एशिया एंड पैसिफिक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# क्रियायोग: अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित

**दर्शन**

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

# क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहा: मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहा: बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहा: क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहा: तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहाँ हूँ और मैं एक नाई हूँ। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहा: नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहा: अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

## सटाका




## आज की पाती

### कब रुकेगा प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों का शोषण?

बाहर से देखो तो प्राइवेट स्कूल किसी फाइव स्टार होटल से कम नहीं लगते। एसी क्लासरूम, हाईटेक बोर्ड, इंग्लिश बोलते बच्चे और व्हाइट-ग्लव्स पहने बस अटेंडेंट्स। लेकिन अंदर झांको, वहां एक मास्टर साहब बैठा है, जो न वक्त पर चाय पी सकता है, न लंच कर सकता है। जो बच्चा होमवर्क न करे, उसकी शिकायत आए तो मास्टर की क्लास लगती है। जो बच्चा एग्ज़ाम में फेल हो जाए, तो मैनेजमेंट पूछता है- क्यों पढ़ाया नहीं ढंग से। तनख्वाह जो कागज़ पर है, जेब में नहीं। प्राइवेट स्कूलों में सैलरी का सिस्टम इतना गोपनीय है कि सीक्रेट एजेंसियां भी शरमा जाएं। – **प्रियंक शर्मा**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### हर भारतीय को बधाई



गीता और नाट्यशास्त्र को यूनेस्को के विश्व स्मृति रजिस्टर में शामिल करने पर हर भारतीय को बधाई। ये शास्त्र भारत के प्राचीन ज्ञान को दर्शाते हैं, जिसने अनादि काल से जीवन को अधिक सुंदर बनाने का प्रकाश दिखाया है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विश्व विरासत दिवस



विश्व विरासत दिवस हमें अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत पर गर्व करने के साथ-साथ उसके संरक्षण का संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। आइए, हम सभी अमूल्य धरोहरों को संजोने और सुरक्षित रखने में अपनी भागीदारी निभाएं।

- रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### राजनीतिक हथकंडों से बचें



सपा दलितों के वोटों के स्वार्थ की खातिर यहाँ किसी भी हद तक जा सकती है। अतः दलितों के साथ-साथ अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि को भी इनके किसी भी उग्र बहकावे में नहीं आकर इन्हें इस पार्टी के भी राजनीतिक हथकंडों का शिकार होने से ज़रूर बचना चाहिए।

- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### कठोर कार्रवाई करें




सिविल मामले को क्रिमिनल बनाकर पेश करना पुलिस के द्वारा क़ानून को तोड़ना है, इसके लिए आर्थिक दंड नहीं निलंबन करके कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

## करंट अफेयर

# बुद्ध के दंत 16 वर्षों बाद श्रीलंका में दर्शन के लिए



**कोलंबो।** भगवान बुद्ध के पवित्र दंत अवशेष को 16 साल के अंतराल के बाद शुक्रवार को श्रीलंका के केंद्रीय शहर कैंडी में आम लोगों के दर्शन के लिए रखा गया। यह जानकारी एक आधिकारिक बयान से मिली। श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि यह आयोजन 10 दिनों तक 27 अप्रैल तक जारी रहेगा तथा आम लोग अवशेष स्थानीय समयानुसार दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक देख सकते हैं। बयान के अनुसार, भारत सहित 17 देशों के राजदूतों के लिए एक विशेष व्यवस्था के तहत कैंडी तक उनके लिए ट्रेन से यात्रा का इंतजाम किया गया है। कैंडी स्थित पवित्र दंत मंदिर के वरिष्ठ भिक्षु महावेला रत्नपाल ने संवाददाताओं को बताया कि हजारों बौद्ध श्रद्धालुओं के इस अवशेष का दर्शन करने के लिए आने की उम्मीद है। यह दंत अवशेष इस द्वीपीय देश श्रीलंका के 74 प्रतिशत सिंहली बौद्ध बहुसंख्यकों के लिए विशेष आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। रत्नपाल ने कहा, ''हजारों लोग दो दिन पहले से मंदिर तक पहुंचने वाले तीनों मार्गों पर कतार में खड़े हैं।'' ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार, यह दंत अवशेष 1590 में कैंडी लाया गया था।

## ऑफ बीट

# इंडोर प्लांट का उपयोग दवा और खाना पकाने होता था



हजारों वर्षों से लोग घरों के भीतर पौधे उगाते आ रहे हैं। साक्ष्यों से पता चलता है कि मिस्र के लोग तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में पौधों को घर के अंदर लाए थे। पोम्पेई के पूर्व शहर के अवशेषों से पता चलता है कि 2,000 साल से भी पहले वहां 'इनडोर प्लांट्स' का इस्तेमाल किया जाता था और मध्ययुगीन इंग्लैंड में 'इनडोर प्लांट्स' का उपयोग दवा और खाना पकाने में किया जाता था। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध में इनडोर प्लांट्स' को रखना दुनियाभर में व्यापक हो गया। यह प्रथा विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान काफी लोकप्रिय थी, संभवतः प्रकृति से जुड़ने की इच्छा के कारण, जब बाहरी हरित स्थानों तक पहुंच सीमित थी। 'इनडोर प्लांट्स' के लाभ प्रकृति से जुड़ाव से कहीं बढ़कर हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि वे सकारात्मक भावनाओं को बढ़ा सकते हैं, तनाव को कम कर सकते हैं, उत्पादकता बढ़ा सकते हैं और यहां तक कि दर्द जैसी शारीरिक परेशानी को भी कम कर सकते हैं। हालांकि, लोगों का अपने पौधों से जुड़ाव का स्तर अलग-अलग होता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**

पर भेज सकते हैं।

वक्फ विवाद के बीच तमिलनाडु सरकार का कारनामा आया सामने

# गला दिया मंदिरों का 1000 किलो सोना, सालाना 18 करोड़ कमाएंगे

## मंत्री ने विधानसभा में बताया, सोना बैंकों में किया जमा

एजेंसी ▸▸ चेन्नई

अभी वक्फ बोर्ड का मामला पूरे देश में गरमाया हुआ है। इस बीच तमिलनाडु सरकार ने मंदिरों का 1,000 किलोग्राम सोना गलाकर उससे जरिए करोड़ों रुपए कमाई का रास्ता बना लिया है।

इसकी जानकारी सरकार के ही मंत्री ने खुद विधानसभा में दिया है। उन्होंने बताया कि 21 मंदिरों से जुटाए करीब 1,000 किलोग्राम सोने को गलाकर उसे बैंकों में जमा किया गया और हर साल करीब 18 करोड़ रुपए कमाने का रास्ता बना लिया है।



### 24 कैरेट के गोल्ड बार तैयार किए: मंत्री

मंत्री पीके शेखर ने बताया कि उनकी सरकार ने प्रदेश के 21 मंदिरों से करीब 1,000 किलोग्राम सोना जुटाया और उसे गलाकर 24 कैरेट के गोल्ड बार यानी बिस्किट तैयार किए। इन गोल्ड बार को बैंकों में जमा किया गया है। इनसे मिले ब्याज का इस्तेमाल मंदिरों के विकास कार्यों में किया जाएगा. उन्होंने बताया कि गोल्ड बार को बैंकों में जमा करने पर सालाना करीब 17.81 करोड़ रुपए का ब्याज मिलेगा।

### सालाना करीब 18 करोड़ रुपए का ब्याज लेगी सरकार

मंदिरों पर भले सोना भगवान के नाम पर चढ़ाया जाता है, लेकिन इसका इस्तेमाल मंदिर के पुजारी नहीं कर सकते हैं। इस सोने को गोल्ड इनवेस्टमेंट स्कीम के तहत गलाकर 24 कैरेट गोल्ड में बदल दिया जाता है और उसे मुंबई स्थित सरकार के मिंट में जमा कर दिया जाता है। इन गोल्ड बार को सरकारी बैंक एसबीआई में रखा जाता है, जहां से हर साल मोटा ब्याज मिलता है। तमिलनाडु सरकार ने भी इस सोने को एसबीआई में जमा किया।

**मंदिरों के विकास पर खर्च करने की बात कही**

शेखर ने बताया कि बैंकों से सोने पर ब्याज के रूप में मिली रकम को मंदिरों के विकास कार्यों पर ही खर्च किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिंदू धर्म चैरिटेबल इंडोमेंट डिपार्टमेंट की ओर से मंदिरों के विकास कार्यों का खाका पेश किया गया है और यह रकम इसी काम के लिए खर्च होगी।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने दी गृहमंत्री शाह को चुनौती

### दिल्ली के सामने नहीं झुकेगा तमिलनाडु, हम नियंत्रण के बाहर

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि नीट, तीन-भाषा पॉलिसी, वक्फ संशोधन कानून और परिसीमन जैसे मुद्दों पर सवाल उठाना



'ध्यान भटकाने की कोशिश' नहीं, बल्कि राज्यों के अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने अमित शाह को चुनौती देते हुए कहा कि अगर डीएमके वास्तव में ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है, तो शाह को इन मुद्दों पर तमिलनाडु की जनता को 'स्पष्ट जवाब' देना चाहिए।

स्टालिन ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कहा कि चाहे वह नीट हो या तीन-भाषा नीति, या फिर वक्फ कानून संशोधन और परिसीमन का मसला इन सभी पर सिर्फ हम ही मुखर हैं। क्या राज्यों के अधिकारों की मांग करना गलत है? उन्होंने यह भी कहा कि तमिलनाडु सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के राज्यों के अधिकारों की बात कर रहा है।

**हम कानूनी रूप से पैदा सभी बाधाओं को तोड़ देंगे**

स्टालिन ने कहा कि सिर्फ शाह ही नहीं, बल्कि कोई भी शाह तमिलनाडु पर राज नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि कहा तमिलनाडु दिल्ली के 'कंट्रोल से बाहर' है। साथ ही कहा कि हम आपके द्वारा कानूनी रूप से पैदा की गई सभी बाधाओं को तोड़ देंगे।

## खबर संक्षेप

### मलबे में परिवार के 6 लोग दबे, 2 की मौत

**मेरठ।** यहां के लिसाड़ी गेट के लखीपुर में शुक्रवार को तेज आंधी चलने के दौरान मकान की छत गिर गई। एक ही परिवार के 6 लोग दब गए। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद परिवार को निकाल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां मां व मासूम बेटी की मौत होना बताया गया है। बाकी अन्य परिवार के लोगों का इलाज चल रहा है।



### अंतिम संस्कार के डेढ़ माह बाद वह जिंदा लौटा

**दरभंगा।** बिहार के दरभंगा जिले से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एक युवक की दुर्घटना के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी। परिजन डीएमसीएच पहुंचकर अपहत पुत्र भोला कुमार राम के रुप में पहचान कर चुके थे। एक मार्च को मृतक का दाह संस्कार भी कर दिया। युवक गुरुवार को जिंदा मिल गया है।



### सिद्धारमैया रोहित वेमुला अधिनियम लागू करें

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पत्र लिखकर रोहित वेमुला एक्ट नाम से एक कानून बनाने का आग्रह किया है, यह सुनिश्चित हो कि शिक्षा प्रणाली में किसी को भी जाति-आधारित भेदभाव का सामना न करना पड़े। बीआर अंबेडकर के साथ भेदभाव को उजागर किया है।



### नासिक में धर्मस्थल गिराने पर मांगी रिपोर्ट

**नासिक।** यहां धार्मिक स्थल को नगर निगम ने ध्वस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के नोटिस पर अंतरिम रोक लगाई। याचिका को सूचीबद्ध न करने बॉम्बे हाईकोर्ट से रिपोर्ट से मांगी है। नगर निगम ने 15-16 अप्रैल को काठे गली इलाके में अनधिकृत सतपीर बाबा दरगाह को हटा दिया था।



मुर्शिदाबाद में हिंसा को लेकर राज्यपाल बोस ने सख्त रुख अपनाया

# महिलाएं शिविरों में रहने को मजबूर, हम इस हिंसा को किसी तरह बर्दाश्त नहीं करेंगे

## लोगों को सुरक्षा देना राज्य सरकार की पहली जिम्मेदारी, भेजेंगे रिपोर्ट



एजेंसी ▸▸ मुर्शिदाबाद/मालदा

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा से अब भी पूरे प्रदेश में जमकर सियासत गरम है। प्रदेश के राज्यपाल सीवी आनंद बोस हिंसा पीड़ितों से मिलने मालदा पहुंचे। वे ट्रेन से गए। बोस ने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों से मुलाकात की और हाल चाल जाना। मालदा और मुर्शिदाबाद में हिंसा पीड़ित लोगों से की मुलाकात की। मुर्शिदाबाद में हिंसा को लेकर बोस ने सख्त रुख अपनाया है। हिंसा प्रभावित लोग शिविरों में रहने को मजबूर हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल में जगह-जगह हिंसा अपना भयानक रूप दिखा रही है।

बोस ने कहा कि हमें हिंसा के रास्ते को खत्म करना होगा और उसके ताबूत में आखिरी कील ठोंकनी होगी। यह शांति और सौहार्द्र के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा है कि मुर्शिदाबाद या मालदा में हुई हिंसा को कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। बोस ने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों से मुलाकात से पहले यह बयान दिया। राज्यपाल मालदा पहुंच चुके हैं और वे स्थिति का आकलन करने के बाद केंद्र सरकार को रिपोर्ट भेजेंगे।दोनों जगहों पर हिंसा पीड़ितों से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने प्रभावित क्षेत्रों का जायजा भी लिया। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से स्थिति सामान्य करने को लेकर चर्चा भी की।

**बोस ने पीड़ितों से बात की, ताबूत में आखिरी कील ठोंकेंगे**

### केंद्र को भेजूंगा सिफारिशें

मालदा से निकले बोस ने कहा कि वे पीड़ितों से मिले और इसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेंगे। मैं पीड़ितों से मिलने और प्रभावित क्षेत्र से प्राप्त सूचनाओं की पुष्टि करने गया था। मैं अस्पतालों, पीड़ितों के आवासों और राहत शिविरों में गया। अपनी सिफारिशें भेजूंगा।



**हिंसा के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे**

राज्यपाल बोस ने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा जैसी घटनाएं कभी नहीं होनी चाहिए। बंगाल की सड़कों पर कई जगहों पर मौत का तांडव चल रहा है। इस तरह की हिंसा को कभी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा करने और लोगों की भावनाओं को जानने के बाद उनके पास एक कार्ययोजना होगी, जिस पर मिशन मोड में काम किया जाएगा। किसी भी कीमत पर हिंसा के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी।

### राज्य की राजनीति में फैल रहे 2 कैंसर

राज्य बंगाल की स्थिति पर बात करते हुए राज्यपाल ने कहा है कि बंगाल में हिंसा का मामला नया नहीं है और यह एक सतत मुद्दा है। बोस ने कहा कि बंगाल की राजनीति में दो चीजें कैंसर की तरह बढ़ रही है, हिंसा और भ्रष्टाचार। हमें इसकी जड़ों को खत्म करना होगा।

### घटनाओं को 'मौत का नाच' बताया

मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में हिंसा से बड़ी संख्या में महिलाएं प्रभावित हुई हैं। पीड़ितों से मुलाकात करने के बाद हबोस ने घटनाओं को 'मौत का नाच' बताया। उन्होंने कहा कि हिंसा का रास्ता अपनाने वाली मानसिकता को जड़ से खत्म किए जाने की जरूरत है।

### राज्य सरकार ने लापरवाही की

राज्यपाल ने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। अगर राज्य को मदद की जरूरत है, तो हम केंद्रीय बल भेजने के लिए तैयार हैं। बंगाल में हिंसा की घटनाएं लंबे समय से हो रही हैं। राज्य सरकार हिंसा को रोके।

मालदा में एनएचआर ने प्रभावित लोगों से की बात

### 3 सप्ताह में विस्तृत जांच रिपोर्ट पेश की जाए



राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के एक दल ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के मालदा पहुंचकर उन लोगों से मुलाकात की जिन्होंने मुर्शिदाबाद जिले के हिंसा प्रभावित क्षेत्रों से भागकर एक अस्थायी शरणार्थी शिविर में शरण ली है। एनएचआरसी ने हाल में मुर्शिदाबाद में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के विरोध में भड़की हिंसा का स्वतः संज्ञान लिया। एनएचआरसी सदस्यों ने लालपुर हाई स्कूल में शिविर में रह रहे प्रभावित परिवारों के सदस्यों से बात की।

मुर्शिदाबाद में पीड़ितों से मिली एनसीडब्ल्यू

### महिलाएं बहुत डरी हैं, उन पर अत्याचार हुए



एनसीडब्ल्यू प्रमुख विजया रहाटकर मुर्शिदाबाद में हुई हालिया हिंसा की जांच का नेतृत्व करने के लिए गुरुवार शाम कोलकाता पहुंचीं। इस बीच राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने वहां के हालातों पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में महिलाओं के खिलाफ अत्याचार किए गए हैं। महिलाओं के खिलाफ बहुत अत्याचार हुए हैं। यहां महिलाएं भी डरी हुई हैं।

कर्नाटक में फिर नया बवाल

# सीईटी परीक्षा में छात्रों से जनेऊ व कलावा उतरवाए



*आदि चुनचुनगिरी पीयू कॉलेज परिसर में ऐसी करतूत की*

एजेंसी ▸▸ विमोग्गा

कर्नाटक के शिवमोग्गा में कॉमन एंट्रेंस टेस्ट( सीईटी) के दौरान एक विवाद खड़ा हो गया। कुछ छात्रों से परीक्षा केंद्र में जनेऊ और हाथों में बंधे कलावे को उतारने के लिए कहा गया और यही विवाद की जड़ बन गय। घटना आदि चुनचुनगिरी पीयू कॉलेज परिसर की है।

परीक्षा देने आए 3 छात्रों को परीक्षा केंद्र पर रोका गया और उनके शरीर पर बंधे जनेऊ और हाथों में बंधा रक्षा सूत्र (कलावा) हटाने को कहा गया। गेट पर मौजूद गाड्र्स ने दो छात्रों से जनेऊ और बंधा रक्षा सूत्र उतरवा दिए, लेकिन तीसरा छात्र जनेऊ न उतारने पर अड़ गया। घटना 16 अप्रैल की है। छात्र को 15 मिनट तक गेट पर रोका गया। गाड्र्स ने उसके रक्षा सूत्र उतरवा लिया। जनेऊ के साथ परीक्षा देने की इजाजत दी।

**मामले ने पकड़ा तूल, कार्रवाई हो**

अब मामला तूल पकड़ चुका है। अखिल कर्नाटका ब्राह्मण सभा ने जिलाधिकारी से मिलकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि धार्मिक भावनाओं को आहत किया गया है और दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। पीड़ित छात्र अभिज्ञान के मामा ने बताया कि मेरा भांजा पीयू कॉलेज गया, वहां गार्ड ने टी शर्ट के अंदर पहने जनेऊ और हाथों में पहने रक्षा सूत्र को उतारने को कहा। भांजे ने साफ कह दिया कि वह भले ही परीक्षा देगा , लेकिन जनेऊ नहीं उतारेगा। उसे जनेऊ के साथ परीक्षा देने की अनुमति दी गई, लेकिन कलावा निकालकर उसे डस्टबिन में डाल दिया गया। इससे पहले 2 बच्चों का जनेऊ भी उतरवा दिया गया था।

### उच्च शिक्षा मंत्री बोले-तो कार्रवाई होगी

कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री एमसी सुधाकर ने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। अगर ऐसा हुआ है और जैसा दावा किया गया है तो ये निंदनीय है। मैंने एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर से रिपोर्ट मांगी है। एग्जाम के लिए कुछ सेट प्रोटोकॉल होते हैं, उसका पालन हर संस्थान करता है, लेकिन उनमें जनेऊ उतरवाने की बात नहीं है। अगर जांच में ये बात सही साबित होती है तो दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही होगी।

## गुरु तेग बहादुर की जयंती



**अमृतसर।** सिख धर्म के नौवें गुरु तेग बहादुर की जयंती के अवसर पर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में प्रार्थना के बीच सिख पुजारी सिख धर्म के धार्मिक ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' के चारों ओर बैठे हुए।

वीर विनय चौराहा पर लगाए बड़े आरोप

# बलरामपुर में भाजयुमो ने राहुल-सोनिया का जलाया पुतला, जमकर की नारेबाजी

## नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस के बड़े नेताओं पर चार्जशीट

एजेंसी ▸▸ बलरामपुर

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का नाम आने पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने वीर विनय चौराहा पर दोनों नेताओं का पुतला जलाया। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की।

भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अटल भवन कार्यालय तुलसीपार्क से नारेबाजी करते हुए वीर विनय चौराहा पहुंचे। रवि ने कहा कि कांग्रेस घोटाले पर घोटाला करती आ रही है। नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी,सैम पित्रोदा व सुमन दुबे का नाम अपनी चार्ज शीट में शामिल किया है।



**कांग्रेस सरकार ने देश को लूटा**

नेशनल हेराल्ड के मामले में कांग्रेस ने सिर्फ घोटाला किया है। मोदी सरकार में जांच एजेंसियां सही ढंग से कार्य कर रही हैं। अब कांग्रेस कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो रहा है। नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया एवं राहुल अंतरिम जमानत पर हैं। अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य एकता जायसवाल ने कहा कि युवा मोर्चा की ओर से पूरे देश में नेशनल हेराल्ड मामले में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार ने देश को लूटने का कार्य किया है।

**भ्रष्टाचार को छुपाने देश को गुमराह कर रही कांग्रेस**

कांग्रेस नेता राहुल व सोनिया के नाम से 661 करोड़ मनी लॉन्ड्रिंग घोटाला किया गया है। जांच करवाई प्रभावित करने के लिए कांग्रेस झूठ का प्रपंच रच रही है। जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा ने कहा कि ईडी ने नेशनल हेराल्ड केस में यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति अटैच की थी। इस कंपनी में सोनिया व राहुल की 76 प्रतिशत हिस्सेदारी है। कांग्रेसी भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए देश को गुमराह कर रहे हैं।

*आय से अधिक संपत्ति मामले में ईडी की कार्रवाई*

# डालमिया सीमेंट की 793 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी अटैच, जगन मोहन पर काली कमाई के आरोप

## आंध्र प्रदेश के कडपा में 417 हेक्टेयर के लाइम स्टोन की खरीदारी

एजेंसी ▸▸ कडपा

आय से अधिक संपत्ति मामले में कार्रवाई करते हुए ईडी ने डालमिया सीमेंट की 793 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच की है। आरोप है आंध्र प्रदेश के कडपा जिले में 417 हेक्टेयर के लाइम स्टोन की खरीदारी में धांधली की गई थी। इस घोटाले के जरिए जगन मोहन रेड्डी को करीब 150 करोड़ अवैध तरीके से लाभ मिलने का आरोप है। रेड्डी तक जो पैसे पहुंचे थे, उनमें से 95 करोड़ रघुराम सीमेंट के शेयर के जरिए मिले थे और 55 करोड़ हवाला के रूप में जगन तक पहुंचे थे। सीबीआई ने 2013 में चार्जशीट लगाई थी। रेड्डी के साथ डालमिया सीमेंट्स ने 417 हेक्टेयर के लाइम स्टोन अवैध तरीके से लीज में लिए थे।

**राजशेखर रेड्डी के राज में हुआ घोटाला**




डालमिया सीमेंट की 793 करोड़ की जमीन जब्त करते हुए मार्च 31 को आदेश जारी किए गए थे। अटैचमेंट की कॉपी इस महीने की 15 तारीख रात को डालमिया सीमेंट को मिलने की खबर है। डालमिया सीमेंट की ओर से कहा गया था कि इस जमीन को खरीदते वक्त इसकी कीमत 377 करोड़ थी।

**केस दर्ज होने के बाद रुके 85 करोड़ :** सीबीआई का कहना है कि जगन मोहन रेड्डी को जो 150 करोड़ मिले हैं, उनके अलावा उन्हें हावाला के जरिए 85 करोड़ और मिलने वाले थे। मामला दर्ज होने से ये पैसे रेड्डी तक नहीं पहुंचे।

ब्रिक्स कृषि मंत्रियों ने 'ब्रिक्स लैंड रिस्टोरेशन पार्टनरशिप' की शुरुआत की

# भारत के लिए कृषि करोड़ों परिवारों के लिए आजीविका,भोजन व गरिमा का स्रोत: चौहान

चौहान ने ब्रिक्स देशों को 'वर्ल्ड फूड इंडिया' और 'वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंटरटेनमेंट समिट 2025' में भाग लेने के लिए किया आमंत्रित

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक में भारत ने समावेशी, न्यायसंगत और सतत कृषि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस अवसर पर छोटे और सीमांत किसानों के कल्याण को वैश्विक कृषि रणनीति के केंद्र में रखने की आवश्यकता पर जोर दिया और स्पष्ट किया कि कृषि भारत के लिए केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं बल्कि करोड़ों परिवारों के लिए आजीविका, भोजन और गरिमा का स्रोत है। भारत ने कहा कि जब तक छोटे किसानों को




संरक्षित और सशक्त नहीं किया जाएगा, तब तक वैश्विक खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण विकास का लक्ष्य अधूरा रहेगा। चौहान ने ब्रिक्स देशों को 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2025' और 'वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंटरटेनमेंट समिट 2025' में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। चौहान ने इस बात पर बल दिया कि दुनिया के 510 मिलियन छोटे किसान वैश्विक खाद्य प्रणाली की रीढ़ हैं और जलवायु परिवर्तन, मूल्य अस्थिरता तथा संसाधनों की कमी के बीच वे सबसे अधिक संवेदनशील हैं। हम छोटे किसानों को इन चुनौतियों से लड़ने में अकेला नहीं छोड़ सकते, उन्हें हमारी नीतिगत सहायता की आवश्यकता है। उन्होंने क्लस्टर आधारित खेती, किसान उत्पादक संगठन ,सहकारी मॉडल और प्राकृतिक खेती को छोटे किसानों के सामूहिक सशक्तिकरण और बाजार तक पहुंच का प्रभावी माध्यम बताया। कृषि व्यापार को न्यायसंगत बनाने, वैश्विक मूल्य अस्थिरता को नियंत्रित करने और किसानों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने को रेखांकित किया।

### जलवायु परिवर्तन पर सहयोग जरूरी

बैठक के दौरान जलवायु परिवर्तन के खिलाफ साझा लड़ाई के लिए चौहान ने एनएमएसए, एनआईसीआरए, वेस्ट टू वेल्थ, सर्कुलर इकोनॉमी, जैव उर्वरक और पारंपरिक खेती को साझा करते हुए सहयोग को सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस संदर्भ में, ब्रिक्स कृषि मंत्रियों ने 'ब्रिक्स लैंड रिस्टोरेशन पार्टनरशिप' की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य मरुस्थलीकरण और भूमि क्षरण, मिट्टी की उर्वरता में कमी से निपटना है। उन्होंने इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि यह पारंपरिक ज्ञान और वैज्ञानिक नवाचारों के संगम से छोटे किसानों, आदिवासी समुदायों और स्थानीय कृषकों को लाभ पहुंचाएगी। घोषणा पत्र के अंतर्गत ब्रिक्स-देशों ने एकजुट होकर वैश्विक कृषि-खाद्य प्रणाली को न्यायसंगत, समावेशी, नवाचारी और सतत बनाने के संकल्प को दोहराया।

## पीएम नरेंद्र मोदी और एलन मस्क की फोन पर हुई बातचीत

# दोनों ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में आपसी साझेदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई

पीएम मोदी ने कहा कि एलन मस्क के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान उठे विषय भी शामिल थे। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बातचीत की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क के साथ फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को बढ़ाने के बारे में चर्चा की। पीएम ने कहा हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बातचीत की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किया कि एलन मस्क से बात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें इस साल की शुरुआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान उठे विषय भी शामिल थे। हमने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर बातचीत की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

***भारत और अमेरिका उभरते क्षेत्रों में करेंगे सहयोग***

***फरवरी में पीएम मोदी के यूएस दौरे पर मस्क मिले थे***



### नवीकरणीय उर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में भी सहयोग की आशा

पीएम मोदी और मस्क दोनों ने इससे पहले इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे उभरते क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग के बारे में आशा व्यक्त की थी पीएम मोदी और मस्क की इससे पहले फरवरी में पीएम मोदी की अमेरिका की दो दिवसीय राजकीय यात्रा के दौरान मुलाकात हुई थी। दोनों ने इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे उभरते क्षेत्रों में भविष्य के सहयोग के बारे में आशा व्यक्त की थी।

### भारतीय अधिकारियों से बात कर रही टेस्ला

यह बातचीत मस्क की कंपनियों– विशेष रूप से टेस्ला और स्टारलिंक की भारतीय बाजार में बढ़ती दिलचस्पी के बीच हुई है। टेस्ला देश में मैन्युफैक्चरिंग बेस स्थापित करने के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत कर रही है। वहीं मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो ने मार्च में भारत में स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं लाने के लिए मस्क की स्पेसएक्स के साथ एक समझौते की घोषणा की थी। टेलीकॉम टाइकून सुनील भारती मित्तल की भारती एयरटेल ने भी स्पेसएक्स के साथ इसी तरह की साझेदारी की है। मस्क को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन में सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक माना जाता है। मस्क सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं जिसका उद्देश्य सरकारी व्यय में कटौती एवं संघीय कार्यबल को कम करना है।

## अमेरिकी उप राष्ट्रपति की यात्रा के अच्छे परिणाम होंगे

**मानेसर।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की अगले सप्ताह भारत यात्रा से पहले इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को इस यात्रा से 'सकारात्मक परिणाम'




मिलने की उम्मीद जताई। वीवीडीएन टेक्नोलॉजीज के एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इसके बहुत सकारात्मक परिणाम होंगे, क्योंकि हमने इस मामले को बहुत ही व्यावहारिक और सक्रिय तरीके से लिया है तथा हम इसमें लगातार लगे हुए हैं। वैष्णव ने कहा कि समय के साथ भारत एक बहुत ही विश्वसनीय देश के रूप में उभरा है, क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से विदेश नीति का संचालन किया है, उससे आज हमारे देश के प्रति जो विश्वास उत्पन्न हुआ है, वह हम सभी के लिए एक बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण कारक होने वाला है।

## खबर संक्षेप

### इटली में केबल कार दुर्घटना में 4 की मौत

**रोम।** इटली में नेपल्स के दक्षिण में एक केबल कार के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन पर्यटकों सहित चार



लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक ब्रिटिश और एक इजराइली महिला भी शामिल है। विको इक्वेन्स के मेयर के प्रवक्ता मार्को डी रोजा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को हुई दुर्घटना में मारे गए तीन विदेशी पर्यटकों में से केवल दो की ही पहचान हो पाई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक 'ट्रैक्शन केबल' के टूटने की वजह से यह दुर्घटना हुई। इतालवी अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### रास ईसा बंदरगाह पर हमले में 38 की मौत

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने शुक्रवार को दावा किया कि तेल बंदरगाह को निशाना बनाकर किए



गए अमेरिकी हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 74 हो गई है जबकि 171 अन्य घायल हैं। यमन की राजधानी सना में विद्रोहियों के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी में रात भर किए गए हमलों से हुई तबाही का उल्लेख किया गया है, जिसमें ईंधन ट्रकों में आग लग गई और रात के समय आसमान में आग के गोले धधक उठे। यह हमला 15 मार्च से जारी हमलों में सबसे घातक था।

### विमान के अपहरणकर्ता को यात्री ने गोली मारी

**मेक्सिको सिटी।** अमेरिका के एक पूर्व सैन्यकर्मी ने बेलीज में एक छोटे यात्री विमान का अपहरण कर



लिया जिसके बाद वह एक यात्री द्वारा चलाई गई गोली लगने से मारा गया। बेलीज पुलिस ने अपहरणकर्ता की पहचान अकिनयेला टेलर के रूप में की है। उसने जिस 'ट्रिपोक एयर' विमान का अपहरण किया था उसमें 14 यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे। बेलीज के पुलिस आयुक्त चेस्टर विलियम्स ने बताया कि टेलर ने विमान में सवार दो यात्रियों और एक पायलट पर चाकू से वार किया। टेलर एक यात्री द्वारा चलाई गई गोली लगने से मारा गया।

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर बांग्लादेश की टिप्पणी पर भारत की दो टूक...

# अनर्गल बयान देने की जगह अपने देश में अल्पसंख्यकों के अधिकारों की करें रक्षा

***खुद को पाक-साफ दिखाने की कोशिश न करें***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लंबी चर्चा के बाद संसद से पारित और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद देश में क्रियान्वित किए गए वक्फ संशोधन कानून-2025 को लेकर पश्चिम-बंगाल के मुर्शिदाबाद में मुस्लिम समुदाय के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा पर बांग्लादेश की टिप्पणी को भारत ने सिरे से खारिज कर दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि पश्चिम-बंगाल की घटनाओं को लेकर बांग्लादेश द्वारा की गई टिप्पणी को हम अस्वीकार करते हैं। अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं से समानता करना पड़ोसी देश एक छिपा हुआ और कपटपूर्ण प्रयास है।

जहां ऐसे अपराधों से जुड़े अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। भारत ने बांग्लादेश की टिप्पणी को अनुचित और उसके सदाचार के संकेतों को नकारते हुए खुद उसे अपने देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है। रणधीर ने मीडिया द्वारा इस मामले पर पूछे गए प्रश्नों के जवाब में बयान के जरिए यह जानकारी दी।



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ढाका की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया और इसे बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के बारे में भारत की चिंताओं के साथ समानता स्थापित करने का एक 'छिपा हुआ और कपटपूर्ण' प्रयास करार दिया

*पश्चिम बंगाल की घटनाओं के संबंध में बांग्लादेश की टिप्पणियां अस्वीकार*

*बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हिंसा के अपराधी अभी भी खुलेआम घूम रहे*

### भारत से तुलना एक कपटपूर्ण प्रयास

रणधीर जायसवाल ने बयान में कहा कि यह बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के लगातार उत्पीड़न पर भारत की चिंताओं के साथ तुलना करने का एक छिपा हुआ और कपटपूर्ण प्रयास है, जहां ऐसे कृत्यों के अपराधी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनुचित टिप्पणियां करने और खुद को पाक-साफ दिखाने के बजाए, बांग्लादेश को अपने अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### मुर्शिदाबाद हिंसा में बांग्लादेश शामिल नहीं

बता दें, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने गुरुवार



को कहा था कि हम मुर्शिदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा में बांग्लादेश को शामिल करने के किसी भी प्रयास का दृढ़ता से खंडन करते हैं। उन्होंने भारत और पश्चिम बंगाल सरकार से 'अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी की पूर्ण सुरक्षा के लिए सभी कदम उठाने' का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि हम मुसलमानों पर हुए हमलों की निंदा करते हैं जिससे जान-माल का नुकसान हुआ है। बता दें, वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ मुस्लिम समुदाय के विरोध प्रदर्शन के बाद समेत कुछ हिस्सों में पिछले कुछ दिन में सांप्रदायिक हिंसा हुई।

### सत्ता परिवर्तन के बाद बिगड़े संबंध

गौरतलब है कि बांग्लादेश में पिछले साल 2024 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से अपदस्थ किए जाने और उसके बाद उनके भारत पहुंचने के साथ ही दोनों देशों के संबंध बुरी तरह से खराब हुए हैं। इसमें आग में घी डालने का काम ढाका की अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस के सत्ता संभालने के बाद हुआ है। बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यकों पर हिंसा और अत्याचार के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। लेकिन यूनुस सरकार न केवल इन कुकृत्यों को रोकने में असफल साबित हुई है। बल्कि उसने अभी तक इनके लिए जिम्मेदार अपराधियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई भी नहीं की है।

### बांग्लादेश में भी वक्फ बोर्ड की मौजूदगी

भारत की तरह ही उसके पड़ोसी देश बांग्लादेश में भी वक्फ बोर्ड मौजूद है। वहां पर इससे जुड़ी हुई तमाम संपत्तियों की देखभाल धार्मिक मामलों का मंत्रालय करता है। बोर्ड के तहत मस्जिदें, कब्रिस्तान और दरगाह आती हैं। जो कि दान और चंदे से मिली रकम का इस्तेमाल परोपकार के कार्यों के लिए करता है।

### 2 हजार के पार पहुंचा अत्याचारों का आंकड़ा

वहीं, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने संसद के अप्रैल महीने में संपन्न हुए बजट सत्र में कहा था कि ढाका में अल्पसंख्यकों पर जारी हमलों, हिंसा और अत्याचार की घटनाओं को रोकने के लिए बांग्लादेश की सरकार को ठोस कदम उठाने चाहिए। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा बांग्लादेश की सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संसद के समक्ष एक आंकड़ा साझा करते हुए बताया था कि बीते साल 2024 में बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के कुल करीब 2 हजार 400 मामले सामने आए हैं। जबकि मौजूदा साल 2025 में अब तक इनकी संख्या 72 है।

## एफबीआई को मिली बड़ी कामयाबी

# 14 धमाकों का मास्टरमाइंड आतंकी हरप्रीत गिरफ्तार




एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में रहने वाले आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया को गिरफ्तार कर लिया है। एफबीआई और अमेरिकी इमिग्रेशन विभाग ने उसे अपने शिकंजे में ले लिया है। वह पिछले छह महीनों में पंजाब में 14 आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार है। आतंकी भारत के सबसे वांछित आतंकियों में से एक है। उस पर 5 लाख रुपये का इनाम था। वह अभी आईसीई (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट) की हिरासत में है। सूत्रों के मुताबिक, हैप्पी पासिया ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और बब्बर खालसा इंटरनेशनल के साथ मिलकर आतंकी हमलों को अंजाम दिया। हैप्पी पासिया ने पंजाब के पुलिस प्रतिष्ठानों पर कई आतंकी हमले किए और सोशल मीडिया पर उनकी जिम्मेदारी ली।

### एनआईए की चार्जशीट में था हैप्पी का नाम

इससे पहले 23 मार्च को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 2024 चंडीगढ़ ग्रेनेड हमला मामले में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) आतंकवादी संगठन के चार आतंकवादी गुर्गों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। आरोप पत्र दायर करने वाले आरोपियों में पाकिस्तान स्थित नामित व्यक्तिगत आतंकवादी हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंदा और अमेरिका स्थित हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया शामिल हैं। दोनों आतंकवादी हमले के पीछे मुख्य संचालक और साजिशकर्ता थे। उन्होंने ग्रेनेड हमले को अंजाम देने के लिए चंडीगढ़ में भारत स्थित जमीनी गुर्गों को रसद सहायता, आतंकी फंड, हथियार और गोला-बारूद मुहैया कराया था। सितंबर 2024 के हमले का मकसद पंजाब पुलिस के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को निशाना बनाना था।

### हरप्रीत के प्रत्यर्पण की मांग: डीजीपी

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस प्रमुख गौरव यादव ने शुक्रवार को गैंगस्टर से आतंकवादी बने हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया की अमेरिका में गिरफ्तारी को 'आतंकवाद के खिलाफ युद्ध की सफलता में एक बड़ी उपलब्धि' बताया और कहा कि पंजाब पुलिस ने इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाया है और उसके प्रत्यर्पण के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। यादव ने कहा कि आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल के अमेरिका स्थित प्रमुख गुर्गा और पाकिस्तानी आतंकवादी रिंदा के करीबी सहयोगी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया की गिरफ्तारी आतंकी नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई में एक बड़ी उपलब्धि है।

## भारत निर्णायक अध्याय लिखने को तैयार

# भारतीय अंतरिक्ष यात्री अगले महीने आईएसएस पर जाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले महीने निर्धारित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष मिशन में एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री के शामिल होने के साथ ही भारत अपनी अंतरिक्ष यात्रा में एक निर्णायक अध्याय लिखने के लिए तैयार है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के आने वाले महीनों की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित एक उच्च-स्तरीय बैठक के बाद अंतरिक्ष विभाग मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु



शुक्ला अगले महीने एक्सिओम स्पेस के एएक्स-4 मिशन के हिस्से के रूप में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए उड़ान भरने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मई 2025 के लिए निर्धारित ग्रुप कैप्टन शुक्ला का मिशन भारत के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष सहयोग में एक कीर्तिमान है।

## रक्षा सचिव का ब्रिटेन दौरा संपन्न

# रक्षा संबंधों को सशक्त बनाने के लिए दोनों देश हैं प्रतिबद्ध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन के बीच लंदन में हुई वार्षिक रक्षा परामर्श समूह की 24वीं बैठक संपन्न हो गई। जिसमें रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने वार्ता की सह-अध्यक्षता की और लंदन के रक्षा मामलों के स्थायी उप सचिव डेविड विलियम्स शामिल हुए। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि बीते 16 से 17 अप्रैल के बीच हुई इस वार्ता में दोनों पक्षों के बीच क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उभरते हुए भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की गई। क्षा संबंधों को सशक्त बनाने के



लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई गई। बैठक का संबंध दरअसल 2021 में भारत-ब्रिटेन के बीच हुई रणनीतिक साझेदारी और 2030 के रोडमैप से जुड़ा हुआ है। रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के एनएसए जोनाथन पावेल से मुलाकात की। दोनों ने सैन्य संबंधों को बढ़ाने और रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग मजबूत करने पर चर्चा की।

## छत्तीसगढ़ में लाल आंतक को झटका, गृह मंत्री शाह ने दी बधाई

# 33 नक्सलियों ने किया सरेंडर, आधों पर था कुल 49 लाख रुपए का इनाम

एजेंसी ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में लाल आतंक को करारा झटका लगा है। शुक्रवार को सुरक्षाबलों को उस वक्त बड़ी सफलता मिली जब 11 महिलाओं समेत कम से कम 33 नक्सलियों ने उनके सामने आत्मसमर्पण कर दिया, इनमें से लगभग आधे यानी 17 पर 49 लाख रुपए का इनाम घोषित था। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि 9 महिलाओं समेत 22 नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस



बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष हथियार डाले, जबकि बाद में 2 महिलाओं समेत 11 अन्य नक्सलियों ने भी पुलिस अधिकारियों के सामने सरेंडर कर दिया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली सुरक्षा बलों पर कई हमलों में भी शामिल रह चुके हैं।

### देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए संकल्पित: शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर अभियान के लिए सुरक्षा बलों के जवानों और छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 22 कुख्यात नक्सलियों को आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया है। सुकमा की बडेसेट्टी पंचायत में 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिससे यह पंचायत पूरी तरह नक्सलमुक्त हो गई है। सुकमा में अन्य 22 नक्सलियों ने भी आत्मसमर्पण किया, जिससे सरेंडर करने वालों की कुल संख्या बढ़कर 33 हो गई है।

## चीन से हाथ मिलाने की तैयारी में यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

# मेलोनी संग बैठक में बोले- ईयू संग टैरिफ डील को लेकर कोई हड़बड़ी नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ट्रंप ने अब चीन से हाथ मिलाने की तैयारी की है। उन्होंने चीन के साथ अच्छे व्यापार समझौते पर पहुंचने का विश्वास व्यक्त किया। व्हाइट हाउस में इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात के दौरान ट्रंप ने कहा कि हम एक सौदा करने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि हम चीन के साथ एक बहुत अच्छा सौदा करने जा रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को यूरोपीय संघ या किसी और के साथ टैरिफ को लेकर सौदा करने में बहुत कम समस्या होगी। इसलिए कोई हड़बड़ी नहीं है। ट्रंप ने जवाबी टैरिफ पर 90-दिवसीय रोक समाप्त होने से पहले यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौते पर पहुंचने का विश्वास भी व्यक्त किया।

### टैरिफ के खिलाफ कैलिफोर्निया ने किया केस



कैलिफोर्निया सरकार ने संघीय अदालत में ट्रंप के खिलाफ सान फ्रांसिस्को की कोर्ट में याचिका दायर की। इसमें गवर्नर न्यूसम ने कहा, ट्रंप के टैरिफ से न सिर्फ कैलिफोर्निया, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी क्षति पहुंची है। इससे कारोबार पर बुरा असर पड़ा है। ट्रंप द्वारा विदेशी आयात पर लगाए गए व्यापक टैरिफ के खिलाफ अमेरिका में कैलिफोर्निया ऐसा पहला राज्य बन गया है।

### सुप्रीम कोर्ट से डोनाल्ड ट्रंप को झटका

ट्रंप को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। अदालत ने ट्रंप के जन्म से नागरिकता प्रतिबंधों पर रोक लगा दी है। हालांकि, अदालत ने दलीलें सुनने पर सहमति जताई है। इस मुद्दे पर मई में दलीलें सुनी जाएंगी। अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले लोगों के बच्चों के लिए जन्म से नागरिकता समाप्त करने के ट्रंप के कार्यकारी आदेश को देश भर की तीन जिला अदालतों ने रोक दिया है।

## मोजाम्बिक पहुंचा आईओआर मिशन पर निकला 'सुनयना' युद्धपोत

# नौसेनाओं के द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हिंद महासागर के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में समुद्री गश्त के साथ वहां पड़ने वाले विशिष्ट आर्थिक जोन की संयुक्त निगरानी के लिए 5 अप्रैल को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा भारत के कारवार (कर्नाटक) से रवाना किया गया सुनयना युद्धपोत अपने दूसरे पड़ाव यानी मोजाम्बिक के नकाला बंदरगाह पर पहुंच गया है। जहां मोजाम्बिक के चीफ ऑफ कमीशन ने युद्धपोत पर सवार भारत समेत 9 देशों के नौसैन्य कर्मियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उनका नौसैन्य बैंड भी उस वक्त पर मौजूद था। नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय युद्धपोत को हिंद महासागर जहाज सागर (आईओएस) पहल के तहत इस अभियान पर भेजा गया है। 17 अप्रैल को मोजाम्बिक पहुंचने से पहले उसने तंजानिया के दार-एस-सलाम में हुए भारत-अफ्रीका समुद्री भागीदारी युद्धाभ्यास अकेयम-25 के उद्घाटन सत्र में भाग लिया था।

***9 देशों के कुल 44 कर्मी 33 दिन तक रहेंगे एक साथ***

***युद्धपोत के 8 मई को कोच्चि पहुंचने के साथ ही भारत वापसी होगी***

### महीनेभर से अधिक की होगी यात्रा



सुनयना युद्धपोत पर भारत के साथ ही अफ्रीका महाद्वीप के 9 देशों (कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका और दक्षिण-अफ्रीका) के कुल 44 कर्मी एक साथ सवार हैं। यह सभी कुल 33 दिनों तक आईओआर की इस यात्रा में साथ रहेंगे। युद्धपोत के 8 मई को कोच्चि पहुंचने के साथ ही भारत वापसी होगी। आईओएस सागर एक बेहद अनोखा मिशन है जो केंद्र सरकार की सागर पहल से जुड़ा हुआ है। इसे सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन के नाम से भी जाना जाता है। अभियान का उद्देश्य भारत और अफ्रीकी देशों के साथ वैश्विक सहयोग को मजबूती प्रदान करना है।

### मॉरीशस और सेशल्स भी जाएगा

मोजाम्बिक के नकाला बंदरगाह के बाद सुनयना युद्धपोत के बाकी समुद्री पड़ावों में मॉरीशस का पोर्ट लुईस बंदरगाह, सेशेल्स का पोर्ट विक्टोरिया बंदरगाह और अंत में मालदीव का माले बंदरगाह होगा। इसके बाद उसकी भारत वापसी होगी। सुनयना पोत के नकाला पहुंचने पर भारत और मोजाम्बिक की नौसेनाओं के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी। वहीं, मोजाम्बिक में बंदरगाह पड़ाव के दौरान कई तरह की गतिविधियां होंगी। जिनमें क्षमता विकास, रणनीतिक सामंजस्य, मोजाम्बिक की नौसेना के साथ सामुदायिक कार्यक्रम मुख्य हैं। संयुक्त प्रशिक्षण, खोज और जब्ती अभियान सहित आग बुझाने और नुकसान का नियंत्रण से जुड़ी प्रक्रिया भी इसमें शामिल है। समुद्री मित्रता के तहत जहाज के डेक पर स्थानीय अधिकारियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के लिए रिसेप्शन दिया जाएगा। सामुदायिक मुलाकात के तहत युद्धपोत के चालक दल के लिए योग सत्र का आयोजन भी होगा।



# 17 साल में 258 मैच : 8,252 रन बनाकर किंग बने कोहली, विकेट लेने में बादशाह हैं चहल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 18 अप्रैल को अपना 18वां जन्मदिन मना रहा है। इस टूर्नामेंट, जिसने क्रिकेट में क्रांति ला दी और खेल के परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल दिया। जैसा कि लीग अपने 18वें सीजन में है, विराट कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। सिर्फ एक फ्रेंचाइजी, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व करते हुए कोहली ने 258 मैच में आठ शतक और 58 अर्द्धशतक सहित 8,252 रन बनाए हैं।

लीग की शुरुआत कुछ कम नाटकीय नहीं थी। कोलकाता नाइट राइडर्स के ब्रेंडन मैकुलम ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ सिर्फ 73 गेंद पर दस चौकों और तेरह छक्कों की मदद से अविस्मरणीय 158* रन बनाकर धूम मचा दी थी। उस एक पारी ने क्रिकेट के उत्सव के आगमन की घोषणा कर दी थी।



### दूसरे नंबर पर हैं धवन

कोहली के ठीक पीछे अनुभवी भारतीय ओपनर शिखर धवन हैं, जिन्होंने 222 मैच में 6,769 रन बनाए हैं। कोहली के विपरीत, धवन ने पांच फ्रेंचाइजियों के लिए खेला है। इसमें मुंबई इंडियंस, डेक्कन चार्जर्स, सनराइजर्स हैदराबाद, दिल्ली कैपिटल्स, और पंजाब किंग्स शामिल है।

### रोहित के नाम 6,710 रन

पांच बार आईपीएल जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा 263 मैच में 6,710 रन बनाकर इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने दो टीमों, डेक्कन चार्जर्स और मुंबई इंडियंस के लिए खेला है और दोनों ही टीमों के साथ ट्रॉफी जीती है, जिससे लीग के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है।


### चहल के नाम सर्वाधिक विकेट



गेंदबाजी में बात करें तो युजवेंद्र चहल 166 मैच में 211 विकेट लेकर चार्ट में सबसे आगे हैं। उनका आईपीएल सफर मुंबई इंडियंस के साथ शुरू हुआ, लेकिन वह आरसीबी में ही थे जहां उन्होंने सही मायने में तरक्की की। बाद में, उन्होंने राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया। अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला 192 मैच में 192 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं। सूची में तीसरे स्थान पर केकेआर के दिग्गज सुनील नरेन हैं। 2012 में फ्रेंचाइजी में शामिल होने के बाद से, नरेन बल्ले और गेंद दोनों से खेल को बदलने वाले खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने 2012 में केकेआर की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी, जब उन्होंने 24 विकेट लिए थे और 2014 में, जब उन्होंने 21 विकेट लिए थे।

खास खबर

## वीर और अनहत ने विश्व स्क्वाश के सेमीफाइनल में बनाई जगह



**कुआलालंपुर।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वीर चोटरानी और अनहत सिंह ने शुक्रवार को यहां अलग अलग अंदाज में अपने मुकाबले जीतकर विश्व चैंपियनशिप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त चोटरानी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मलेशिया के मोहम्मद सयाफिक कमाल पर 9-11, 11-6, 11-6, 11-7 से जीत दर्ज की। वहीं महिलाओं के क्वार्टर फाइनल में 17 साल की पांचवीं वरीय अनहत ने दबदबे भरा प्रदर्शन करते हुए जापान की अकारी मिडोरिकावा को 11-1, 11-7, 11-5 से मात दी। अब वह शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त हांगकांग की हेलेन तांग से भिड़ेंगी जिन्होंने भारत की तन्वी खन्ना को शिकस्त दी। तन्वी 5-11, 6-11, 12-10, 9-11 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। खन्ना ने पिछले मैच में हांगकांग की एन चिंग चेंग को हराया था।

## लय में रोहित, जल्द ही खेलेंगे बड़ी पारी



**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा आईपीएल में लय में लौट रहे हैं। रोहित इस सत्र में छह मैचों में अर्धशतक नहीं बना सके। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गुरुवार को 26 रन का स्कोर उनका सर्वोच्च स्कोर है। मुंबई इंडियंस के पूर्व मुख्य कोच बाउचर ने आईपीएल प्रसारकों से कहा, 'हमने इस मैच में रोहित शर्मा की शैली के बड़े छक्के देखे। मुझे उसके तेवर पसंद आए। उसने गेंदबाजों पर दबाव बनाया और रन बनाने के मौके तलाशे। वह जल्दी ही बड़ी पारी खेलेगा।'

## पेगुला, गाफ की स्टटगार्टओपन में शानदार जीत



**स्टटगार्ट।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने मेगडालिनी फ्रेच को 6-1, 6-1 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इस महीने चार्लेसटन ओपन जीतने वाली पेगुला ने पोलैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ 59 मिनट में हराया। अमेरिका की पेगुला का सामना अब एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने एला सीडेल को 6-1, 6-1 से हराया। अब वह पांचवीं वरीयता प्राप्त जैसमीन पाओलिनी से खेलेंगी जिन्होंने जूली नीमीर को 6-1, 7-5 से मात दी।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 6 | 5 | 1 | 10 |
| पंजाब | 7 | 5 | 2 | 10 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| बेंगलुरु | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 7 | 3 | 4 | 6 |
| राजस्थान | 7 | 2 | 5 | 4 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप

#### कठिन विकेटों के अनुकूल ढलना होगा : विटोरी

**मुंबई।** अपने बल्लेबाजों से कठिन पिचों के अनुरुप शैली में बदलाव का आग्रह करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद के कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि हर पिच बल्लेबाजों की मददगार नहीं हो सकती और उन्हें अपने खेल में बदलाव करना होगा। मुंबई इंडियंस ने वानखेड़े स्टेडियम पर सनराइजर्स हैदराबाद को चार विकेट से हराया। मुंबई के आफ स्पिनर विल जैक्स ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। विटोरी ने मैच के बाद कहा, 'मुझे लगता है कि पिच पर किसी का नियंत्रण नहीं है तो यह तकदीर की भी बात है कि हमें ऐसे विकेट मिल रहे हैं जो हमें रास नहीं आ रहे।'



#### श्रियांका 50 मीटर राइफल 3 पोजिशंस से बाहर

**लीमा।** पेरिस ओलंपिक खे चुकी श्रियांका साडंगी आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप के तीसरे दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में आठवें स्थान पर रही। वह विश्व कप व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रही लेकिन 45 शॉट के फाइनल में स्टैंडिंग पोजिशन दौर के दस शॉट के बाद बाहर हो गई। पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता अमेरिका की सागेन मडालिना ने स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों के थ्री पोजिशंस फाइनल में भारत का कोई भी निशानेबाज फाइनल में नहीं पहुंच सका।



#### सीएसके ने ब्रेविस को टीम में शामिल किया

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स ने शुक्रवार को चोटिल तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह की जगह दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर डेवाल्ड ब्रेविस को टीम में शामिल करने की घोषणा की। दुनिया के सबसे रोमांचक युवा क्रिकेटरों में से एक ब्रेविस ने 2023 में पदार्पण के बाद दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। ब्रेविस दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में खेल चुके हैं जिसमें आईपीएल, सीपीएल, एमएलसी और एसए20 शामिल हैं। वह 2025 एसए20 में 184.17 के स्ट्राइक रेट से 291 रन बनाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में छठे स्थान पर रहे थे।



## आईपीएल : बारिश के कारण सवा दो घंटे की देरी से शुरू हुआ मैच

रॉयल चैलेंजर्स की घर में लगातार तीसरी हार, टिम डेविड बने प्लेयर ऑफ द मैच

# बूंदाबांदी की तरह गिरे विकेट, पंजाब 7 मैचों में 5वीं जीत से बना नंबर-2

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

पंजाब किंग्स ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग के 14 ओवर के मैच में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पांच विकेट से हराया। टिम डेविड के शानदार अर्धशतक के बावजूद आरसीबी की टीम नौ विकेट पर 95 रन ही बना सकी। पंजाब किंग्स ने 12.1 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर जीत दर्ज की।

पंजाब की यह सात मैचों में पांचवीं जीत है और टीम 10 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। आरसीबी सात मैचों में आठ अंक के साथ चौथे स्थान पर है। पंजाब के लिए नेहाल वढेरा ने 19 गेंद की नाबाद पारी में तीन छक्के और इतने ही चौकों की मदद से 33 रन बनाए।

हेजलवुड आरसीबी के सबसे सफल गेंदबाज रहे उन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि भुवनेश्वर कुमार को दो सफलता मिली। बारिश और बूंदाबांदी के कारण मैच सवा दो घंटे की देरी से रात 9:45 बजे शुरू हुआ और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने पहले गेंदबाजी करने में संकोच नहीं किया।



### डेविड 'प्लेयर ऑफ द मैच'

तेजी से रन बनाने के दबाव और पंजाब किंग्स की चतुर गेंदबाजी के आरसीबी की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। विकेटों के पतन के बीच डेविड ने 26 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और तीन छक्के जड़ 50 रन बनाए। उन्होंने आखिरी विकेट के लिए हेजलवुड के साथ 14 गेंद में 32 रन की अटूट साझेदारी की। 'प्लेयर ऑफ द मैच' डेविड ने आखिरी ओवर में हरप्रीत बराड़ के खिलाफ हैट्रिक छक्का जड़ टीम के स्कोर को 90 रन के पार पहुंचाया। डेविड के अलावा केवल कप्तान रजत पाटीदार (23 रन) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके।

### चटकाए दो दो विकेट

पंजाब के लिए अर्शदीप सिंह, मार्को यानसेन, युजवेंद्र चहल और हरप्रीत बराड़ ने दो-दो जबकि जेवियर बार्टलेट ने एक विकेट लिया। चहल और यानसेन काफी किफायती रहे। उन्होंने तीन ओवर में के अपने-अपने कोटे में क्रमशः 11 और 10 रन ही दिए।

### स्कोर बोर्ड

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्टका इंग्लिस बो अर्शदीप | 04 | 04 | 1 | 0 |
| कोहली का यानसेन बो आर्शदीप | 01 | 03 | 0 | 0 |
| पाटीदार का बार्टलेट बो चहल | 23 | 18 | 1 | 1 |
| लिविंगस्टोन का आर्य बो बार्टलेट | 04 | 06 | 1 | 0 |
| जितेश का वढेरा बो चहल | 02 | 07 | 0 | 0 |
| क्रुणाल का एवं बो यानसेन | 01 | 02 | 0 | 0 |
| टिम डेविड नाबाद | 50 | 26 | 5 | 3 |
| भंडागे पगबाधा यानसेन | 01 | 04 | 0 | 0 |
| भुवनेश्वर का बार्टलेट बो हरप्रीत | 08 | 13 | 1 | 0 |
| यश दयाल पगबाधा हरप्रीत | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जोश हेजलवुड नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 01, कुल : 14 ओवर में 95/9
गेंदबाजी : अर्शदीप 3-0-23-2, बार्टलेट 3-0-26-1, यानसेन 3-0-10-2, चहल 3-0-11-2, बराड़ 2-0-25-2.

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आर्य का डेविड बो हेजलवुड | 16 | 11 | 1 | 1 |
| प्रभसिमरन का डेविड बो भुवनेश्वर | 13 | 09 | 2 | 0 |
| अय्यर का जितेश बो हेजलवुड | 07 | 10 | 0 | 0 |
| इंग्लिस का सुयश बो हेजलवुड | 14 | 17 | 2 | 0 |
| नेहाल वढेरा नाबाद | 33 | 19 | 3 | 3 |
| शशांक का सॉल्ट बो भुवनेश्वर | 01 | 05 | 0 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 07 | 02 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 12.1 ओवर में 98/5
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 3-0-26-2, दयाल 2.1-0-18-0, हेजलवुड 3-0-14-3, क्रुणाल 1-0-10-0, सुयश 3-0-25-0.

### बादशाहत पर दिल्ली और गुजरात की नजर, स्टार्क-सिराज में होगी भिड़ंत

**अहमदाबाद।** डैथ ओवरों में गेंदबाजी का मिचेल स्टार्क का हुनर और मोहम्मद सिराज की सटीकता का सामना होगा जब शानदार फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस आईपीएल में श्रेष्ठता के मुकाबले में शनिवार को आमने सामने होंगी। कैपिटल्स छह मैचों में दस अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि टाइटंस छह मैचों में आठ अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराकर दिल्ली के हौसले बुलंद है। दिल्ली ने एक बार फिर दबाव में जीत दर्ज की और उसके शिल्पकार रहे स्टार्क।

### रॉयल्स को जाइंट्स के खिलाफ जीत की जरूरत

**जयपुर।** प्रदर्शन में निरंतरता के लिए जूझ रही राजस्थान रॉयल्स लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में लगातार तीन हार के सिलसिले को तोड़ने के इरादे से उतरेगी। सात मैचों में महज दो जीत के बाद रॉयल्स तालिका में आठवें स्थान पर है। पिछले मैच में उसे दिल्ली कैपिटल्स ने सुपर ओवर में हराया था। रॉयल्स को इस हार को भुलाकर अब ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ टीम पर जीत के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करनी होगी।

क्रिकेट

## सहायक कोच के लिए पहली पसंद नहीं थे अभिषेक नायर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर को सहयोगी स्टाफ के एक महत्वपूर्ण सदस्य के साथ अनबन की अटकलों के बीच हटा दिया गया है। उनका कार्यकाल महज आठ महीने में समाप्त हो गया। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि नायर पर भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खराब प्रदर्शन के कारण यह कार्रवाई हुई है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद हुई बैठक में सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य ने अभिषेक नायर की ड्रेसिंग रूम में मौजूदगी पर सवाल खड़े किए थे। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, सितांशु कोटक के सहयोगी स्टाफ में शामिल होने के बाद से नायर को बाहर करने की बात चल रही थी। बीसीसीआई से जुड़े सूत्र ने कहा- ऑस्ट्रेलिया दौरे के ठीक बाद बीसीसीआई ने समीक्षा बैठक की। इसमें सचिव देवजीत सैकिया और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला समेत बोर्ड के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे।


साथ ही भारतीय टीम से जुड़े अहम सदस्य और राष्ट्रीय चयनकर्ता भी मौजूद थे। बैठक के दौरान सहयोगी स्टाफ के एक प्रभावशाली सदस्य ने नायर की उपस्थिति को लेकर अपनी आशंकाएं व्यक्त कीं और कहा कि ड्रेसिंग रूम में उनका रहना प्रतिकूल साबित हो रहा है। सूत्र ने आगे कहा, बीसीसीआई ने तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की लेकिन उन्होंने सौराष्ट्र के पूर्व रन-संग्रहकर्ता कोटक को शामिल कर लिया। यह चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान नायर को दरकिनार करने का एक तरीका था।

### नायर नहीं थे पहली पसंद

इससे एक चीज साफ है कि अभिषेक नायर बतौर सहायक कोच बीसीसीआई की पहली पसंद नहीं थे। उन्हें मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच दूरियां कम करने के लिए नियुक्त किया गया था। हालांकि, अब तक यह नहीं पता चला है कि रोहित शर्मा को नायर और टी दिलीप को हटाने के फैसले की जानकारी दी गई थी या नहीं।

## गुरुग्राम के गोल्फर तपेंद्र ने जीता कैलेंस ओपन

**नई दिल्ली।** गुरुग्राम के गोल्फर तपेंद्र घई ने कैलेंस ओपन गोल्फ के आखिरी दिन शुक्रवार को यहां इवन-पार 70 के कार्ड खेलकर खिताब अपने नाम किया। इस 29 साल के गोल्फर ने एक करोड़ रुपये वाले इस टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद चार शॉट की बढ़त बना ली थी। उन्होंने चौथे चरण में पार कार्ड खेलने के बाद कुल 17-अंडर 263 (64-67-62-70) के स्कोर के साथ सप्ताह का समापन किया। उन्होंने कुतुब गोल्फ कोर्स में अंतिम चरण में तीन बर्डी और तीन बोगी लगाई।




यह पीजीटीआई पर 2018 के बाद उनका दूसरा खिताब है। इस जीत से घई को 15 लाख रुपए का चेक मिला जिसने उन्हें पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 53वें से 15वें स्थान पर पहुंचा दिया। दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद (67-68-67-62) ने अंतिम दिन सबसे कम आठ अंडर 62 का कार्ड खेला। वह कुल 16 अंडर के स्कोर के साथ 10 स्थान की छलांग लगाकर हनी बैसोया (64-68-65-67) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे दौर में 60 के कार्ड के साथ कोर्स रिकॉर्ड बनाने वाले क्षितित नावेद कौल ने शुक्रवार को 64 का कार्ड खेला जिससे वह 15 अंडर 265 के स्कोर के साथ चौथे पायदान पर रहे।

# भारत ने एशियाई चैंपियनशिप के लिए भेजा 56 सदस्यीय दल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने जोर्डन के अम्मान में आयोजित होने वाली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए 56 सदस्यीय दल भेजा है। यह एशियाई मुक्केबाजी द्वारा आयोजित पहली प्रतियोगिता है जिसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' दोनों का समर्थन प्राप्त है।

अंडर-17 लड़कों की टीम में साहिल दुहान और देवांश शामिल हैं जिन्होंने 2024 एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते थे। वहीं टीम में चुने गए टीकम सिंह एसजीएफआई 2024 स्वर्ण पदक विजेता हैं। लड़कियों के वर्ग में समीक्षा सिंह, अंशिका और खुशी चंद 2024 एशियाई स्कूल मुक्केबाजी चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियों की) में पदक विजेताओं में शामिल थीं। अंडर-15 दल में 2024 में एशियाई स्कूल चैंपियनशिप (लड़कों) के कांस्य पदक विजेता रवि सिहाग के साथ-साथ 2024 की सब-जूनियर राष्ट्रीय बालिका मुक्केबाजी चैंपियन (64-67 किग्रा) तृष्णा मोहिते शामिल हैं।



टीम का चयन विश्व मुक्केबाजी द्वारा गठित अंतरिम समिति द्वारा किया गया जिसकी अध्यक्षता भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह ने की। शुरूआती दौर शनिवार को शुरू होंगे।

तीन सीजन में ही घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा असर

# महिला खिलाड़ियों को सशक्त कर रही डब्लूपीएल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड के पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए काफी काम किया है। पुरुषों की इंडियन प्रीमियर लीग की तर्ज पर शुरू हुई महिला प्रीमियर लीग निश्चित रूप से युवा खिलाड़ियों को सशक्त कर रही है।

मंधाना की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने डब्लूपीएल खिताब अपनी झोली में डाला था जो आरसीबी की कैबिनेट में एकमात्र ट्रॉफी है। महाराष्ट्र के सांगली जिले की इस स्टार क्रिकेटर का कहना है कि अभी तो डब्ल्यूपीएल के तीन चरण ही खेले गए हैं लेकिन इसका असर घरेलू क्रिकेट और लड़कियों पर साफ दिखने लगा है। उन्होंने कहा, 'अंडर-19 टीम की खिलाड़ियों में बड़ा बदलाव आया है, उन्हें इतनी सारी चीजें पता हैं जो हम अपने दिनों में नहीं जानते थे। इसलिए लीग के आने से काफी विकास हुआ है। अब टीवी पर भी महिला क्रिकेट का प्रसारण होता है, सब भारतीय महिला टीम को जानते हैं। बीसीसीआई ने पिछले छह साल में महिला क्रिकेट के लिए बहुत काम किया है।' मंधाना ने दुबई में 'सिटी क्रिकेट अकादमी' के लांच के मौके पर चुनिंदा मीडिया से वर्चुअल बातचीत में कहा, 'पिछले तीन वर्षों में डब्लूपीएल किस तरह से आगे बढ़ा है, इसे देखने के लिए कितनी सारी लड़कियां आ रही हैं, आप स्पष्ट बदलाव देख सकते हैं। छोटी छोटी लड़कियां भी हमारे पास आ रही हैं और वे क्रिकेटर बनना चाहती हैं जो बहुत अच्छी चीज है। काफी माता-पिता अपनी बच्चियों को अकादमी में भेज रहे हैं ताकि वे डब्ल्यूपीएल में खेल सकें।'



### अकादमी शुरू करने की बना रही योजना

मंधाना काफी समय से खुद की अकादमी बनाने पर विचार कर रही थीं लेकिन अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण ऐसा नहीं कर पा रही थीं। फिर इस बारे में असम के पूर्व क्रिकेटर और ब्रिटेन में बसे मशहूर कोच डॉन भगवती से भी उनकी बातचीत हुई जिन्होंने लीस्टर में बहुत साल पहले अपनी अकादमी शुरू की थी। अब दुबई के बाद भगवती की योजना भारत में भी इसी तरह की अकादमी शुरू करने की है। अकादमी में युवा प्रतिभाओं को तराशने में डॉन की पत्नी का अनुभव भी काम आता है जो इंग्लैंड की क्रिकेटर रह चुकी हैं।



# रवीन्द्र भवन में गीत फुहार में सुरों की बौछार से भीगा, संगीत प्रेमियों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भोपाल के संगीत प्रेमी दर्शकों और श्रोताओं के लिए कल की शाम यादगार शाम रही, जब वे प्रेरणा शाला द्वारा रवीन्द्र भवन में आयोजित गीत फुहार-गीतों के सावन की बौछार कार्यक्रम में शामिल हुए। शहर के नए एवं पुराने गायक कलाकारों ने सदाबहार गानों और तरानों से संगीत की महफिल सजाई। गुजरे दौर के गीतों से सजी इस शाम में, वो चुनिंदा सदाबहार गीत सुनाए गए, जो अब भी पूरी शिद्दत से सुने और गुनगुनाए जाते हैं। गीत फुहार में तरानों की बौछार का सिलसिला तालियों की गड़गाहट से शुरू हुआ।

*राजधानी के संगीत प्रेमियों से लबालब रहा रवीन्द्र भवन का गौरांजनी हॉल*

## गुजरे दौर के सदाबहार तरानों से सजी शाम का श्रोताओं ने जमकर उठाया लुत्फ



### संगीतप्रेमियों को झूमने पर मजबूर करते गीत



तेरा साथ है कितना प्यारा, मेरी भीगी भीगी सी, चलत मुसाफिर मोह लिया रे, लेके पहला पहला प्यार, पर्दा है पर्दा, तुमसे मिलने की तमन्ना है जैसे गुजरे दशकों के सदाबहार लोकप्रिय गीतों से सजी इस शाम ने संगीतप्रेमियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इनमें आनंद सक्सेना के फिल्म अमर अकबर एंथोनी की कव्वाली पर्दा है पर्दा को पेश किया, जिस पर श्रोता झूमते नजर आए।

### ले के पहला-पहला प्यार गीत पर झूमे श्रोता

गायिका श्रद्धा गुप्ता और गायक आशीष खजांची ने जब सीआईडी फिल्म में देवानंद पर फिल्माए शमशाद बेगम और रफी का लेके पहला-पहला प्यार गाया तो श्रोता झूम उठे। गायक सत्शुभ्र मिश्र ने किशोर दा के गाए गाने ऐसे न मुझे तुम देखो सीने से लगा लूंगा जैसे ही गाना शुरू किया, पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। गुजरे दौर को याद दिलाती इस संगीत संध्या में एक के बाद एक और एक से बढ़कर एक नगमे पेश किये गए। ये रातें ये मौसम, दिल तेरा दीवाना है सनम, हम काले हैं तो क्या हुआ, दमा दम मस्त कलंदर सरीखे गीतों ने श्रोताओं को थिरकने और झूमने पर मजबूर कर दिया।

---

**संस्कार भारती में हुई युवा, अध्यात्म और सोशल मीडिया विषय पर परिचर्चा**

# सोशल मीडिया के कई रूप बदले, लेकिन अध्यात्म में कहीं कोई बदलाव नहीं



**भोपाल।** आज देश में 25 साल से कम उम्र के लोग 50 प्रतिशत है और 35 साल से कम उम्र के लोग 65 प्रतिशत है। हमारे देश की युवा आयु 29 वर्षीय है। जबकि चीन की 37 वर्ष और जापान की 48 वर्ष औसत आयु है। देखा जाए तो भारत सबसे युवा देश है इसलिए आज के समय में युवाओं पर सबसे अधिक चर्चा होती है। यह बात मप्र राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने शुक्रवार को संस्कार भारती के योगेन्द्र सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कही। संस्कार भारती के मीडिया प्रभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मनोज श्रीवास्तव ने युवा, अध्यात्म और सोशल मीडिया विषय पर अपने विचार रखे।

### आध्यात्मिकता सनातन है और सोशल मीडिया सम-सामयिक

इस दौरान उन्होंने आध्यात्मिकता और सोशल मीडिया के पक्ष पर विस्तार देते हुए कहा कि आध्यात्मिकता सनातन है और सोशल मीडिया सम-सामयिक है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले कई वर्षों में सोशल मीडिया के कई रूप बदलते हुए देखे हैं लेकिन आध्यात्मिकता में कहीं कोई बदलाव नहीं देखा गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग की प्रमुख डॉ. राखी तिवारी और एलएनसीटी ग्रुप के सचिव अनुपम चौकसे सहित अखिल भारतीय लोक कला संयोजक निरंजन पांडा उपस्थित रहे।

---

**हेरिटेज वॉक में शामिल हुए डेढ़ सौ से ज्यादा विरासत प्रेमी**

# विश्व धरोहर दिवस के मौके पर पर्यटक जगदीशपुर पहुंचे, देखी इतिहास की झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

विश्व धरोहर दिवस पर इतिहास प्रेमियों का हुजूम दिखाई दिया। हेरिटेज वॉक पर निकले पर्यटकों का पड़ाव जगदीशपुर(इस्लाम नगर) जाकर ठहरा। यहां प्राचीन महलों का आर्किटेक्ट, इनके निर्माण का इतिहास, धरोहर में समाई संस्कृति और कलां को निहारते इनका दिन बीता। सुबह से लेकर देर दोपहर तक चली इस हेरिटेज वॉक के बाद इनकी जिज्ञासु झोली में कई जानकारियां भरी थीं। अपने इतिहास को जानने समझने की संतुष्टि भी इनके मन में थी, साथ ही अपनी विरासत को सहेजने, संरक्षित करने और इसको संवारने का एक अकथनीय संकल्प भी यह लेकर चले। इस अवसर पर सचिव, आयुक्त पुरातत्व उर्मिला शुक्ला के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण प्रदेश में हेरिटेज वॉक सहित विभिन्न आयोजन किये गए। वहीं मानव संग्रहालय में भी सुबह सवेरे हेरिटेज वॉक का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में हेरिटेज प्रेमियों ने की शिरकत।




**बारीकी से देखी कला, समझा काल का इतिहास**

### क्विज से जानकारी

कार्यक्रम के दौरान हेरिटेज क्विज का आयोजन किया गया। यह सत्र रोचक प्रश्नों एवं संवादों से भरपूर रहा, जिससे प्रतिभागियों में ऐतिहासिक स्थलों के प्रति जिज्ञासा और जागरूकता बढ़ी।



मानव संग्रहालय में प्राचीन नौका का आनंद लेते पर्यटक।

### जाना अपना चमन

उप संचालक निलेश लोखंडे ने प्रतिभागियों को चमन महल के बारे में संक्षिप्त विवरण प्रदान किया। नम्रता यादव, कीपर, राज्य संग्रहालय भोपाल ने सम्पूर्ण कार्यक्रम के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

# शहीद भवन में कथक अश्वमेध के महायज्ञ का समापन

## गुजरात की अनाहिता वानारे बनीं विजेता देशभर की युवा प्रतिभागियों ने दी नृत्याहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

शास्त्रीय नृत्य की परंपरा को जीवित रखते हुए कथक अश्वमेध का दूसरा संस्करण भोपाल के शहीद भवन सभागार में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक महायज्ञ था, जिसमें देशभर के युवा कलाकारों ने नृत्याहुतियां दीं। कुछ कलाकारों ने लय और गति से मंच को सजाया, तो कुछ ने भावनाओं की गहराई से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह आयोजन निर्झर कला संस्थान, नागपुर द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें देशभर से कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

### इनकी रही उपस्थिति



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिल्ली से आई अंतर्राष्ट्रीय कथक नृत्यांगना नीलाक्षी खंडकर सक्सेना, कथक के ठाठ सम्राट सुभाष चंद्र और तबला वादक और कथक के तालगुरु पंडित मनु राज पचौरी भी उपस्थित रहे।

### *ऐसे मंच पर प्रस्तुति देना, किसी भी प्रतिभागी के लिए गर्व की बात*

इस प्रतियोगिता में बड़ौदा, गुजरात की अनाहिता वानारे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मनस्वी भोजने और रायपुर के शिवांश कुर्म ने दूसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई। इस कार्यक्रम में रायगढ़ घराने की प्रतिष्ठित नृत्यांगना और गुरु अल्पना बाजपेई ने कहा जिस तरह प्राचीन काल में कलाकारों को राजा-महाराजा राजाश्रय प्रदान करते थे, वैसी ही गरिमामयी भूमिका आज निर्झर कला संस्थान निभा रहा है। ऐसे मंच पर प्रस्तुति देना, किसी भी प्रतिभागी के लिए गर्व की बात है।

---

# शंखनाद और उलुध्वनि से गुंजायमान हुआ बंगाली नववर्ष पोइला बोइशाख



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

भोपाल के बंगाली समुदाय के सांस्कृतिक प्रेमियों ने 1432वें बंगाली नववर्ष 'पोइला बोइशाख' को उत्साह और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया। इस अवसर पर कोलार रोड स्थित अरुणोदय हॉल में आयोजित कार्यक्रम एशो रे बोइशाख में संगीत, नृत्य, कविता और नाट्य प्रस्तुतियों की बहुरंगी छटा देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक शंखनाद और उलुध्वनि से हुई, जिससे पूरा वातावरण उत्सवधर्मी और मंगलमय हो गया। बंगाली संस्कृति में उलुध्वनि-महिलाओं द्वारा जीभ और गालों के कंपन से उत्पन्न तीव्र ध्वनि को शुभता का प्रतीक माना जाता है।

इसके साथ ही रवींद्रनाथ टैगोर की प्रसिद्ध कविताओं, एशो हे बोइशाख, आकाश भोरा शूर्जो तारा, आलो आमार आलो का समवेत पाठ हुआ।

> *एशो रे बोइशाख में रवींद्र संगीत, कविता, लोकगीत और नृत्य-नाटिका की रंगारंग प्रस्तुति का एतिहासिक मंचन*

---

## भोपाल तमिल संगम का भव्य नववर्ष उत्सव 2025 कल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की प्रमुख सांस्कृतिक संस्था भोपाल तमिल संगम आगामी रविवार, 20 अप्रैल को होटल वेस्टर्न, कोलार रोड, भोपाल में अत्याधिक प्रतीक्षित तमिल नववर्ष उत्सव 2025 का आयोजन करने जा रही है। यह आयोजन तमिल विरासत, परंपराओं और एकता की एक जीवंत झलक पेश करेगा, जिसमें परिवारों, गणमान्य व्यक्तियों और सांस्कृतिक प्रेमियों की भागीदारी पूरे क्षेत्र से देखने को मिलेगी।

तमिल नववर्ष, जिसे पुथांडु कहा जाता है, तमिल पंचांग का पहला दिन होता है और यह पर्व विश्वभर में तमिल समुदायों द्वारा अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। आयोजन के संबंध में भोपाल तमिल संगम के अध्यक्ष पी. राजू ने कहा कि कार्यक्रम में पारंपरिक संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों का समावेश होगा, जिनमें भरतनाट्यम, करगट्टम और कर्नाटिक संगीत शामिल हैं। इसके साथ ही सांस्कृतिक प्रदर्शनी, प्रामाणिक तमिल व्यंजनों की विविधता, समुदाय सहभागिता कार्यक्रम, सांस्कृतिक पुरस्कार वितरण और तमिलनाडु व मध्य प्रदेश के अधिकारियों की भागीदारी भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगी।

---

**सिंगर रेखा ने किया कैफे कोशिश का उद्घाटन**

# कैफे कोशिश-'एक जज्बे की चाय, उम्मीद की खुशबू' जो कैफे नहीं एक ख्वाब है



**भोपाल।** भोपाल की दिलकश झीलों और तहजीब से सराबोर शहर में, एक अनोखा कैफे अपनी खामोशियों में एक बुलंद आवाज बनकर उभरा है कैफे कोशिश। यह सिर्फ़ एक कैफे नहीं, बल्कि एक ख्वाब है जो आरुषी संस्था के विशेष बच्चों की मेहनत, आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान का प्रतीक है। इस कोशिश को नाम दिया है उस शायर ने, जिनकी हर बात दिल को छू जाती है-गुलजार साहब। उन्होंने इस कैफे को कोशिश का नाम देकर इसे एक कविता सी आत्मा दे दी। इस कैफे के उद्घाटन में जब मशहूर गायिका रेखा भारद्वाज मौजूद थीं, तो माहौल में जैसे एक सुर में दुआ गूंजने लगी। रेखा की मधुर आवाज और उनकी आत्मीय उपस्थिति ने इस पहल को एक नई ऊंचाई दी। कितना आसान जैसे गीत से, उन्होंने पहले ही एक विशेष दुनिया को आवाज दी थी, अब कोशिश के जरिए वे उस दुनिया के और करीब आ गई हैं।



### हर परोसा गया स्नैक कहता है एक कहानी

कैफे कोशिश में काम करने वाले बच्चे दिव्यांग हैं कोई श्रवणबाधित है, कोई दृष्टिबाधित, कोई मानसिक रूप से विशेष। लेकिन इनकी मेहनत, अनुशासन और मुस्कुराहटें आपके दिल को छू जाएंगी। ये बच्चे अब ग्राहक बनाकर नहीं, मेजबान बनकर सामने आते हैं। और हर कप चाय, हर परोसा गया स्नैक — एक कहानी कहता है, आत्मनिर्भरता की कहानी।

---

# कविता वही है जो व्यक्ति के मन-मस्तिष्क को छू ले...




## *दुष्यंत संग्रहालय में सुनीता केसवानी का काव्य संग्रह 'उड़ान' का लोकार्पण*

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

साहित्य सृजन अनुभूतियों से होता है। कविता वही है जो लोगों के मन को छू ले यह कहना है माधवराव सप्रे संग्रहालय के संस्थापक विजयदत्त श्रीधर का। जो शुक्रवार को दुष्यंत संग्रहालयम में सुनीता केसवानी के काव्य संग्रह 'उड़ान' के लोकार्पण अवसर पर अध्यक्ष के रुप में बोल रहे थे।

श्रीधर ने कहा कि सुनीता केसवानी की कविताओं के विषय दैनिक जीवन से उपजते हैं। आपकी कविताओं के शीर्षक पर दृष्टिपात करने से ही उनकी व्यापकता और विविधता का दिग्दर्शन हो जाता है। कविता वही है जो व्यक्ति के मन को छू ले।

### आकारहीन-रंगहीन चेतना में इंद्रधनुषीय रंग भरने का प्रयास

इस अवसर पर मुख्य अतिथि गोकुल सोनी ने कहा कि, आज के मशीनी युग में लोग बौद्धिक विकास के साथ भावनात्मक विकास की बात भूल गए हैं। साहित्य भावनात्मक विकास हेतु परम आवश्यक है। सारस्वत अतिथि सुरेश पटवा ने साहित्यिक रचनाधर्मिता को आकारहीन-रंगहीन चेतना में इंद्रधनुषीय रंग भरने का प्रयास बताया।

**UNIQUE COLLEGE**
Affiliated to Barkatullah University, Bhopal
30-32, New MLA Colony, Jawahar Chowk, Bhopal-03
www.uniquebhopal.com | uniquecollege1996@gmail.com
**RECRUITMENT**
Unique College invite applications from eligible candidates for recruitment under Barkatullah University's Statute 28 (College Code - 28) for the post of **Professor | Associate Professor | Assistant Professor** in the following subject:

| | |
|---|---|
| Commerce | -2 Posts |
| Management | -2 Posts |
| Computer Science | -2 Posts |
| Chemistry | -1 Post |
| Microbiology | -1 Post |
| Biotechnology | -2 Posts |
| Mathematics | -2 Posts |
| Physics | -1 Post |
| Hindi | -1 Post |

**Qualification, Experience, and Salary** as per UGC / state Govt. norms. The number of vacancies is subject to change. The college reserves the right to make necessary modifications without prior notice. Interested candidates may apply with their Curriculum Vitae (CV), testimonials, and a color passport-size photograph addressed to: **The Principal, Unique College, 30-32, New MLA Colony, Jawahar Chowk, Bhopal-462003** within 15 days via Speed Post or Email only.
- Principal

---

## एनएचडीसी का आंबेडकर जयंती पर नुक्कड़ नाटक का मंचन



**भोपाल।** संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर एनएचडीसी के सहयोग से नटराजन संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक सत्य निष्ठा जिंदाबाद का मंचन बोट क्लब पर किया गया। सबसे पहले लोगों को संविधान द्वारा प्राप्त उनके अधिकारों का वर्णन किया गया तत्पश्चात नुक्कड़ के अंतर्गत संविधान द्वारा भारतीय मौलिक कर्तव्यों का वर्णन कर एक ज्वलंत मुद्दे पर सोचने पर विवश किया गया। साथ ही कई प्रश्नों को भी इंगित किया। साथ ही पर्यावरण, भ्रष्टाचार, शिक्षा एवं घरेलू हिंसा जैसे विषयों को भी नाटक में बखूबी दिखाया गया।

---


**ताज लेकफ्रंट के हाउस ऑफ मिंग ने किया नया मेन्यू लॉन्च**

# सिचुआन, कैंटोनीज और हुनान व्यंजनों का लुत्फ उठाएंगे शहरवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

शहरवासियों को रियल चायनीज व्यंजन का लुत्फ दिलाने के लिए ताज लेकफ्रंट के प्रतिष्ठित पैन-एशियन रेस्टोरेंट हाउस ऑफ मिंग ने शुक्रवार को अपना नया मेन्यू लॉन्च किया। हाउस ऑफ मिंग में अब सिचुआन, कैंटोनीज और हुनान व्यंजनों के ऑथेंटिक और बोल्ड फ्लेवर्स को नए अंदाज में पेश किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में ताज लेकफ्रंट भोपाल के जनरल मैनेजर, विशाल शर्मा ने दी। साथ ही मौजूद एग्जीक्यूटिव शेफ अनुप गुप्ता ने बताया कि हमने इस खास मेन्यू को ग्लोबल ट्रेंड्स को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है।





### स्टफ्ड मशरूम पेपर सेलेरी, मापो टोफू किए शामिल

विशाल ने बताया कि हाउस ऑफ मिंग उन गिने-चुने सिग्नेचर रेस्टोरेंट्स में से है, जिसमें चीन के इन तीन बेहतरीन फूड स्टाइल्स स्वाद चखे जा सकेंगे। जैसे-स्टफ्ड मशरूम पेपर सेलेरी, मापो टोफू, सिचुआन एगप्लांट और ग्लूटिनस राइस।

### एलीमेंट्स और वाइल्ड राइस पुडिंग जैसी डिजर्ट्स का लेंगे एक्सपीरियंस

वहीं शेफ ने बताया कि मेन कोर्स में क्रिस्टल चिकन जैसे ऑप्शन बहुत बारीकी से तैयार किए गए हैं। सीफूड प्रेमियों के लिए स्कैलप्स, क्रैब्स, प्रॉन्स और लॉबस्टर का भी जबरदस्त कलेक्शन है। वहीं मीठे के शौकीनों के लिए एलीमेंट्स और वाइल्ड राइस पुडिंग जैसी डिजर्ट्स एक्सपीरियंस अनुभव को खास बनाता है। हर डिश भोपाल के फूड लवर्स की पसंद को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है। इस लॉन्च के चलते हाउस ऑफ मिंग कुछ खास डाइनिंग एक्सपीरियंस भी पेश किया जा रहा है-जिसमें थीम्ड डेकोर, लाइव कुकिंग स्टेशन और अम्यूज-बूश टेस्टिंग शामिल हैं, जो इस मौके को और भी यादगार बनाएंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि शौकीनों के लिए यह अनुभव यादगार होगा।

### *सीफूड प्रेमियों के लिए स्कैलप्स, क्रैब्स, प्रॉन्स और लॉबस्टर की वेरायटी*

**ANAND INSTITUTE OF MANAGEMENT**
Approved by AICTE, New Delhi & Affiliated to Barkatullah University, Bhopal
www.aim-bhopal.org | aimbhopal15@gmail.com | 9111888339
Anand Institute of Management invite applications from eligible candidates for faculty recruitment for MBA/BBA courses under Barkatullah University's Statute 28 (College Code – 28) for the following positions:
**Professor-1 | Associate Professor-6 | Assistant Professor-5**
Qualification, Experience, and Salary as per norms. The number of vacancies is subject to change. The Institute reserves the right to make necessary modifications without prior notice. Interested candidates may apply with their CV, testimonials and a colour passport-size photograph addressed to: **The Director, Anand Institute of Management, Neelbad, Barkheda Nathu Road, Bhopal – 462044** within 15 days via Speed Post or Email only.
Director

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930